YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-296 | मंगलवार, 26 नवम्बर 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



मुझे विश्वास है कि सत्र के दौरान सभी माननीय सदस्यों के सकारात्मक संवाद और सहयोग के माध्यम से जनहित के विषय प्रतिबिंबित होंगे। इससे न केवल सदन की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी हमारे योगदान का मार्ग प्रशस्त होगा। ओम बिरला

दुष्कर्म के दोषी को फांसी होनी चाहिए: शिवराज 11

दीपम सेठ उत्तराखंड के नए पुलिस महानिदेशक नियुक्त 12

# संभल हिंसा: तमंचे की फायरिंग से हुईं मौतें

एजेंसी

- बवाल में मारे गए युवकों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा
- संभल में सपा सांसद एवं विधायक पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



संभल। संभल में बवाल के दौरान पुलिस ने गोली नहीं चलाई। उपद्रवियों द्वारा पुलिस पर की गई फायरिंग में ही जान गई हैं। दो लोगों के शरीर में गोली लगने के निशान मिले हैं। गोली उनके शरीर से पार निकल गई। वहीं तीसरे मृतक के शरीर में 315 बोर की गोली मिली है। यह कहना है संभल के एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई का। एसपी ने बताया कि पुलिस ने उपद्रवियों को काबू करने के लिए पहले आंसू गैस के गोले छोड़े और जब भीड़ नियंत्रित नहीं हुई तो रबर बुलेट चलाई गईं। वहीं उपद्रवियों ने पुलिस पर फायरिंग की।

उपद्रवियों की फायरिंग में ही तीन लोगों की मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से इसका खुलासा हुआ है। दो अन्य की मौत का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। एसपी ने बताया कि जहां-जहां उपद्रवियों ने बवाल किया है वहां की सीसीटीवी फुटेज चेक कराई जा रही है। 25 से अधिक को गिरफ्तार किया गया है। इसमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। अन्य को चिह्नित किया जा रहा है। कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह ने कहा कि संभल में स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है और शहर में शांति स्थापित है। जहां हिंसा हुई थी वहां कुछ दुकानें बंद हैं, लेकिन बाकी इलाकों में सामान्य स्थिति है और कोई तनाव नहीं है। सभी जगहों पर पुलिस तैनात है। कमिश्नर ने बताया कि हिंसा के दौरान कुछ युवाओं ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की, लेकिन इस मामले में पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि हिंसा के दौरान कुछ लोगों ने मस्जिद ● शेष पेज 11 पर

# भारत डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर

## भारत ने पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को 295 रनों से हराया

एजेंसी



पर्थ। यशस्वी जयसवाल और विराट कोहली की शतकीय पारियों और जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया पर 295 रनों जीत दर्ज कर आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। जसप्रीत बुमराह को उनके शानदार खेल के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। भारत ने चार मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

यह ऐतिहासिक टेस्ट जीत देश के क्रिकेट इतिहास की सबसे उल्लेखनीय जीतों में से एक है। एशिया के बाहर भारत की यह दूसरी सबसे बड़ी जीत है। उसने वेस्टइंडीज को 2019 में नॉर्थ साउंड में 318 रनों से हराया था। भारत को दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में अब तक की सबसे बड़ी जीत मिली है। पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया को पहली बार किसी टीम ने हराया है। पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को हराकर भारत 61.11 अंक प्रतिशत के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। वहीं ऑस्ट्रेलिया 13 मैचों में चौथी शिकस्त के साथ दूसरे पायदान पर खिसक गया। उनका अंक प्रतिशत 57.69 का हो गया। भारत को फाइनल में पहुंचने के लिए अब तीन मैचों में जीत दर्ज करनी है। 55.56 प्रतिशत अंक के साथ श्रीलंका तीसरे पायदान पर है। न्यूजीलैंड की टीम 54.55 प्रतिशत अंक के साथ चौथे स्थान पर विराजमान है। पांचवें स्थान पर दक्षिण अफ्रीका की टीम है। अफ्रीका का जीत प्रतिशत 54.17 है। इंग्लैंड की टीम 40.79 प्रतिशत जीत के साथ छठे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया ने आज सुबह कल के 12 रन पर तीन विकेट से आगे खेलना शुरु किया।

विस्तृत खबर पेज 10 पर

## संक्षेप

### संभल मामले में उप्र सरकार का रवैया दुर्भाग्यपूर्ण: राहुल

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के संभल की घटना में मारे गए लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि इस मामले में उत्तर प्रदेश सरकार का रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण रहा है। श्री गांधी ने यहां जारी एक बयान में आज कहा, संभल, उत्तर प्रदेश में हालिया विवाद पर राज्य सरकार का पक्षपात और जल्दबाज़ी भरा रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हिंसा और गोलीबारी में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। प्रशासन द्वारा बिना सभी पक्षों को सुने और असंवेदनशीलता से की गई कार्रवाई ने माहौल और बिगाड़ दिया और कई लोगों की मृत्यु का कारण बना – जिसकी सीधी ज़िम्मेदार भाजपा सरकार है। उन्होने कहा, भाजपा का सत्ता का उपयोग हिंदू–मुसलमान समाजों के बीच दरार और भेदभाव पैदा करने के लिए करना न प्रदेश के हित में है, न देश के। मैं उच्चतम न्यायालय से इस मामले में जल्द से जल्द हस्तक्षेप कर न्याय करने का अनुरोध करता हूं। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा, मेरी अपील है कि शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखें। हम सबको एक साथ जुड़ कर यह सुनिश्चित करना है कि भारत सांप्रदायिकता और नफ़रत नहीं, एकता और संविधान के रास्ते पर आगे बढ़े।

### हिन्दू एकता अभियान करेगा नयी चेतना को जागृत: धीरेन्द्र शास्त्री

**महोबा।** हिन्दुओं की एकता के लिए बागेश्वर धाम से ओरछा की पदयात्रा पर निकले धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने आज कहा की भारत में हिन्दुओ को जाति के आधार पर बांटने वालों की कुत्सित मानसिकता के खिलाफ साधू संतो का अभियान देश में परिवर्तन की नई चेतना का जागरण करेगा। उन्होने कहा कि यह अभियान एक सौ पचास करोड़ लोगो को एक सूत्र में बाँधने की कवायद के साथ इस देश को आपस में जोड़ने का मंत्र भी है। सोमवार को उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के अशोक नगर में प्रवेश पर हजारों लोगो की भीड़ के साथ यात्रा पर पहुंचे धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि उनकी सनातानी हिन्दू यात्रा को लेकर तरह – तरह की बाते लोगो द्वारा भले की जा रही है लेकिन यह सही नहीं है। यह यात्रा तमाम जातियों में बंटे हिंदू को एक मंच पर लाने की कवायद है,जिन्हे विभाजित करके कतिपय लोगो द्वारा लाभ लिया जा रहा है। उन्होने कहा कि कुछ राजनैतिक दल इस दिशा में बीते कई सालो से अपनी योजना को अंजाम दे रहे है. लेकिन उन्हें सफलता नही मिल रही है जिससे वह बैचेन है। धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि बागेश्वर धाम से 21 नवम्बर को शुरू होकर 29 नवम्बर को सम्पन्न होने वाली सनातानी हिन्दू यात्रा एक प्रयोग है। जल्द ही पूरे देश में साधू संतो द्वारा इस प्रकार की अन्य कई यात्राएं निकाल कर हिन्दू को एकजुट करने का कार्य किया जाएगा। देश में सनातन बोर्ड की स्थापना की लड़ाई का क्रम जारी रहेगा। पचास हज़ार से ऊपर भीड़ के साथ चल रहे धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने पर महोबा जिले के अशोक नगर में भारी संख्या में समर्थको ने जोरदार तरीके से स्वागत किया।

# संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द रहेगा

एजेंसी

- समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों को शामिल किये जाने को चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने आपातकाल के दौरान भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों को शामिल किये जाने को चुनौती देने वाली याचिकाएं सोमवार को खारिज कर दीं।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि संबंधित रिट याचिकाओं पर आगे विचार-विमर्श और निर्णय की आवश्यकता नहीं है। पीठ ने कहा, हमने स्पष्ट किया है कि इतने वर्षों के बाद प्रक्रिया को इस तरह से निरस्त नहीं किया जा सकता।ङ्क पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि 'समाजवाद' और 'धर्मनिरपेक्षता' क्या है और इसे कैसे लागू किया जाता है, यह सरकार की नीति पर निर्भर करेगा।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुब्रमण्यम स्वामी और अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने याचिकाएँ दायर की थीं। शीर्ष अदालत ने 22 नवंबर को कहा था कि संविधान में 1976 में किए गए संशोधन में प्रस्तावना में 'समाजवादी', 'धर्मनिरपेक्ष' और 'अखंडता' शब्दों को शामिल किया गया था, जिसकी न्यायिक समीक्षा की गई थी और वह यह नहीं कह सकता कि आपातकाल के दौरान संसद ने जो कुछ भी किया, वह सब निरर्थक था।

पीठ ने पहले भी कहा था कि ऐसे कई फैसले हैं, जिनमें शीर्ष अदालत ने कहा है कि धर्मनिरपेक्षता मूल ढांचे का हिस्सा है और वास्तव में इसे मूल ढांचे के रूप में अपरिवर्तनीय हिस्से का दर्जा दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि भारत में आपातकाल की घोषणा दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को की थी, जो 21 मार्च 1977 तक लागू रही। केंद्र की इंदिरा गांधी सरकार द्वारा 1976 में किए गए 42वें संविधान संशोधन के तहत संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी', 'धर्मनिरपेक्ष' और 'अखंडता' शब्द शामिल किए गए थे। संशोधन ने प्रस्तावना में भारत के वर्णन को 'संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य' से बदलकर 'संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य' कर दिया।

### विद्यार्थियों की शारीरिक उपस्थित के साथ कक्षाएं शुरू करने पर विचार करें वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग: सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के स्कूलों को प्रदूषण के कारण बंद करने के फैसले की समीक्षा कर नियमों में ढील देने पर विचार करने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने यह आदेश पारित किया। पीठ ने प्रदूषण के मामले में सुनवाई करते हुए आयोग से कहा कि उसे अपने पिछले फैसले की समीक्षा करनी चाहिए, क्योंकि कई छात्र मध्याह्न भोजन की सुविधा से वंचित होने के साथ ही कई जरूरी सुविधाओं के अभाव में पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। उनके घरों में हवा साफ करने वाला कोई यंत्र नहीं है। पीठ ने कहा कि आयोग को 10 से 12 कक्षाओं के विद्यार्थियों के मामले में विशेष तौर पर विचार करना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि आयोग को अपने फैसले की समीक्षा आज-कल में करनी चाहिए। पीठ ने हालांकि स्पष्ट किया कि वायु गुणवत्ता में सुधार नहीं होने पर ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन के तहत उपायों के स्तर को कम नहीं किया जा सकता।

### बेअंत हत्याकांड में राजोआना की दया याचिका पर चार सप्ताह में फैसला करे केंद्र : उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 1995 में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या मामले में मौत की सजा पाए 28 वर्षों से जेल में बंद प्रतिबंधित बब्बर खालसा के सदस्य 57 वर्षीय बलवंत सिंह राजोआना की दया याचिका पर फैसला करने के लिए केंद्र सरकार को सोमवार को चार सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र सरकार के अनुरोध पर यह आदेश पारित किया। पीठ के समक्ष केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि इस मामले में कुछ संवेदनशीलता शामिल है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने भी कहा कि मामले में कुछ और जानकारी लेने की जरूरत है, इसलिए केंद्र सरकार द्वारा अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। शीर्ष अदालत ने 18 नवंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सचिव को निर्देश दिया था कि वह राजोआना की दया याचिका पर दो सप्ताह में फैसला करने के अनुरोध के साथ उनके (राष्ट्रपति) समक्ष रखें। हालांकि, उसी दिन बाद में सॉलिसिटर जनरल के अनुरोध पर अदालत ने अपने उस ● शेष पेज 11 पर

# निवेश को बढ़ावा देने वाले डीएम और कमिश्नर्स के प्रयास एसीआर में होंगे दर्ज

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



- उत्तर प्रदेश में जनपदवार सीडी रेशियो का शासनादेश जारी
- डीएम और कमिश्नर्स की वार्षिक कार्य मूल्यांकन रिपोर्ट में निवेश आकर्षण और सीडी रेशियो वृद्धि को किया जाएगा शामिल
- निवेशकों की सुरक्षा, सुविधाएं और सहूलियतों को ध्यान में रखते हुए किये गये प्रयासों का भी होगा मूल्यांकन, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मिलेगा बढ़ावा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने और आर्थिक गतिविधियों को सशक्त करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। अब राज्य में जिलाधिकारियों और मंडलायुक्तों की वार्षिक कार्य मूल्यांकन रिपोर्ट (इएट) में निवेश आकर्षण और सीडी रेशियो (क्रेडिट-डिपॉजिट) वृद्धि को भी शामिल किया जाएगा। इस पहल के साथ उत्तर प्रदेश ऐसा कदम उठाने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। यह कदम आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने और प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश राज्य ने एक बार फिर साबित किया है कि वह शासन में अभिनव नीतियों को लागू करने में अग्रणी है। आज, वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए 01 अप्रैल 2024 तक के जनपदवार सीडी रेशियो (क्रेडिट-डिपॉजिट) को सभी 75 जनपदों के जिलाधिकारी एवं मंडलायुक्तों को शासनादेश के माध्यम से जारी किया गया। यह आंकड़े राज्य स्तरीय बैंकर समिति द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं। जिलाधिकारी एवं मंडलायुक्तों के प्रदर्शन का आकलन उनके जिलों में क्रेडिट-डिपॉजिट ● शेष पेज 11 पर

## मिल्कीपुर उपचुनाव का रास्ता साफ, याचिका हुई वापस

लखनऊ। यूपी में अयोध्या के मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव में बाधक बनी चुनाव याचिका वापस लेने की अर्जी को उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने मंजूरी दे दी है। 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में अयोध्या के मिल्कीपुर सीट से सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने भाजपा के गोरखनाथ को 13 हजार वोटों से हराया था। भाजपा प्रत्याशी ने सपा प्रत्याशी के चुनाव नामांकन पत्र में खामियों को आधार बनाकर उनके निर्वाचन को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। याचिका लंबित होने से चुनाव आयोग ने उपचुनावों की घोषणा में मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव की घोषणा नहीं की थी। मिल्कीपुर में उपचुनाव की घोषणा न होने पर भाजपा प्रत्याशी ने उच्च न्यायालय में अपनी याचिका की वापसी की अर्जी दी थी। अदालत ने 17 अक्तूबर 2024 को पिछली सुनवाई के दौरान याची को मामले से संबंधित गैजेट ● शेष पेज 11 पर

# पार्टनरशिप पर निजी हाथों में दी जाएंगी यूपी की बिजली कंपनियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- कंपनियों के घाटे के हवाले से पावर कारपोरेशन प्रबंधन तैयार कर रहा कार्ययोजना
- 46130 करोड़ इस साल राज्य सरकार से सहयोग लेंगी कंपनियां
- 50:50 पार्टनरशिप पर निजी क्षेत्र में देने की तैयारी



लखनऊ। लगातार घाटे में चल रहीं प्रदेश की बिजली वितरण कंपनियों को एक बार फिर से निजी हाथों मेंदिए जानेकी तैयारी उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन प्रबंधन कर रहा है। सोमवार को बिजली कंपनियों की वित्तीय स्थिति पर हुई समीक्षा बैठक में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के चेयरमैन और सभी बिजली वितरण कंपनियों के प्रबंध निदेशक एक राय से इस मत पर सहमत हुए कि ऐसे क्षेत्र जहां पर घाटा अधिक है, वहां सहभागिता के आधार पर निजी क्षेत्र को जोड़कर सुधार किया जाए। कर्मचारियों को भी पार्टनरशिप मेंहिस्सेदारी अधिकारियों ने कहा कि कर्मचारी सहयोग करेंतो उन्हे भी पार्टनरशिप में हिस्सेदारी दी जाए। इस व्यवस्था में चेयरमैन सरकार का प्रतिनिधि होगा और प्रबंध निदेशक निजी क्षेत्र का व्यक्ति होगा। 50-50 पार्टनरशिप में निजी क्षेत्र को जोड़ने की बात कही गई। उपभोक्ता, किसानों तथा कर्मचारियों के हितों को सुरक्षित रखते हुए इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए। कहा गया कि अधिकारियों और ● शेष पेज 11 पर

# विकसित राष्ट्र के लिये करना होगा युवाओं की भावनाओं का सम्मान : योगी

एजेंसी



वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि युवा शक्ति की उपेक्षा कर कोई देश कभी आगे नहीं बढ़ सकता।

उदय प्रताप कॉलेज के 115वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि हमें युवा शक्ति की भावनाओं को सम्मान और उचित अवसर देना होगा। जिस देश की युवाशक्ति कुंठित, अपराधबोध से ग्रसित और दिग्भ्रमित हो, वह देश कभी आगे नहीं बढ़ सकता। जब भी परिवर्तन हुआ या होगा, युवा शक्ति ही करेगी। युवा शक्ति को केंद्र बिंदु के रूप में रखकर संस्थानों को खुद को तैयार करना होगा। उन्होने युवावस्था में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, भगवान बुद्ध, आदि शंकराचार्य, श्रीकृष्ण, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज, गुरु गोविंद सिंह, उनके चार-चार साहिबजादों , स्वामी विवेकानंद, वीर सावरकर, राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, चंद्रशेखर आजाद, अशफाक उल्ला खां, राजेंद्र प्रसाद लाहिड़ी के कृतित्व व व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए कहा कि युवाओं की लंबी फौज ने जब भी अंगड़ाई ली है, भारत ने नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। योगी ने कहा कि यूपी कॉलेज शिक्षा जगत का सितारा है। कॉलेज ने एक सदी में शिक्षा और जीवन के सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में जो कार्य किए, उसके लिये प्रदेश और देश विनम्र भाव से कृतज्ञता ज्ञापित करता है। राजर्षि उदय प्रताप सिंह जूदेव ने 1909 में बाबा विश्वनाथ की पावन स्थली पर जो नींव रखी थी, वह उनके विराट व्यक्तित्व को प्रदर्शित करता है। उनके मन में यह भाव रहा होगा कि राष्ट्रीयता से ओतप्रोत भावी भारत के निर्माण के लिए ऐसा शिक्षण-प्रशिक्षण संस्था देना है, जो आजादी के आंदोलन को गति और आवश्यकता पड़ने पर प्रत्येक क्षेत्र में देश को योग्य नागरिक भी दे सके। यहां से शिक्षित-प्रशिक्षित स्नातक, परास्नातक, खिलाड़ी, कृषि, डेयरी समेत प्रत्येक क्षेत्र में मिलते हैं। उन्होने ● शेष पेज 11 पर

### पौराणिक कथाओं से राष्ट्रीय एकता व राष्ट्रधर्म को मजबूती

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पावन कथाओं ने साबित किया है कि देश धर्म की बात को सुन रहा है और भगवान वेदव्यास का सम्मान कर रहा है। व्यास पीठ सुनाने को तैयार है तो भक्त सुनने को भी तैयार हैं। इन पावन कथाओं के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को संबल व राष्ट्रधर्म को मजबूती मिलती है। श्री योगी ने कहा ल्ल हमारा ध्येय अपने ईष्ट, देवी-देवताओं, समाज के प्रति होना ही चाहिए, लेकिन हम सबका लक्ष्य होना चाहिए कि राष्ट्र की एकता व अखंडता को कोई चुनौती न देने पाए, क्योंकि उसी में देश, धर्म, समाज, कथाओं की पावन परंपरा बची हुई है। मुख्यमंत्री सोमवार को वाराणसी के सतुआ बाबा गोशाला डोमरी में चल रहे श्रीशिव महापुराण कथा में शामिल हुए। इस कथा के व्यासपीठ पर पंडित प्रदीप मिश्र भक्तों को कथा का श्रवण करा रहे हैं। श्री योगी ने पंडित मिश्र से कहा कि यह यात्रा सनातन धर्म व भारत के लिए इसी वृहद रूप में बढ़ती रहे। समूचे उत्तर प्रदेश की शुभकामना आपके साथ है। गोरक्षपीठाधीश्वर ने कहा कि प्रयागराज की पावन धरती पर 13 जनवरी से 26 फरवरी (पौष पूर्णिमा से महाशिवरात्रि) तक दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक व सामाजिक समागम 'महाकुंभ-2025' का आयोजन होने जा रहा है। इससे ठीक पहले काशी की धरती पर इस पावन कथा के माध्यम से इस कुंभ का दर्शन हो रहा है। यहां हर कोई अनुशासन व श्रद्धाभाव के साथ पावन कथा का श्रवण कर रहा है। मैं भगवान शिव का भक्त, सनातन धर्मावलंबी होने के कारण सबका अभिनंदन करता हूं। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश में पावन कथा का यह दृश्य देखकर अभिभूत हूं। गत माह पं. प्रदीप मिश्र जी की कथा हापुड़ में होने वाली थी, लेकिन प्रशासन ने अचानक आयोजन को निरस्त कर दिया। शाम को जानकारी मिलने पर मैंने पूछा कि ऐसा क्यों किया गया, बताया गया कि भीड़ ज्यादा हो सकती है। मैंने कहा कि उनकी कथा की चर्चा ही इस बात के लिए होती है कि वहां हजारों में नहीं, बल्कि लाखों में गिनती होती है और वे सभी श्रद्धालु-परमभक्त होते हैं। परमभक्त की सबसे बड़ी पहचान होती है कि वह अनुशासित होता है। जिसका आत्मानुशासन है, उसका भौतिक द्रव्यों पर भी अनुशासन होता है। मैंने कहा कि कथा ● शेष पेज 11 पर

## सहकारिता भारत के लिए संस्कृति का आधार और जीवन शैली : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत में सहकारिता ने विचार से आंदोलन, आंदोलन से क्रांति और क्रांति से सशक्तिकरण तक का सफर किया है और यह भारत के लिए संस्कृति का आधार और जीवन शैली है। श्री मोदी ने सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) के वैश्विक सहकारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार सहकार से समृद्धि के मंत्र पर चल रही है। उन्होंने कहा हम सरकार और सहकार की शक्ति को एक साथ जोड़कर भारत को विकसित बनाने में जुटे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत भविष्य के विकास में सहकारिता की बहुत बड़ी भूमिका देखते हुए सहकारी समिति को बहुद्देशीय बनाने की दिशा में बढ रहा है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर सरकार ने अलग से सहकारिता मंत्रालय बनाया है। उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र में महिलाओं की बड़ी भूमिका है। देश में अभी महिलाओं के नेतृत्व में विकास का दौर है और हम इस पर बहुत ध्यान दे रहे है। उन्होंने कहा कि भारत का मानना ● शेष पेज 11 पर

# सांसद सम्भल में नहीं थे एफआईआर में है नाम : अखिलेश यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सम्भल में हुईं पथराव की घटना के वक्त हमारे समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर रहमान सम्भल में मौजूद नहीं थे। उसके बावजूद सांसद का नाम एफआईआर में दर्ज कर दिया गया।

अखिलेश यादव ने कहा कि 23 नवम्बर को पुलिस और प्रशासन के लोग सर्वे के लिए जामा मस्जिद पहुंचे, उन्होंने कहा अगली सुबह 24 नवम्बर को दूसरा सर्वे किया जाएगा।

इसका विरोध करते हुए लोगों ने पथराव किया और जवाबी फायरिंग में पुलिस प्रशासन ने फायर झोंक दिया। गोलियां चलायीं गयी, पांच लोगों की मौत हो गई। सम्भल का माहौल खराब करने के लिए पुलिस और प्रशासन के लोगों के साथ याचिका दायर करने वाले लोग भी जिम्मेदार हैं। अखिलेश ने कहा कि घटना में लिप्त पुलिसकर्मियों को चिन्हित कर उन्हें निलम्बित किया जाये। उनके विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया जाये। भविष्य में इस तरह की घटना ना हो।

कोई भी संविधान के विरुद्ध ऐसी गैरकानूनी घटना को अंजाम नहीं दे, इसके लिए उचित कार्यवाही की मांग करते है।

# वायनाड से कांग्रेस से प्रियंका गांधी वाड्रा की जीत पर कांग्रेसियों ने दी बधाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराग। जिला कांग्रेस कमेटी प्रयागराज के जिलाध्यक्ष अरुण तिवारी ने कहा कि यह जीत संसद परिसर में गरीबों मजलूमों किसने नौजवानों छात्रों के हक की आवाज बनने जा रही हैं जिसे पूरे भारतवर्ष का एक नया राजनीतिक सामाजिक आर्थिक मजबूती प्रदान करेगा। प्रियंका गांधी जी के इस राजनीतिक दौर में वायनाड की जनता ने मोहब्बत की दुकान खोल दी है, इस जीत पर पीसीसी सदस्य जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष डॉ दिनेश कुमार सोनी ने कहा कि प्रियंका गांधी जी का राजनीतिक में संसद भवन के इस जीत पर केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं समूचे के पूरे भारत वर्ष में प्रधानमंत्री रहीं इंदिरा गांधी जैसे नेता का एक पर्याय बने जा रही हैं। आगामी चुनाव में श्रीमती प्रियंका गांधी जी के जीत का परिणाम दोहराएगा। जिला उपाध्यक्ष रंगराज सिंह ने कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा जी जब से राजनीति में कदम रखा उसी दिन से कांग्रेस पार्टी व संगठन के लोगों का मनोबल बढ़ा है प्रियंका गांधी चाहे उन्नाव की घटनाएं हो चाहे हाथरस जैसे तमाम बड़े से बड़े मुद्दों पर जनता की आवाज बनकर उभरीं हैं। प्रियंका गांधी जी इस युग की मा दुर्गा शक्ति के रूप में लोगों के प्रति तटस्थ हैं समय आने पर वो कांग्रेस पार्टी की एक बड़ी मिसाल बनेंगी। बधाई देने वालों में जिला महासचिव नागेश पाण्डेय ने कहा कि वायनाड की जनता राहुल गांधी जी को संसद के रूप में बनाया था जबकि रायबरेली और वायानाड दोनों जगह पर राहुल गांधी जी सांसद प्रतिदिन चुने गए थे। नियमानुसार एक सीट पर केवल एक ही व्यक्ति रह सकता है इस नियम हेतु श्री राहुल गांधी जी ने वायनाड को छोड़ और रायबरेली का दामन थामा। पर राहुल गांधी जी की बहन श्रीमती प्रियंका गांधी जी ने वायानाड में मोहब्बत को दुकान खोल करके संसद भवन में नया इतिहास कायम किया है। वहीं एक तरफ झारखंड में हुए चुनाव में इंडिया गठबंधन के बंपर जीत की बधाई देते हुए आपस में लोग खुशी जाहिर व्यक्त किए वहीं महाराष्ट्र में हुए हरियाणा के चुनाव की तरह बंपर कूटनीतिक और चुनावी परिणाम का नतीजा भाजपा सरकार के नाकामी जीत बता रहा है की सीधे सीधे लोकतंत्र की हत्या हैं।जनता अपना हक अपने स्वयं से चुनती है मगर इलेक्ट्रॉनिक मशीन उनके हक को गिरा कर उनके हक़ को गिरा कर मायूस कर देती है। इस चुनाव से हमें आगे की सजग अवस्था बनाए रखने का प्रयास रखना होगा। इस हेतु सभी ने इस चुनाव में जीत की खुशी की बधाई दिया। बधाई देने वालों में सर्वश्री पूर्व जिला उपाध्यक्ष शिव विजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष रंगराज सिंह जी, जिला कांग्रेस कमेटी के जिला सचिव डॉक्टर शीतला प्रसाद पांडेय, जिला उपाध्यक्ष राम सभी लाल मिश्रा, डॉ. दिनेश कुमार सोनी,राजनीश विश्राम दास,विनय कृष्ण पांडेय एडवोकेट, त्रिपुरारीकान्त मिश्रा, नागेश पांडेय, आशीष मिश्रा, प्रकाश चन्द्र पाण्डेय,राजकुमार पटेल दरोगा, अयोध्या प्रसाद द्विवेदी अमीन, लालचंद्र यादव एडवोकेट, सरोज मिश्रा राजेश तिवारी,अमरनाथ यादव आदि लोगों ने बधाई दी।

# बच्चों ने निकाली यातायात जागरूकता रैली



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव प्रयागराज। सोमवार को यातायात जागरूकता दिवस के अवसर पर विश्वनाथ प्रसाद जूनियर हाई स्कूल बैदवार कला कोराव के बच्चों और अध्यापकों ने मिलकर यातायात जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया एवं तहसील परिसर के आसपास एवं पूरे ग्राम बैंदवार कला में यातायात जागरूकता रैली निकाली।

बच्चों ने हाथ में दफ्तियों पर जागरूकता स्लोगन लेकर पदयात्रा की। उक्त कार्यक्रम में कोरांव थाना प्रभारी निरीक्षक नितेंद्र कुमार शुक्ला के निर्देशन में उप निरीक्षक दीपक राजपूत एवं उप निरीक्षक शिव शंकर यादव, कांस्टेबल योगेंद्र यादव एवं कांस्टेबल काजल उपस्थित हुई।। उपरोक्त वक्ताओं ने गोष्ठी के माध्यम से बच्चों को यातायात जागरूकता के संदर्भ में आवश्यक चीजें, सावधानियां बताई।उक्त कार्यक्रम में गीता ज्ञान अकैडमी कोराव के व्यवस्थापक विजय शंकर मिश्र, विश्वनाथ प्रसाद जूनियर हाई स्कूल के संरक्षक कृष्ण प्रसाद मिश्र, प्रधानाचार्य सूर्य प्रकाश यादव एवं समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आजाद और लक्ष्मीबाई दल बने संयुक्त विजेता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



करछना प्रयागराज। क्षेत्र के रामपुर स्थित श्री बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बराबर अंक पाकर आजाद दल और लक्ष्मीबाई विजेता रहे। इस दौरान सरदार पटेल दल,आजाद दल,भगत सिंह और रानी लक्ष्मीबाई दल के बीच लगभग डेढ़ घंटे तक चली प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विभिन्न विषयों से 60 प्रश्न पूछे गए। सात-सात अंक पाकर आजाद और लक्ष्मीबाई दल संयुक्त विजेता बने।भगत सिंह दल को चार और सरदार पटेल दल को छह अंक प्राप्त हुए। प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने कहा कि प्रबंधक जी के दिशा निर्देश पर सभी बच्चों के बीच चार ग्रुप बनाकर इस तरह क्विज सामान्य ज्ञान, रंगोली ,भाषण, लोकगायन आदि प्रतियोगिताएं अनवरत आयोजित की जाती रहेंगी। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों के बीच उनकी मेधा के परीक्षण के साथ-साथ विभिन्न विषयों में जानकारी बढ़ाने की अभिरुचि बढ़ेगी और आगे की कक्षाओं के लिए अच्छा अभ्यास भी होगा। शिक्षक हरिशंकर तिवारी स्कोरर के रूप में मौजूद रहे।वहीं प्रवक्ता जितेंद्र कुमार और मोहम्मद परवेज सिद्दीकी ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन किया।

इस मौके पर प्रवक्ता प्रदीप कुमार,जगतपाल,विजय सिंह,सुधा सिंह समेत शिक्षक,कर्मचारी और बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

## नगर निगम ज़ोन 2 में लगेगा 4 दिवसीय विशेष कैम्प

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम ज़ोन 2 में नगर आयुक्त डॉ इंद्रजीत सिंह के निर्देश पर 4 दिवसीय विशेष कैम्प का आयोजन किया जायेगा। यहाँ वार्ड नेता सुभाष चंद्र बोस याहिया गंज में 27 नवम्बर 2024 से 30 नवम्बर 2024 तक जनमानस की सुविधा एवं वसूली में बढ़ोतरी के दृष्टिगत इस विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैम्प 27 नवम्बर को लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा के कार्यालय पर आयोजन किया जाएगा। 28 नवम्बर को आग़ा मीर ड्योढ़ी पुलिस चौकी के निकट तथा 29 नवम्बर को भीम नगर प्राथमिक विद्यालय पर तथा 30 नवम्बर को भी पुनः पुलिस चौकी के निकट भीम नगर प्राथमिक विद्यालय पर कैम्प का आयोजन किया जाएगा

## टीबी एक संक्रामक बीमारी है जो बैक्टीरिया से होती है



**करछना प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** टीबी रोग से प्रभावित व्यक्ति गलत दवा लेते हैं तथा इलाज के दौरान उनकी दवा लेना बंद कर देते हैं तो उनमें दवा प्रतिरोधी टीवी बिगड़ती हुई टीवी विकसित हो जाती है फिर इन पर टीवी की मुख्य दावों में से एक या कई दवाओं का असर नहीं होता दवा प्रतिरोधी टीवी एक संक्रमित व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है इस प्रकार की टीवी का इलाज करना अधिक कठिन होता है और इलाज की अवधि लंबी हो जाती है इस बीमारी से दूसरे व्यक्तियों में हवा के माध्यम से खून नजदीक से बात करने से फैल सकती है टीवी आमतौर पर फ़ेफड़ों पर प्रभाव पड़ता है लेकिन इससे शरीर के अन्य सभी हिस्सों बलों और नाखूनों को छोड़कर भी प्रभाव हो सकता है विकास खंड करछना के सभागार में सोमवार को आयोजित क्षय रोग पर स्वास्थ्य संबंधित कार्यशाला टीबी? रोगियों को बचाव के लिए विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया था इस मौके पर एडीओ पंचायत राम शिरोमणि त्रिपाठी कमल सिंह दीपेश सिंह आशीष सिंह दीप्ति मिश्रा संजीव श्रीवास्तव सुधीर राजशेखर ,राम सकल ममता पांडे ,दिनेश श्रीवास्तव ,मनोज वर्मा अक्षत सिंह,मनीष सिंह एवं ब्लॉक कर्मी उपस्थित रहे ।

## एसीपी कौंधियारा के नाक के नीचे की जा रही वसूली, बेखबर



**प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जमुना नगर क्षेत्र कौंधियारा थाना के जारी पुलिस चौकी के ठीक सामने डम्फर ड्राइवर से वसूली करते हुए एक युवक का वीडियो वायरल हो गया है। जिसमे युवक ड्राइवर से पैसे लेते हुए दिखाई दे रहा है। इस घटना ने स्थानीय लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।वीडियो वायरल होने के बाद वसूली की शिकायतें अफसरों तक पहुंची हैं। कौंधियारा की जारी चौकी अपनी कारगुजारी को लेकर आएदिन सुर्खियों में रहता है। अब एसीपी कार्यालय में बड़ी वसूली का मामला सामने आया है। यह वसूली प्रयागराज रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीचोबीच डम्फर को रोककर की जा रही थी। मामला संज्ञान में आने के बाद डीसीपी यमुनानगर ने एसीपी कौंधियारा को जांच का आदेश दिया है।वीडियो रविवार की दोपहर का बताया जा रहा है, जिसमें जारी चौकी के ठीक सामने एक युवक एक डम्फर ड्राइवर से पैसे लेते हुए दिखाई दे रहा है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर बहुत तेजी से वायरल हो रहा है। जिसके बाद पुलिस की छवि पर गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। मामले को संज्ञान लेते हुए डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद्र यादव ने उक्त मामले में सहायक पुलिस आयुक्त कौंधियारा को जांच कर विधिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया है।

## ठाकुरगंज व चौक में बिजली विभाग की छापेमारी में 19 पर मुकदमा

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिजली विभाग की छापेमारी में 19 लोगों को बिजली चोरी करते हुए पाया गया। यह छापेमारी की कार्यवाही चौक डिवीजन व ठाकुर डिवीज़न में की गई थी। लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल ने बताया की चौक डिवीजन के घंटाघर उपकेंद्र के फीडर दुर्गा देवी के क्षेत्र शीश महल में मॉर्निंग रेड अभियान के दौरान तीन उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पाया गया तथा ठाकुरगंज डिवीजन के बालाघाट उपकेंद्र के फीडर रामनगर व यासिनगंज के क्षेत्र ओल्ड बालागंज, करीमगंज, महबूबगंज, यासीनगंज, मौज़्मनगर में चलाये गए मॉर्निंग रेड अभियान के दौरान 16 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते पाया गया। इन सभी 19 उपभोक्ताओं के खिलाफ एफ़आईआर दर्ज करवाई गई है। मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल ने बताया की बिजली चोरी रोकने व उपभोक्ताओं को बिना बाधा निरंतर बिजली सप्लाई करने के उद्देश्य समय-समय पर चेकिंग अभियान चलाए जाते हैं जोकि आगे भी इसी तरह से जारी रहेगा।

## बीजेपी के राष्ट्रीय महामन्त्री सुनील बंसल ने महामंत्री संगठन चन्द्रशेखर की दिवंगत मां को अर्पित की श्रद्धांजलि

**बांदा।** भारतीय जनता पार्टी तेलंगाना प्रदेश के महामंत्री संगठन चन्द्रशेखर की माता जयंती देवी तिवारी के निधन के बाद उनके पैतृक गांव महुआ में भाजपा एवं रएसएस के नेता देश भर से श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुँच रहे हैं। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं पूर्व संगठन महामंत्री उत्तर प्रदेश सुनील बंसल, मध्य प्रदेश भाजपा के महामंत्री संगठन हितानंद शर्मा, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, भारत सरकार में गृह राज्य मंत्री संजय कुमार बंडी एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने शोक संत्रप्त परिवार से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। साथ ही देश के विविध हिस्सों से विशेष कर राजस्थान, तेलंगाना, पश्चिम उत्तर प्रदेश, काशी क्षेत्र, कानपुर प्रांत एवं मध्य प्रदेश से भाजपा के अनेक पदाधिकारी कार्यकर्ता विधायक गण सांसद पूर्व सांसद विशेषकर राधेश्याम बैरवा विधायक,अभिनेष महर्षि जी विधायक चूरू, नीरज जैन उपमहापौर अजमेर, पिंकेश पोरवाल प्रदेश मंत्री, श्रवण बागड़ी प्रदेश महामन्त्री राजस्थान राजस्थान रमेश मिश्रा विधायक,अर्चना पांडे पूर्व मंत्री विधायक, रत्नाकर मिश्रा विधायक मिर्ज़ापुर,रामकेश निषाद राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, विजय बहादुर पाठक एमएलसी प्रदेश उपाध?यक्ष भाजपा, मानवेंद्र सिंह प्रदेश उपध्यक्ष एमएलसी भाजपा उत्तर प्रदेश, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष इंद्रपाल पटेल, प्रकाश द्विवेदी विधायक बांदा,रितेश गुप्ता विधायक,हरिओम शर्मा क्षेत्रीय महामंत्री, सुशील उपाध्याय,अमित अग्रवाल विधायक, महेश त्रिवेदी

## शादी में हर्ष फायरिंग करने वाला गिरफ़्तार

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शादी समारोह में हर्ष फायरिंग करने वाले आरोपी को ठाकुरगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। घटना ठाकुरगंज थाना क्षेत्र की है, जहां 17 नवंबर 2024 को शादी समारोह के दौरान 24 वर्षीय आरोपी अराफात कुरैशी ने अपने पिता की 32 बोर की लाइसेंसी रिवॉल्वर से हवाई फायरिंग की थी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने तुरंत संज्ञान लिया और आरोपी को कैंपवेल रोड स्थित समनान गार्डन में उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने अपनी शादी में पिता की रिवॉल्वर का अनधिकृत रूप से उपयोग कर फायरिंग की थी जोकी कानून का उल्लंघन है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ उचित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया आरोपी के पिता की रिवॉल्वर का लाइसेंस रद्द करने की प्रक्रिया भी शुरू की जायेगी।

# एससी के फैसले के बाद भाजपा को संविधान से सेकुलर और समाजवादी शब्द हटाने की साज़िश बन्द कर देनी चाहिए : शाहनवाज़ आलम

❐ सेकुलर शब्द को कलंक बता चुके पंकज मित्तल को सुप्रीम कोर्ट जज के पद से हटाएं सीजेआई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज़ आलम ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा भाजपा नेताओं की संविधान की प्रस्तावना में से सेकुलर और समाजवादी शब्द हटाने की मांग वाली याचिकाओं के ख़ारिज कर दिए जाने का स्वागत किया है। उन्होंने इस फैसले को पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ द्वारा न्यायपालिका की आरएसएस के आगे रेंगने वाली बना दी गयी छवि से बाहर निकलने के लिए भी अहम बताया है। शाहनवाज़ आलम ने कांग्रेस मुख्यालय से जारी बयान में कहा कि सुप्रीम कोर्ट अपने पूर्व के ऐतिहासिक फैसलों केशवानंद भारती और एसआर बोम्मई केस में पहले ही कह चुका है कि संविधान की प्रस्तावना में कोई बदलाव नहीं हो सकता। इसलिए भाजपा नेताओं की इस याचिका को सुनवाई योग्य स्वीकार कर लिया जाना ही प्रथम दृष्टिया गलत था। जो तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश ने आरएसएस और भाजपा के प्रभाव में किया था। शाहनवाज़ आलम ने आगे कहा कि भाजपा और आरएसएस को सुप्रीम कोर्ट के फैसले को स्वीकार कर के संविधान से सेकुलर और समाजवादी शब्द हटाने की कुंठित साजिशों को अब बन्द कर देना चाहिये। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार बनने के बाद जारी सरकारी विज्ञापनों में से प्रस्तावना से सेकुलर और समाजवादी शब्द गायब कर दिया गया था। जिसपर सवाल उठने के बाद सरकार ने इसे अधिकारीयों का भूल बता दिया था। लेकिन उसके बाद प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय ने अपने पद के नाम के साथ अखबार में लेख लिखा था कि प्रस्तावना से सेकुलर और समाजवादी शब्द हटा देना चाहिए।

इसके अलावा नये संसद भवन में भी सभी सांसदों को जो संविधान की प्रति दी गयी उसमें से भी ये दोनों शब्द गायब थे। जिसपर कांग्रेस ने सवाल उठाया था। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि इससे पहले भी भाजपा के दो सांसदों राकेश सिन्हा और के जे अल्फोंस ने राज्य सभा में प्राइवेट मेंबर बिल लाकर संविधान की प्रस्तावना से इन दोनों शब्दों को हटाने की मांग की थी। जिसे संविधान विरोधी क़दम उठाते हुए तत्कालीन उपसभापति हरि वंश ने स्वीकार कर लिया था। इस फैसले के बाद हरिवंश को भी देश से माफी मांगनी चाहिए। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आज के फैसले के बाद सुप्रीम कोर्ट के जज पंकज मित्तल को स्वतः इस्तीफ़ा दे देना चाहिए या सीजेआई को उन्हें हटा देना चाहिए क्योंकि जम्मू कश्मीर के मुख्य न्यायाधीश रहते उन्होंने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि भारत के संविधान में सेकुलर शब्द होना भारत के लिए कलंक है। उन्होंने कहा कि यूपी अल्पसंख्यक कांग्रेस ने उनके इस बयान के बाद उन्हें पद से हटाने के लिए पूरे उत्तर प्रदेश से तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन भेजा था। लेकिन भाजपा और आरएसएस के प्रभाव में उन्हें हटाने के बजाए प्रमोशन देकर सुप्रीम कोर्ट का जज बना दिया गया। अब सवाल है कि सुप्रीम कोर्ट के आज के फैसले के बाद पंकज मित्तल किस आधार पर सुप्रीम कोर्ट के जज बने रह सकते हैं।

# केजीएमयू में इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत परिजनों ने इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ चौक। कोतवाली क्षेत्र के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (KGMU) के लारी कार्डियोलॉजी विभाग में एक बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

गोंडा के करनैलगंज निवासी अबरार (60) को हार्ट की गंभीर बीमारी के कारण सोमवार को उनके परिजनों द्वारा KGMU लाया गया था। परिजनों का आरोप है कि मरीज की हालत नाजुक होने के बावजूद उसे वेंटिलेटर सपोर्ट नहीं दिया गया और डॉक्टरों ने इलाज में लापरवाही बरती, जिसके कारण उनकी मौत हो गई।

मरीज की तड़पती हालत, लेकिन कोई मदद नहीं मिली परिजनों के मुताबिक, अबरार की हालत बेहद गंभीर थी। उन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही थी, और वे डॉक्टरों से इलाज की गुहार लगा रहे थे। वीडियो में देखा जा सकता है।

कि मरीज तड़पते हुए अपनी हालत के बारे में डॉक्टरों को बता रहा था और वेंटिलेटर की मांग कर रहा था, लेकिन किसी ने उसकी मदद नहीं की। एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि मरीज के नाक-मुंह से खून बह रहा था, लेकिन फिर भी कोई डॉक्टर या मेडिकल स्टाफ उसकी ओर ध्यान नहीं दे रहा था।

इस दौरान एक महिला कर्मचारी ने मरीज के रिश्तेदार को वार्ड से बाहर निकाल दिया और स्थिति और बिगड़ गई। परिजनों का आरोप, अस्पताल प्रशासन का जवाब परिजनों ने केजीएमयू प्रशासन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर डॉक्टर समय पर सही इलाज देते, तो मरीज की जान बचाई जा सकती थी। हालांकि, खक्क्ष्ठ प्रशासन ने अपनी सफाई में कहा कि अबरार को हार्ट फ़ेलियर की गंभीर स्थिति में भर्ती किया गया था। उसे ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया और जरूरी दवाएं दी गईं।

प्रशासन का दावा है कि लारी कार्डियोलॉजी के सभी एठ और वेंटिलेटर बेड फुल थे, जिस कारण मरीज को वेंटिलेटर सपोर्ट नहीं मिल सका।

डॉक्टरों ने तुरंत मरीज को SGPGI और डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान रेफर करने की सलाह दी थी और एम्बुलेंस भी उपलब्ध कराई गई थी। जब तक परिजन कुछ समझ पाते हैं अबरार की मृत्यु हो चुकी थी।

# अब्बास अंसारी की जमानत याचिका पर 28 को सुनवाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने माफिया रहे मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी की जमानत याचिका पर सोमवार को राज्य का जवाबी हलफनामा रिकार्ड पर न पाए जाने पर 28 नवम्बर की तिथि लगा दी है। न्यायालय ने कहा कि कार्यालय अगली तारीख तक इसका पता लगाए और रिकॉर्ड में दर्ज करे। यह आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल ने अब्बास अंसारी की जमानत अर्जी पर दिया। अब्बास अंसारी पर चित्रकूट के कर्वी कोतवाली नगर में 31 अगस्त 2024 को दर्ज मुकदमे के आधार पर गैंगस्टर लगाया गया था। सोमवार को हाईकोर्ट में जमानत याचिका पर राज्य के वकील ने न्यायालय को बताया कि उन्होंने 23 नवंबर को कार्यालय में जवाबी हलफनामा दायर किया है लेकिन रिकार्ड में नहीं है। जबकि आवेदक का प्रत्युत्तर हलफनामा रिकॉर्ड में है। न्यायालय ने कार्यालय को इसका पता लगाने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है ।

कि 18 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने गैंगस्टर मामले में विधायक अब्बास की याचिका खारिज कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने के लिए कहा था। साथ ही कहा था कि जमानत याचिका पर चार सप्ताह में सुनवाई पूरी करने का प्रयास करें।

# राजपूत रायल,डीएसएस,रेजिंग बुल्स और सुपरनोवा नन्दलाल टूर्नामेन्ट के सेमीफाइनल में

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी,लखनऊ । प्रथम नन्दलाल टी-20 कारपोरेट चैम्पियनशिप 2024 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मैच खेले गये,जिसमें सार फ़ेस-1पर राजपूत रॉयल्स और अवीशा स्पोर्टिंग के बीच मैच खेला गया,जिसमें अवीशा ने 138 रन बनाये,अभिमन्यु ने 33 और आलोक यादव ने नाबाद 27 रन बनाये।राजपूत रॉयल्स के शिव ने सात रन देकर 4 विकेट झटके।इसके जवाब में राजपूत रॉयल्स ने विनीत सिंह के 57 रन भौर इन्द्र?जीत सिंह के 39 रनों की मदद से रोमांचक जीत दर्ज की।विनीत सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया।इसी प्रतियोगिता के दूसरे मैच में डीएसएस की टीम ने फाईन सिटी की टीम को हराया। डीएसएस की टीम ने अर्शी के 54 और शरीफ के 36रनो की मदद से 165 रन बनाये,फाइन सिटी के मो0 दानिश ने ३ विकेट लिये।लक्ष्य का पीछा करते हुये फाइन सिटी 140 रनों पर ही सिमट गयी।डीएसएस से मो0 खालिद 4 और शरीफ ने 3 विकेट प्राप्त किये।शरीफ के हरफनमौला खेल के कारण मैन ऑफ द मैच दिया गया।तीसरे मैच में सीआईडी और रेजिंग बुल्स का मैच सार-२ पर खेला गया, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवर में 159 रन बनाये।हर्षित अस्थाना ने 3 विकेट लिए।लक्ष्य का पीछा करते हुये रेजिंग बुल्स ने सीआईडी की टीम को नौ विकेट से हराकर जीत हासिल की।अमिताभ पाठक ने 59 रन और रजत सिंह ने 87रन का योगदान अपनी टीम को दिया,रजत सिंह को मैन आफ द मैच चुना गया।चौथे क्वार्टर फाइनल मैच में सार-1 पर लखनऊ स्ट्राईकर और सुपरनोवा के बीच मैच खेला गया,जिसमें लखनऊ स्ट्राइकर के कप्तान से टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी करने का निर्णय लिया था,सुपरनोवा टीम के अरुण ने नाबाद 80 रन बनाये और 20 ओवर में कुल 154रन बनाए। वहीं शैय्यद मुर्तजा हसन ने तीन विकेट झटके वही लक्ष्य का पीछा करती हुई लखनऊ स्ट्राइकर की टीम 20ओवर में मात्र 121रन ही बना पाई।सुपरनोवा के धाकड़ बल्लेबाज़ अरुण के 80 रन के योगदान देने पर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच 01दिसंबर को सार क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा।


उत्तर रेलवे

टेंडर नोटिस संख्या – GEM/2024/B/5608579 दिनांक: 25.11.2024

इलेक्ट्रानिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | GEM/2024/B/5608579 | Fork Lifter Capacity 5 Ton with Accessories, as per attached Annexure. | 4 Nos. | 18.12.2024 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी GEM वेबसाइट यानि https://gem.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

3620/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# नवजात एवं बाल स्वास्थ्य प्रदेश सरकार की प्राथमिकता: पार्थ सारथी सेन शर्मा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। प्रदेश में नवजात शिशुओं की बेहतर देखभाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एमबीबीएस चिकित्सा अधिकारियों के क्षमता वर्धन हेतु 'ब्रिज कोर्स' का शुभारंभ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से सोमवार को किया गया। कोर्स के शुभारंभ के साथ प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण का भी आयोजन सोमवार को किया गया। ब्रिज कोर्स किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय(केजीएमयू) के पीडीऐट्रिक विभाग द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से बनाया गया है।

प्रशिक्षण का उद्घाटन करते हुए, प्रमुख सचिव स्वास्थ एवं परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा, ‟नवजात एवं बाल स्वास्थ्य प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। एमबीबीएस स्वास्थ्य अधिकारियों के क्षमता वर्धन हेतु ब्रिज कॉर्से की परिकल्पना हुई। कोर्स का उद्देश्य एसएनसीयू में तैनात एमबीबीएस चिकित्सा अधिकारियों को नवजात एवं बाल चिकित्सा एवं बेहतर देखभाल हेतु प्रशिक्षित करना है।



उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में 101 एसएनसीयू हैं। ब्रिज कॉर्से की अवधि 12 हफ्ते ही होगी जिसमें 8 हफ्ते न्यूबॉर्न केयर (नवजात) और 4 हफ्ते पीडीऐट्रिक केयर (बाल चिकित्सा) के विषय में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सोमवार को आयोजित प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण में प्रदेश के 10 मेडिकल कॉलेज के व्याख्याताओं ने प्रतिभाग किया जो एमबीबीएस स्वास्थ्य अधिकारियों का प्रशिक्षण करेंगे। महानिदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. रतन पाल सिंह सुमन ने कहा कि ब्रिज कोर्स एसएनसीयू में तैनात एमबीबीएस स्वास्थ अधिकारियों को नवजात की स्थिति के सही मूल्यांकन एवं उपचार हेतु प्रशिक्षित करेगा। यूनिसेफ उत्तर प्रदेश प्रमुख के ओआईसी एवं कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. अमित मेहरोत्रा ने सामुदायिक रेफरल को मजबूत करने के महत्व को रेखांकित किया और कहा की एसएनसीयू के विषय में लोगों की जागरूकता से शिशुओं को सही समय से भर्ती कर उनकी जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा एसएनसीयू में प्रशिक्षित चिकित्सकों की उपस्थिति से नवजात शिशुओं की देखभाल की गुणवत्ता में सुधार होगा एवं सतत विकास लक्ष्यों की पूर्ति को भी गति मिलेगी। केजीएमयू के पीडीऐट्रिक विभाग की प्रोफ़ेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. माला कुमार ने बताया की ब्रिज कोर्स वास्तविक जीवन की क्लीनिकल स्थितियों पर आधारित है। उन्होंने प्रशिक्षकों से कोर्स मॉड्यूल पर प्रतिक्रिया देने को कहा। यूनिसेफ की स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. कनुप्रिया सिंघल ने राज्य में नवजात शिशुओं की देखभाल की गुणवत्ता को मजबूत करने के लिए गत वर्षों में शुरू की गई प्रमुख पहलों पर भी चर्चा की जिसमें पारिवारिक भागीदारी /विकासात्मक सहायक देखभाल की शुरुआत, एसएनसीयू मेंटरिंग को मजबूत करना आदि शामिल है। प्रशिक्षण में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभाग किया जिनमें डॉ. शारदा चौधरी, अतिरिक्त निदेशक, डॉ. नीना वर्मा, संयुक्त निदेशक, डॉ. सूर्यांशु ओझा, जीएम-बाल स्वास्थ्य, एनएचएम, यूपी सरकार एवं यूनिसेफ और यूपीटीएसयू के प्रतिनिधि शामिल थे।

# सीवर की समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त ने की बैठक



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। सोमवार को नगर निगम में सीवर संबंधित समस्याओं लेकर नगर आयुक्त डॉ इंद्रजीत सिंह द्वारा एक बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में जोन एक के वार्डों में सीवर संबंधित समस्याओं के निराकरण पर चर्चा की गई। इस बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त, जलकल महाप्रबंधक कुलदीप सिंह, सुएज इंडिया कम्पनी के अधिकारी, जोनल अधिकारी अमरजीत सिंह, अधिशाषी अभियंता किशोरी लाल और अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस बैठक में मुख्य रूप से समस्त पार्षदगणों द्वारा अपने-अपने वार्ड में सीवर सफाई का मुद्दा उठाया गया। सभी पार्षदगणों ने नगर आयुक्त के समक्ष बारी-बारी से अपनी समस्याएं रखी, नगर आयुक्त डॉ इंद्रजीत सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जोन एक के अधीन वार्डो की स्वच्छता और सीवर व्यवस्था को सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

## महानगर अध्यक्ष ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ देखी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष माननीय आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता मे एवं राज्य सभा सांसद पूर्व उपमुख्यमंत्री श्रीमान दिनेश शर्मा की गरिमामयी उपस्थित मे उत्तर मंडल 4 के युवा हृदय सम्राट यशस्वी लोकप्रिय परम आदरणीय मंडल अध्यक्ष श्रीमान राम शरण सिंह के सानिध्य मे भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने संगठनात्मक आदेशानुसार आलमबाग स्थित शालीमार गेटवे माल मे जाकर गुजरात का वह काले दिन पर आधारित फ़िल्म जब अयोध्या से चलकर अपने अपने घरो को जा रहे कारसेवको को जिंदा जलाया गया था द साबरमती रिपोर्ट फ़िल्म देखी। एक दिवसीय कार्यक्रम मे भारतीय जनता पार्टी के उत्तर विधानसभा के उत्तर मंडल 4 के सबसे सक्रिय मंडल मंत्री गीतेश मिश्रा राहुल भैया, मंडल महामन्त्री श्रीमती नम्रता सिंह श्रीनेत, मण्डल उपाध्यक्ष विनोद अवस्थी सहित उत्तर विधानसभा के समस्त पदाधिकारियों ने द साबरमती रिपोर्ट फिल्म देखी। सभी पदाधिकारियो ने यशस्वी लोकप्रिय माननीय महानगर अध्यक्ष श्रीमान आनंद द्विवेदी से संगठन चुनाव से संबंधित चर्चा की।

# जरूरतमंदों के साथ बांटी खुशियां

## 200 जरुरतमंदों को बांटे कपड़े, बच्चों समेत महिलाओं में खुशी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




निगोहां, लखनऊ । बाबू सुंदर सिंह फाउंडेशन की उपाध्यक्ष श्रीमती रीना सिंह ने अपने जन्मदिन को एक प्रेरणादायक तरीके से मनाते हुए रानी खेड़ा, सुदौली मोड़ और शेरपुर लवल की आर्थिक रूप से असहाय 200 महिलाओं को साड़ी और छोटे बच्चों को कपड़े वितरित किए। इस कार्य ने जरूरतमंदों के जीवन में खुशियां और उत्साह भर दिया। इस विशेष कार्यक्रम में बाबू सुंदर सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष आनंद शेखर सिंह, उपाध्यक्ष रीना सिंह, जनरल सेक्रेटरी श्रीमती बीना सिंह, फॉर्मेसी कॉलेज के निदेशक डॉ. आलोक कुमार शुक्ला, निदेशक डॉ. रवि शंकर मिश्रा और एडमिशन हेड अनामिका मौर्य उपस्थित रहे , कार्यक्रम में बरखा थापा और अमित सिंह ने भी अपनी भागीदारी निभाई। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों ने रीना सिंह के इस सेवा कार्य की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया कार्यक्रम का कुशल संचालन अमित यादव द्वारा किया गया। रीना सिंह ने इस अवसर पर कहा अपने जन्मदिन पर जरूरतमंदों के साथ खुशियां बांटना मेरे लिए सबसे बड़ी खुशी है। बाबू सुंदर सिंह फाउंडेशन हमेशा समाज के कमजोर वर्गों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

### युवक ने लगाई फाँसी, मौत

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोमतीनगर में रविवार देर शाम एक युवक ने गांधी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक विराम खंड 4 निवासी 20 वर्षीय अनुज द्विवेदी अपने परिवार के साथ रहता था। बताया जा था है कि रविवार दे शाम उसने अपने कमरे में लगे पंखे में रस्सी के सहारे फाँसी लगा ली। परिवारीजनों ने उसे फाँसी पर लटका देखकर फंदे से उतारकर लोहिया अस्पताल पहुँचाया। जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर गोमतीनगर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### युवक को बंदूक लूटे जाने की सूचना देना पड़ा महंगा, पहुंचा जेल

**नगराम , लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने शराब के नशे में धुत्त लाइसेंसी बंदूक मय कारतूस के साथ दोस्तों द्वारा लूटे जाने की सूचना पुलिस को दे दी , लूट की फर्जी सूचना रविवार की देर रात की है । मामले में घटनास्थल पर पहुंच कर सक्रियता दिखाते हुए नगराम पुलिस ने लूट की फर्जी सूचना बताई है। मिली जानकारी के अनुसार करसण्डा गांव निवासी राजू , रंजीत व राजेश रविवार की रात लगभग 10:30 बजे गांव के समीप बनी पानी की टंकी के पास शराब पीने के बाद आपस में कहा-सुनी हुई विवाद के बाद राजू ने रंजीत व राजेश पर आरोप लगाते हुए लाइसेंसी बंदूक व पांच जिंदा कारतूस लूटे जाने की सूचना पीआरवी समेत पुलिस को दी , घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस टीम के साथ थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने आस-पास तलाश शुरू किया तो झाड़ियों में बंदूक व कारतूस बरामद कर आरोपित से पूछने पर उसके द्वारा फर्जी सूचना देने की बात कही गई। मामले में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि बंदूक लूट होने की सूचना मिलने पर घटना स्थल के समीप झाड़ियों के बीच मय कारतूस व लाइसेंसी बंदूक बरामद हुई हैं। मामले में राजू के विरुद्ध लापरवाही व फर्जी सूचना समेत आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को जेल भेजा गया है।

### मिस्टर अमेठवी को मिला साहित्य श्री अवार्ड



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अमेठी (लखनऊ) के मिस्टर अमेठवी को ''साहित्य श्री अवार्ड से सम्मानित किया गया।उन्हें यह सम्मान पी डब्लू डी के ऑडिटोरियम में आयोजित मातृ भाषा हिंदी के प्रचार - प्रसार हेतु आयोजित काव्य वीथिका एवं पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में दिया गया।इस मौके पर उन्होंने अपनी साहित्यिक रचनाओं तथा विचारों दर्शकों का मन मोह लिया। उनके द्वारा मानवता शीर्षक से प्रस्तुत रचना ''गुजरे कल को भूल के मिस्टरत वर्तमान में जीना सीखो, हर पल में एक नवजीवन है जागो उठो और फिर देखो'' प्रस्तुत की गई। इसी मौके पर मिस्टर अमेठवी ने उपस्थित लोगों को हिंदी भाषा के विकास हेतु प्रेरित किया एवम मानवता का संदेश इस प्रकार दिया ''मेरा पैगाम मिल्लत है,मेरा पैगाम उल्फत है ना समझो तो नही कुछ भी,जो समझो तो इबादत है,''। अंत में कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए मिस्टर अमेठवी ने आयोजन कर्ताओ को धन्यवाद दिया।

### घर के पीछे लगे पेड़ मे रूपट्टे के सहारे लटका मिला छात्र का शव

**मोहनलालगंज लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज कोतवाली अंतर्गत नगर मजरा पुरसैनी गांव में छात्र ने अज्ञात कारणों से अपने घर के पीछे लगे पेड़ से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के नगर मजरा पुरसैनी में रहने वाले अतुल रावत उम्र लगभग 19 वर्ष जो हाई स्कूल का मेधावी छात्र था ने अज्ञात कर्म से सोमवार की दोपहर अपने घर के पीछे लगे पेड़ से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली छात्र का पेड़ से लटकता से देखकर परिजनों में हाहाकार मच गया और उन्होंने पुलिस को सूचना दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतार कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों के मुताबिक मृतक छात्र अपने पिता सुरेश रावत की गंभीर बीमारी से परेशान था घर में मृतक के माता-पिता के अलावा एक छोटा भाई और एक बहन है मृतक हाई स्कूल का छात्र था और पढ़ने लिखने में काफी होशियार था।

### खेत मालिक ने अवैध कब्जे की शिकायत जिला मजिस्ट्रेट सहित मुख्यमंत्री को भेजा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज कस्बा निवासी खेत मालिक केशव प्रसाद गुप्ता की ओर से लखनऊ के जिला मजिस्ट्रे ,पुलिस आयुक्त ,और डी ई जी सहित उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री को लिखित शिकायत भेज कर अपने खेत को दबंगों के कब्जे से मुक्त कराने को गुहार लगाई गई है।शिकायत कर्ता की ओर भेजे गए प्रार्थना पत्र के अनुसार 8 नवंबर 2024 को लगभग 3 बजे उनको बटाईदार मोबाइल फोन पर उनके शिवलर गांव स्थित खेत पर अज्ञात लोगों द्वारा खेत को तार से घेरने व कब्जा करने की बात कही गई। बटाईदार से खेत पर कब्जा लिए जाने की बात सुनकर केशव प्रसाद गुप्ता ने मौके पर जाकर देखा तो वहां अज्ञात लोगों को खंभे गाड़ कर खेत की घेराबंदी करते हुए पाया।मना करने पर सभी अज्ञात लोग खेत मालिक के साथ मारपीट करने पर आमादा हो गए।पीड़ित ने 112 नंबर डायल करके पुलिस से सहायता की गुहार लगाई।खाकी वर्दी देखते ही खेत की घेरा बंदी करने वाले लोग मौके से फरार हो गए।पुलिस ने आसपास के लोगों से जानकारी ली तो पता चला कि खेत पर इंफ्राटेक कंपनी की ओर से कब्जा किया जा रहा था।इसी कंपनी के रजनीश तथा फरहद अली सिद्दीकी थे।इन दोनों ने इस खेत को खरीद लेने की बात कही तो खेत मालिक की ओर से भी मामले का मुकदमा सिविल जज हवाली (कनिष्ठ वर्ग) व नायब तहसीलडार मोहनलालगंज के न्यायालय में चलने की बात कही। शिकायत कर्ता के अनुसार खेत में बोई गई फसल को कब्जा करने गए लोगों ने बर्बाद कर दिया है।केशव प्रसाद गुप्ता के अनुसार मुकदमे की बात सामने आने पर पुलिस ने उस भूमि पर खंभे गाडे जाने के काम पर रोक लगा दी।

### सब्जी बेचने गए व्यक्ति का ई रिक्शा हुआ चोरी


**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वह सब्जी बेचने में व्यस्त हो गया,इसी बीच उसका ई रिक्शा यू पी 32 यू ए 4218 चोरी हो गया।इस बात की शिकायत गोसाईगंज कोतवाली इलाके के कस्बा अमेठी के अंसारी वार्ड निवासी राम मिलन पुत्र सोहनलाल की ओर से थाना सुशांत गोल्फ सिटी में प्रार्थना पत्र देकर की गई है।पीड़ित की ओर से दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि वह 24 नवंबर 2024 की रात लगभग 9 बजे अपने ई रिक्शा में सब्जी लाद कर अहमा मऊ मुर्गा मंडी गया था।पीड़ित की शिकायत के अनुसार जब वह अपना ई रिक्शा खड़ा करके सब्जी बेचने में व्यस्त हो गया उसी समय उसका ई रिक्शा चोरी हो गया।इस बात की जानकारी रिक्शा मालिक को तब हुई जब वह सब्जी बेच कर घर जाने को तैयार हुआ।पीड़ित को ओर से ई रिक्शा चोरी हो जाने की शिकायत स्थानीय थाने कर दी गई है।

# ले रॉयल किड्स स्कूल में आयोजित किया मुफ्त दंत चिकित्सा शिविर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । सोमवार को मल्हौर इशानिका एस्टेट स्थित शाइनिंग टीथ डेंटल क्लिनिक द्वारा ले रॉयल किड्स स्कूल में एक निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बच्चों के दांतों की जांच और दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। दंत सर्जन डॉ. गीता कुमारी ने बच्चों के दांतों की बारीकी से जांच की और उनकी दंत समस्याओं का समाधान बताया।

डॉ. गीता कुमारी ने बच्चों और शिक्षकों को दांतों की देखभाल के महत्व और सही समय पर उपचार करवाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को नियमित ब्रशिंग, सही खानपान और अन्य स्वस्थ आदतों को अपनाने के महत्व के बारे में जागरूक किया। शिविर के दौरान उन्होंने यह भी समझाया कि कैसे छोटी-छोटी लापरवाहियां दंत समस्याओं का कारण बन सकती हैं और समय रहते उनकी रोकथाम आवश्यक है।



इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और दंत स्वास्थ्य से संबंधित अपने सवाल पूछे। शिविर में कुल 50 से अधिक बच्चों के दांतों की जांच की गई। शाइनिंग टीथ डेंटल क्लिनिक की टीम ने बच्चों को मुफ्त टूथब्रश और पेस्ट भी वितरित किए। शिविर के आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार की पहल का उद्देश्य बच्चों में शुरुआती उम्र से ही दंत स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाना है, ताकि वे भविष्य में गंभीर समस्याओं से बच सकें। स्कूल प्रबंधन ने इस सफल आयोजन के लिए शाइनिंग टीथ डेंटल क्लिनिक और डॉ. गीता कुमारी को धन्यवाद दिया।

इस तरह के प्रयास समाज में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के साथ-साथ बच्चों के बेहतर भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

खबर का असर

# काशीराम कॉलोनी में हुई सफाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। वार्ड न्यू हैदरगंज तृतीय के पुरानी काशीराम कॉलोनी फ़ेज़ वन में गन्दगी की भरमार थी जिसकी ख़बर कैनविज़ टाइम्स ने ''काशीराम कॉलोनी बनी गंदगी का अड्डा'' नामक शीर्षक के साथ छापी थी। जिस दिन ख़बर छपी उसी दिन मात्र 2 घंटे में खबर का संज्ञान लेते हुए ज़ोन 6 के ज़ोनल अधिकारी मनोज यादव ने क्षेत्रीय एसएफ़आई के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों की टीम काशीराम कॉलोनी भेज कर कॉलोनी में साफ़ सफाई करवाई। जो नालिया कूड़े से पटी पड़ी थी सफाई कर्मियों ने उसमें से कूड़ा निकाल कर नालियों को पूरी तरह से साफ किया, सड़कों पर जगह-जगह फैले कूड़े के ढेरों को हटाया गया। साथ ही जोनल अधिकारी द्वारा सम्बंधित सुपरवाइज़र को फटकार लगाते हुए आगे से नियमित सफाई करवाने



के आदेश दिए गए। किन्तु सीवर की सफाई के लिए जलकल विभाग की टीम फिर भी न पहुंची। ज़ोन 6 के स्वेज़ इंडिया कंपनी के ज़ोनल इंचार्ज से बात करने पर उन्होंने बताया की यहाँ की सीवर सफाई की ज़िम्मेदारी जलकल विभाग के हाथों में हैं। जलकल विभाग के अधिशाषी अभियंता अनिल कुमार ने बताया की मामला संज्ञान में आया है सम्बंधित अवर अभियंता को भेज कर वहां की समस्या को देखा जायेगा जहां पर सीवर सफाई की जरूरत है वहां सीवर सफाई का कार्य करवाया जाएगा।

# राजधानी के विकास कार्य पर ग्रहण लगाता रास्ता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। जानकीपुरम सोमवार कहने को तो हम राजधानी मे रहते हैँ जिसके विकास के दावे हर जगह और हर राज्य मे प्राथमिकता से उठाये जाते हैँ लेकिन विकास का असली अर्थ क्या है ये राजधानी वालों की समझ से परे है क्योंकि यहाँ विस्तार तो हर तरफ है लेकिन उसका अन्धकार भी चारो तरफ नज़र आ रहा है ऐसा हम ऐसे ही नही कह रहे बल्कि यहाँ के लोग और नेता खुद इस बात की तसदीक करते नज़र आ रहे है। आज हम आपको उस जगह की बात बताने जा रहे हैं जो कहने को तो राजधानी का हिस्सा है मगर वहां सुविधा कस्बे से भी कम है हम आपको राजधानी लखनऊ के जानकीपुरम विस्तार नहर रोड का ये दृश्य दिखा रहे हैं जहाँ बिजली के खम्भे तो बहुत हैं पर उनमे लाइट की व्यवस्था नही है आलम ये है कि यहाँ से गुज़रने वाला हर शख्स इस बात से डरता है कि अंधेरे मे उसके साथ कोई अनहोनी ना हो जाए ऐसा नही है कि इस बात से विभाग या सरकारी सम्पर्क सूत्र अनजान हो क्योंकि यहाँ



के भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त तक को इस बात से अवगत कराया है दो माह पहले ही ये मुलाक़ात हुई थी मगर निस्तारण अभी तक नही हुआ वाहो जानकीपुरम पुलिस को भी इस बात अव अवगत कराया जा चुका है कि रास्ते मे अंधेरा होने के कारण राहगीरों से लूट की घटना हो रही है और तो और महिलाओं से छेड़छाड़ के अपराध भी बढ़ रहे हैँ लेकिन ना यहाँ की पुलिस और ना यहाँ के राजनेता किसी को आमजनता से कुछ वास्ता यहाँ दिखाई देता है अब ऐसे मे स्वाल यही है की क्या केवल विस्तार करने से ही विकास संभव है या विकास के बाद विस्तार किया जाना आम जन के लिए सुलभ है क्योंकि जनता तभी सुखी रहेगी जब वो सुरक्षित रहेगी इसलिए सरकार विकास के दावे के साथ साथ विकास पर भी ध्यान दे तो सबका भला होगा।

# संभल की हिंसा भारतीय झगड़ा पार्टी और योगी सरकार द्वारा प्रायोजित हिंसा है : संजय सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। आप सांसद संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश के संभल जिले में हुई हिंसा को लेकर भाजपा और योगी सरकार को निशाने पर लिया है। उन्होंने इसे 'भारतीय झगड़ा पार्टी' और योगी सरकार द्वारा प्रायोजित हिंसा करार दिया है। श्री सिंह ने कहा कि यह हिंसा भाजपा के उसी खेल का हिस्सा है, जिसमें प्रदेश के नौजवानों को धार्मिक आधार पर आपस में लड़ाया जा रहा है, जबकि पार्टी के बड़े नेता और उनके परिजन करोड़ों के धंधे कर रहे हैं।

संजय सिंह ने कहा कि बीजेपी की यही नीति है एक तरफ अमित शाह का बेटा दुबई के शेखों के साथ मिलकर हज़ारों करोड़ का कारोबार करेगा, और दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश के बेरोज़गार नौजवानों को धर्म के नाम पर भड़काया जाएगा, ताकि वे आपस में लड़ें और भाजपा का राजनीतिक लाभ हो। यही भाजपा की असली रणनीति है, जिसे उत्तर प्रदेश में लागू किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि संभल की हिंसा ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि योगी सरकार का पूरा ध्यान प्रदेश की जनता की भलाई की बजाय धार्मिक ध्रुवीकरण और समाज में असहमति पैदा करने पर है। यूपी में लगातार बढ़ती हिंसा और अपराध इस बात का प्रमाण हैं कि भाजपा और योगी सरकार प्रदेश की शांति और सुरक्षा से ज्यादा अपनी सत्ता बचाने में व्यस्त हैं।

> ❒ अमित शाह का बेटा शेखों के साथ कारोबार करेगा और यूपी के बेरोज़गार नौजवानों को धर्म के नाम पर भड़काया जाएगा




श्री सिंह ने कहा कि संभल में जो घटनाएँ हुईं, वे केवल एक जिले तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह एक बड़े साजिश का हिस्सा हैं, जिसमें भारतीय जनता पार्टी और उत्तर प्रदेश सरकार शामिल हैं। यह हिंसा बीजेपी द्वारा राज्य में असमंजस और डर फैलाने की कोशिश है ताकि वे अपने राजनीतिक लाभ के लिए माहौल को खराब कर सकें। संजय सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा और योगी सरकार की नीतियों के चलते उत्तर प्रदेश में बेरोज़गारी, आर्थिक संकट और सामाजिक तनाव बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक भाजपा सत्ता में रहेगी, तब तक प्रदेश में इस तरह की हिंसा और झगड़े होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी इस हिंसा की कड़ी निंदा करती है और हम प्रदेश में शांति, समृद्धि और भाईचारे की बहाली के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।

# हनुमंत की टीम ने ममता के गढ़ पर बोला धावा, नाबालिग बच्चियों की सकुशल बरामदगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रेउसा सीतापुर। अक्सर पुलिस की नकारात्मक कार्यशैली को लेकर आम जन मानस में चर्चाओं का दौर चला ही करता है। परन्तु इसके विपरीत रेउसा थाना प्रभारी हनुमंतलाल तिवारी के द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों की चर्चा आम जनमानस के बीच बनी रहती है। गत दिनों ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया जिसके चलते हनुमंत तिवारी एक बार फिर सुर्खियों में छा गए ज्ञात हो कि रेउसा थाना क्षेत्र में रहने वाले एक हिन्दू परिवार की दो नाबालिग बच्चियों को धर्म विशेष समुदाय के लोगों द्वारा बरगला कर पश्चिम बंगाल पहुंचा दिया गया था। जिसकी सूचना पीड़ित पिता ने थाने में दी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी हनुमंत तिवारी के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए टीम गठित कर पश्चिम बंगाल के शीतलकुची थाना क्षेत्र से अल्प समय में ही दोनों नाबालिग बच्चियों की सकुशल बरामदगी करवा कर सराहनीय कार्य को अंजाम दिया। हनुमंत की इस टीम में मुख्य रूप से उपनिरीक्षक शेषनाथ दुबे,महिला का.नेहा पाण्डेय,विशाल,फहीम खान,दीपक आदि शामिल रहे। जहां इस सफलता का श्रेय विवेचना कर रहे शेषनाथ पाण्डेय ने थाना प्रभारी हनुमंत लाल तिवारी को दिया वहीं थाना प्रभारी हनुमंत लाल तिवारी इस बरामदगी का श्रेय एसपी चक्रेश मिश्रा को देते नजर आए। इस मौके पर विश्व हिन्दू परिषद के जिला संयोजक संदीप अवस्थी व उनकी टीम ने नाबालिग बच्चियों को बरामद करने वाली टीम को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित करते हुए पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की।

## ट्रैक्टर–बाइक की टक्कर में एक महिला की मौत




**बिजनौर।** ट्रैक्टर की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई। थाना क्षेत्र शिवाला कलां के गांव हैजरपुर निवासी भूदेव सिंह सोमवार को पत्नी रेनू देवी (39) को लेकर बाइक से अपनी रिश्तेदारी में ताजपुर जा रहा था। जब वह स्योहारा रोड भूतपुरी के पास स्थित बैंकेट हॉल के पास पहुंचा तो पीछे से तेज गति व लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को सीएचसी पहुंचाया जहाँ चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रेक्टर सहित मौके से फ़रार हो गया। खबर लिखे जाने तक महिला के शव को पुलिस पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही थी।

# विकसित भारत युवा लीडर डायलॉग कार्यक्रम में युवाओं को भाग लेने के लिए पंजीयन प्रारंभ

❒ राष्ट्रीय युवा दिवस पर मिलेगा प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष विचार रखने का मौका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा माय भारत इनिसिएटिव के माध्यम से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन 25 नवंबर से माय भारत पोर्टल पर आयोजित किया जाएगा । देशभर से चुने हुए युवाओं को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रूबरू होने का मौका मिलेगा । नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी ने बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं के अग्रणी भूमिका की वकालत की थीए इस विचार को लेकर युवाओं को विकसित भारत की भविष्य योजना पूरा करने की दिशा में अपने विचार और दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का मौका दिया जाएगाए युवाओं के लिए सबसे प्रमुख आकर्षण प्रधानमंत्री से सीधे बातचीत करने और भारत का भविष्य गढ़ने में अपने विचार शामिल करने का अवसर होगा। इसे राजनीति और नागरिक जीवन में युवाओं के भागीदारी बढ़ेगी । इस कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को चार चरणों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेना होगा। *पहला चरण.* विकसित भारत प्रश्नोत्तरी. इसके अंतर्गत मेरा युवा भारत प्लेटफार्म पर 25 नवंबर 2024 से 5 दिसंबर 24 तक आयोजित होने वाली डिजिटल क्विज में 15 वर्ष से 29 वर्ष की आयु की वह भाग लेंगे । इसमें प्रतिभागियों के ज्ञान और भारत के उल्लेखनीय उपलब्धियां के बारे में उनकी जानकारी की परीक्षा होगी । *दूसरा चरण.* निबंध और ब्लॉक लेखन. इसमें पिछले चरण की विजेता लगभग 10 चुने गए विषयों जैसे विकसित भारत भारत के लिए तकनीकए विकसित भारत के लिए युवा को सशक्त बनाना आदि पर निबंध प्रस्तुत करेंगेए जिसमें राष्ट्रीय विकास के प्रति उनके विचार परिलक्षित होंगे। यह प्रतियोगिता माय भारत पोर्टल पर आयोजित की जाएगी । तीसरा चरण.* विकसित भारत विजन पिच डेस्क. राज्य स्तरीय प्रस्तुतियां. दूसरे चरण में उत्तीर्ण होने वाले प्रतिभागी राज्य स्तर पर चुने हुए विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे । उनकी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रत्येक राज्य राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रतिभागियों के चयन के लिए विभिन्न विषयों पर टीमों का गठन करेगा ।चौथा चरण.* भारत मंडपम में विकसित भारत राष्ट्रीय चैंपियनशिप .विभिन्न थीम आधारित राज्य स्तरीय टीम में 11 और 12 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय युवा महोत्सव प्रतिस्पर्धा में भाग लेंगी । विजेता टीमें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की समक्ष विकसित भारत के निर्माण पर अपने दृष्टिकोण और विचार प्रस्तुत करेंगे ।

# मांगलिक कार्यक्रम से वापस आते कोतवाली देहात में व्यापारी व पत्रकार से हुई लूट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। कोतवाली देहात अंतर्गत ग्राम कनवाखेडा पुल पर बीती रात 11 बजे के लगभग बदमाशों ने स्विफ्ट गाड़ी को रोक लिया तथा रास्ता पूछा तथा जैसे गाड़ी रूकी बदमाशों द्वारा गाड़ी की चाबी निकाल ली तथा व्यापारी के ऊपर तमंचा लगा दिया उसके पश्चात व्यापारी व पत्रकार अवनीश सिंह से गले की चैन नगदी तथा अन्य साथ में जो लोग बैठे थे उनसे नगदी और सामान छीन लिया और तमंचा लहराते हुए मोटरसाइकिल से फरार हो गए भागते हुए।

बदमाश कनवाखेडा में रोड़ पर लगें सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गये बदमाशों का भागते हुए का सीसी टीवी फुटेज पुलिस को मिल गया है बदमाशों की पहचान की जा रही है। तथा मामले की गहनता से पुलिस जांच कर रही है।

क्षेत्रीय लोगों का कहना है काफी अरसे के बाद इस रोड़ पर लूट की घटना हुई है जिससे क्षेत्रीय लोगों में दहशत व्याप्त हो गई है। तथा क्षेत्रीय नागरिकों ने कोतवाली देहात की पुलिस चौकी बाईपास ओवरब्रिज के पास बनायें जाने की मांग की है।

# हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा 2025 हेतु परीक्षा केन्द्रों को अंतिम रूप देने हेतु गठित जिला स्तरीय समिति बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

माध्यमिक शिक्षा परिषद
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा-2025 हेतु प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों को अंतिम रूप देने हेतु गठित जिला स्तरीय समिति बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि परीक्षा पूरी तरह से नकलविहीन और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराई जाए। सभी अधिकारी तत्परतापूर्वक कार्य करें एवं समस्त प्रक्रिया निर्धारित समयावधि में पूर्ण की जाये। परीक्षा केंद्रों का चयन पूर्ण पारदर्शिता एवं मानकों का अनुपालन करते हुए करा जाये एवं सम्बन्धित अधिकारी परीक्षा केंद्रों का समय से स्थलीय निरीक्षण कर आख्या प्रस्तुत करें। परीक्षा केंद्रों पर समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कराई जाय। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नए परीक्षा केंद्रों के निर्धारण से पहले उनके मानकों की जांच की अवश्य की जाये। बैठक के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने बताया कि यूपी बोर्ड की परीक्षा हेतु केंद्रों निर्धारण ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा-2024 हेतु परीक्षा केन्द्रों को निर्धारण ऑनलाइन विधि से किये जाने की व्यवस्था की गई है। इस हेतु कम्प्यूटर से ऑनलाइन प्रक्रिया से प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों की सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों सहित विभागीय अधिकारियों के स्तर से जांच कराये जाने के उपरान्त प्राप्त आख्याओं सहित प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों पर छात्र/छात्राओं/विद्यालय प्रधानाचार्यों आदि द्वारा की गयी आपत्तियों / शिकायतों का निराकरण कराते हुये परीक्षा केन्द्रों को अन्तिम रूप प्रदान किये जाने हेतु जिला समिति की बैठक जिलाधिकारी महोदय के आदेशानुसार आयोजित की गयी है। उन्होंने तहसीलवार परीक्षा केंद्रों का विवरण भी प्रस्तुत किया। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह सहित संबंधित उपजिलाधिकारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिधौली में दिवसीय बृहद रोजगार मेले का आयोजन

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने सूचित किया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, सीतापुर के द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिधौली सीतापुर के प्रांगण में दिनांक 27 नवम्बर 2024 को प्रातः 10.00बजे एक दिवसीय बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।उक्त मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां जो कि अभ्यर्थियों का चयन करने हेतु रोजगार संगम पर आमंत्रित किया गया है जिसमें हाई स्कूल/इंटर/स्नातक व आई0टी0आई0 उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष के मध्य हो, का चयन वेतनमान 10000 से 15500 तक के पदों पर किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं एक फोटो सहित उक्त तिथि को रोजगार मेले में प्रतिभाग करें। रोजगार मेले की विस्तृत जानकारी अभ्यर्थी की पंजीकृत आई0डी रोजगार संगम पर उपलब्ध रहेगी तथा रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए OJGAARSANGAM.UP.GOV.IN पोर्टल पर पंजीकरण करना अनिवार्य है अथवा स्कैनर का प्रयोग कर पंजीकरण कर लें। उन्होंने बताया कि ROJGAAR SANGAM पर पंजीकरण किये बगैर मेले में प्रतिभाग नहीं कर पायेगे अतः मेले में प्रतिभाग हेतु पूर्व से पंजीकरण कराकर ही आवे । अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिला सेवायोजन कार्यालय सीतापुर से सम्पर्क कर सकते है। तद्दिनांक को युवाओं की करियर काउंसलिंग की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। इसके लिए आने जाने हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

## ओटीएस योजना के तहत जमा हुए बीस लाख रुपये, 5 फरवरी तक वाहन स्वामी ले सकते लाभ

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के एक सैकड़ा से अधिक वाहन स्वामियों ने परिवहन विभाग की ओटीएस योजना का लाभ उठाते हुए 20 लाख रूपये से अधिक का कर जमा किया है। एआरटीओ (प्रशासन) माला बाजपेयी ने बताया कि बकाया कर न जमा करने वाले वाहन स्वामियों के विरूद्ध वसूली पत्र जारी करने की तैयारी की जा रही है। उन्होने बताया कि एकमुश्त शास्ति समाधान योजना (ग्ट्ट) का लाभ प्रदेश सरकार द्वारा वाहन स्वामियों को उपलब्ध कराया गया है। योजना का लाभ लेने के लिये हल्के यात्री एवं भार वाहनों का 200 रूपया तथा भारी यात्री एवं माल वाहन हेतु 500 रूपये का शुल्क अदा कर कार्यालय में रजिस्ट्रेशन कराना होगा। रजिस्ट्रेशन के बाद वाहन के बकाया टैक्स पर लगी पूरी पैनाल्टी माफ की जायेगी। उन्होने बताया कि बकायें कर में निहित वाहन स्वामियों अथवा उसके विधिक वारिसों द्वारा अभी तक एकमुश्त शास्ति समाधान योजना (OTS) का लाभ नही प्राप्त किया गया है उन वाहन स्वामियो से (OTS) योजना का लाभ उठाये जाने हेतु अपील की। उन्होने बताया कि एकमुश्त शास्ति समाधान योजना (OTS) का लाभ योजना अवधि 05 फरवरी तक ही मिल सकेगा। निर्धारित अवधि की समाप्ति के पश्चात किसी भी वाहन स्वामी का आवेदन स्वीकार किया जायेगा।

# परिवहन, पीडब्ल्यूडी की लापरवाही से सड़क दुर्घटनाओं में गईं जानें

❒ शुगर मिल बिसवां में ओवर हाईट गन्ना ढुलाई ट्रकों ने 3 दिन में निगल ली 5 जिंदगियां जिम्मेदार कौन?

❒ काले नाग की भूमिका निभा रहे बेलवा सेंटर के जर्जर ट्रक जिम्मेदारों का हाथ पर हाथ आखिर क्यों

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन सीतापुर। गन्ना पेराई सत्र 2024 बिसवां क्षेत्र के किसानों ही नहीं आमनागरिकों के लिए भी बना जंजाल।पेराई सत्र ने प्रारम्भ होते ही एक तरफ बिसवां नगर वासियों को जाम के झाम पीसते हुए ग्रामीण अंचल में गन्ना ढुलाई करने वाले बूढ़े हो चुके जर्जर ट्रकों ने कागजी फिटनेस की बदौलत ओवर हाइट लोड के चलते ले लीं गरीबों की जानें। गन्ना ढुलाई ट्रकों के द्वारा घटित की गई दुर्घटनाओं के विषय पर क्षेत्रीय किसानों मदन लाल, रामबृक्ष, सोने लाल, दिनेश, पप्पू, बबलू वर्मा व किसान नेता प्रमोद वर्मा, सुशील राज,रेशू, मीरा, राममिलन यादव ने बताया कि जब तक मिल प्रशासन में सत्ता का हस्तक्षेप कायम रहेगा। तब तक घटतौली से लेकर जाम व ऐसी ही दुखद दुर्घटनाएं घटित होती रहेंगी।

किसान नेता प्रमोद वर्मा ने स्थानीय पुलिस प्रशासन व परिवहन विभाग के साथ पी डब्ल्यू डी विभाग को भी दुर्घटनाओं का दोषी करार ठहराते हुए बताया।

कि जर्जर स्थिति के ट्रकों की फिटनेस को सिर्फ कागजी तौर पर पूर्ण कर दे दी जा रही एनओसी वहीं एक एक बाइक का चालान काटने वाले पुलिस महकमे के जिम्मेदारों को नहीं दिखता ओवर हाइट ट्रकों का आवागमन के साथ लोक निर्माण विभाग की सुस्ती के चलते सड़कों के किनारे सरकारी जमीन पर वृहद मात्रा में बालू,मौरंग के ढेर के अतिक्रमण के जरिए हो रहीं ऐसी दुर्घटनाएं। थाना कोतवाली बिसवां व थानान्तर्गत सकरन की परिसीमा में धड़ल्ले से फर्राटा भर रहे ऑटो रिक्शा व क्लच ब्रेक विहीन जर्जर ट्रक बन रहे दुर्घटनाओं का कारण जिसके चलते असमय लोग गवां रहे जानें,आखिर इन पर कब लगेगा विराम व सीज किए जाएंगे ये वाहन। सड़कों के किनारे सड़क की जमीनों पर अतिक्रमण भी दुर्घटनाओं के ग्राफ में कर रहा इजाफा। मिल प्रशासन से ज्यादा ऐसी दुर्घटनाओं के जिम्मेदार परिवहन,पुलिस व पी डब्ल्यू डी विभाग के कर्मचारियों पर कार्यवाई कब।

# गाजियाबाद में अधिवक्ताओ पर हुए लाठीचार्ज प्रकरण में बार एसोसिएशन गाजियाबाद को दिया समर्थन पत्र



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवा सीतापुर। बिसवा बार एसोसिएशन ने गाजियाबाद अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के मामले में बार एसोसिएशन गाजियाबाद को दिया समर्थन पत्र। बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा सीतापुर गाजियाबाद में बार एसोसिएशन गाजियाबाद प्रकरण में न्यायिक अधिकारियों एवम दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही नही किये जाने से पूर्ण रूप से असंतुष्ट है।

बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा - सीतापुर की तरफ से गाजियाबाद में धरना स्थल पर पहुँच कर बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा के सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में बार एसोसिएशन गाजियाबाद के पदाधिकारियों को अपना समर्थन पत्र प्रदान किया, एवम संघर्ष में सहयोग प्रदान करने का भी आश्वासन दिया।

## भाजपा जिला कार्यालय पर संगठन चुनाव संबंधित बैठक आयोजित

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी में संगठन चुनाव को लेकर एक बैठक जिला कार्यालय पर आयोजित की गई बैठक में मुख्य रूप से अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा उपस्थित रहे। एवं बैठक की अध्यक्षता जिला चुनाव अधिकारी नागेंद्र गुप्ता द्वारा की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला व जिला पदाधिकारीगण मौजूद रहे। बैठक क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने जिले में चल रही है चुनाव प्रक्रिया के विषय पर चर्चा की गई एवं संगठन द्वारा प्रत्येक स्तरपर चल रही क्रियाविधि की जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर जिला चुनाव अधिकारी नागेंद्र गुप्ता द्वारा संगठन चुनाव प्रक्रिया के विषय पर प्रकाश डाला गया। एवं आगामी कार्यक्रमों के नियमों एवं कार्यविधि के विषय में भी बताया गया। जिला सत्यापन अधिकारी राम बहादुर सिंह ने जिले में चल रही चुनाव प्रक्रिया पर उपस्थित पदाधिकारीयों से जानकारी प्राप्त की एवं पार्टी के निर्देशों से समस्त पदाधिकारीयों को अवगत कराया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि जनपद में पार्टी के निर्देशों के अनुसार स्वच्छ एवं स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का प्रयोग करते हुए संगठन के चुनाव की प्रक्रिया चल रही है जनपद में प्रत्येक जिम्मेदार भारतीय जनता पार्टी के लिए नेतृत्व के निर्देश के अनुसार कार्य कर रहा है उन्होंने कहा मुझे विश्वास है कि संगठन चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पार्टी नई ऊर्जा के साथ भारत माता की सेवा में समर्पित होगी कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष एवं सह चुनाव अधिकारी सुधाकर शुक्ला ने बताया कि भाजपा के पदाधिकारी पार्टी के निर्देशो के अनुसार चुनावी कार्य कर रहे हैं । बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा गोदावरी मिश्रा,विश्राम सागर राठौर,इन्दु सिंह चौहान, संजय मिश्रा नैमिष रत्न तिवारी, रोहित सिंह, जया सिंह, जितेंद्र मेहरोत्रा, नीरज वर्मा झल्लर, अजय विश्वकर्मा,रमेश भार्गव दीपू सुनील मिश्रा सचिन मिश्रा कंचन प्रभा पांडे आदि उपस्थित रहे।

# ब्लॉक बेहटा मे मनरेगा बना सचिव मेट व रोजगार सेवक की आय का जरिया,समूचे ब्लॉक में मनरेगा जॉच का विषय



❒ कागजों पर भरे जा रहे नाम, धरातल पर नहीं दिख रहा काम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेहटा,सीतापुर। वैसे तो इन दिनों मनरेगा में ब्लॉक बेहटा फर्जीवाड़ा में चर्चा का विषय बना हुआ हैं जहा कही पर 100 की जगह पर 5 तो कही 100 में जीरो फर्जी मस्टर रोल भरना आम बात है जिसका जीता जागता उदाहरण ग्राम पंचायत अकबरपुर में देखने को मिला जहां 24 नवम्बर को 3 जगहों पर इकराम के खेत से इकरार के खेत तक ,मुमताज के खेत से रफीक के खेत तक व राधेश्याम के खेत से कमलेश के खेत तक मिट्टी पटाई के नाम पर कुल 90 लेवरो की उपस्थिति दर्शाई गई जबकि सूत्रों के अनुसार इस दिन यहां पर कोई काम ही नहीं हुआ हैं पंचायत स्तर से जावेद अहमद द्वारा बिना काम कराए ही मस्टर रोल जारी कर दिए गए आखिर किसके संरक्षण में हो रहा इतना बड़ा गड़बड़ झाला किसके सह पर ब्लॉक बेहटा के इन कर्मचारियों के हौसले सातवें आसमान पर हैं जो योगी राज में महात्मा गांधी गारंटी योजना को पलीता लगाने एवं देश की आर्थिक स्थित को रसातल में पहुंचाने का काम कर रहे हैं कब अधिकारी लेंगे संज्ञान कब होगी इन पर कार्यवाही जो सरकारी धन के बंदरबाट में तनिक भी संकोच नहीं करते ।

# ग्राम पंचायतों के विकास की नींव पर भ्रष्टाचार की आलीशान इमारत

❒ नरेगा की फर्जी हाजरी बन गयी प्रधान , सचिव व रोजगार सेवक की कमाई का जरिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीणों के उत्थान और गांवों के विकास के लिए लाखो रुपये का बजट ग्राम पंचायतों को दिया जाता है। ग्राम पंचायत में जिम्मेदारों के भरोसे बैठी जनता के साथ इस तरह खिलवाड़ किया जाता है। कि आज ग्राम पंचायतो में न तो विकास दिख रहा है और न ही ग्रामीणों का लाभ।विकास खण्ड मछरेहटा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत गढ़ी के प्रधान , सचिव व रोजगार सेवक की चलती तिगड़ी से सरकारी बजट का बंदरबाट किया जा रहा है।

बंदरबाट के चलते ग्रामीण अंचलों की स्थिति पूर्व की भांति दयनीय नजर आ रही है कहीं भी कोई ख़ास बदलाव नहीं देखा जा रहा है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्रीवाल मरम्मत व रंगाई पुताई व पुट्टी कार्य के नाम पर दो बार मे लगभग 459000 रुपयो का भुगतान कराया गया है। जिसमे काफी भारी अनिमिताये बर्ती गयी है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में हैंडपम्प मरम्मत व रिबोर के नाम पर सात बार मे लगभग 405000 रुपयो का भुगतान कराया गया है। ग्राम पंचायत में ह्यूम पाइप के नाम पर लगभग 84000 रुपयो का भुगतान कराया गया। ग्राम पंचायत में लाइब्रेरी के नाम पर 40000 रुपयो का भुगतान कराया गया है। जिसमे जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। यही नही सामुदायिक भवन मरम्मत व रंगाई पुताई के नाम पर लगभग 200000 रुपयो का भुगतान कराया गया है। जिसमे काफी भारी अनिमिताये बर्ती गयी है। सूत्रों की माने तो चल रहे मनरेगा कार्य मे भी खूब फर्जी हाजरी लगाई जा रही है। जहां पर 25 नवम्बर 2024 को दर्शाये गए 68 मजदूरो मे से नाम मात्र मजदूर ही कार्य कर रहे है। जिसके चलते फर्जी हाजरी लगाकर सरकारी धन का बंदरबाट किया जा है। यही नही ग्राम पंचायत में व्हील चेयर , शौचालय मरम्मत , बाउंड्रीवाल मरम्मत , टाईलीकरण आदि के नाम पर लाखों रूपयो का भुगतान कराया गया है।

## नगरीय विकास अभिकरण, की शासी निकाय की बैठक सम्पन्न

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला नगरीय विकास अभिकरण, (डूडा) सीतापुर की शासी निकाय की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत ऐसे लाभार्थी जिनकी स्वीकृति को एक वर्ष से अधिक समय होने के पश्चात भी निर्माण कार्य नही कराया गया है, उनकी वसूली की कार्यवाही की जाय। पीएम स्वानिधि योजना को बढावा देने हेतु लक्ष्य के अनुरूप आवेदन कराने, प्राप्त आवेदनों को स्वीकृत कराने व स्वीकृत आवेदन पत्रों को वितरण कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। पी एम स्वनिधि योजना के अंतर्गत बेहतर कार्य करने वाले निकायों मिश्रिख एवं सिधौली के सम्बंधित कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कराए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। नगर पालिका परिषद सीतापुर व नगर पालिका परिषद नैमिषारण्य में शेल्टर होम (रैन बसेरा) का निर्माण कराये जाने के हेतु भी निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। जिला नगरीय विकास अभिकरण द्वारा कराए जाने वाले निर्माण एवं विकास कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में कराया जाय। मुख्यमंत्री नगरीय बस्ती विकास परियोजना के अंतर्गत भी कार्य समय से कार्य कराए जाने के निर्देश भी दिए। स्वयं सहायता समूहों द्वारा शक्ति रसोई का समय से संचालन सुनिश्चित कराए जाने में निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी/परियोजना निदेशक नीतीश कुमार सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी, परियोजना अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी, सी0एल0टी0सी0 इंजीनियर, सिटी मिशन मैनेजर व अन्य समस्त नामित सदस्य / अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## खाद के लिए किसान परेशान,गुस्साए किसानों ने हाईवे किया जाम

**हमीरपुर।** सोमवार को खाद की मांग को लेकर इस समय मारा मारी है। रवि की फसल की बुवाई के साथ ही डीएपी खाद की किसानों को आवश्यकता है। लेकिन समय से खाद नहीं मिल पा रही है। उससे परेशान होकर आज सुमेरपुर थाना क्षेत्र में किसानों ने नेशनल हाइवे पर जाम लगाकर हंगामा किया। हालांकि पुलिस और प्रशासन के समझाने के बाद किसानों ने जाम खोल दिया है। किसानों द्वारा नेशनल हाइवे जाम करने का यह मामला सुमेरपुर थाना क्षेत्र की सहकारी समिति का है। यहां खाद वितरण केंद्र में सचिव की मनमानी से परेशान होकर आज सैकड़ों किसानों ने नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया।

# दुश्मनों को फंसाने के लिए शख्स की होशियारी उसी पर पड़ गई भारी

- अवैध असलहे के सहारे रची पूरी साजिश
- खुद पर हमलें होने का किया नाटक
- अपनी बाइक के पिछली बैक लाइट तोड़ कर पुलिस को दी फर्जी फ़ायरिंग की सूचना
- दिन दहाड़े हुई फायरिंग की सूचना पर पुलिस में मच गया था हड़कंप-
- पड़रौना कोतवाली पुलिस की कुछ घण्टों की जांच में खुल गई फर्जी फायरिंग की पोल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना,कुशीनगर । पडरौना कोतवाली क्षेत्र के खिरकिया में पिछले दिनों एक युवक ने खुद ही फायरिंग कर पटीदारों पर जान से मारने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो पता चला कि सूचना देने वाले युवक ने ही पटीदारों को फंसाने के लिए अवैध तमंचा से फायरिंग की थी। इस मामले में एसआई की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर रवि कुमार राय ने बताया कि बिहार प्रांत के धनहा थाना क्षेत्र के डीही गांव निवासी उपेंद्र पटेल ने कुछ दिन पहले पुलिस को सूचना दी थी कि खिरकिया में रहने वाले उसके दो पटीदारों ने उस पर फायरिंग झोंक दी थी। एसआई रिजवान अहमद से जांच कराई गई तो पता चला कि बिहार निवासी युवक ने खुद ही अवैध तमंचे से फायरिंग की थी और पटीदारों को फंसाने का कुचक्र रचा था। इंस्पेक्टर ने बताया कि शनिवार को आरोपी युवक उपेंद्र पटेल को कोतवाली क्षेत्र के त्रिलोकपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में पूछताछ की गई तो उसने यह स्वीकार करते हुए बताया कि पटीदार युवकों को फंसाने के लिए उसने ऐसा किया था। मामले में एसआई की तहरीर पर केस दर्ज करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# संविधान में प्रदत्त शक्तियां हमें देती हैं जीने का अधिकार

- संविधान को जानना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्यः रामप्रवेश यादव
- संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर विचार गोष्ठी आयोजित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। नगरपालिका कुशीनगर क्षेत्र के श्री राधा कृष्ण इंटर कालेज में निर्वाण सेवा संस्थान कुशीनगर द्वारा संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर विचार गोष्ठी आयोजित गया। सोमवार को आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता किसान नेता गोबर्द्धन प्रसाद गोंड़ ने कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा और अनूठा संविधान है।

संविधान में प्रदत्त शक्तियां हमें स्वतंत्रता, बंधुता, न्याय, अभिव्यक्ति और जीने का अधिकार देता है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए हम संविधान का संरक्षण करें। इसी क्रम में बुद्धा पीजी कुशीनगर के छात्र संघ के पूर्व महामन्त्री अशोक सिंह, दिनेश सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये। शिक्षक सत्येन्द्र मिश्रा ने सभी को संविधान की रक्षा की शपथ दिलाई।

अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य राम प्रवेश यादव ने भारतीय न्याय संहिता की चर्चा करते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेदों और धराओं को जानना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। जब हम जानेंगे तभी अपने अधिकारों की रक्षा कर पाएंगे। निर्वाण सेवा संस्थान के प्रबन्धक/वरिष्ठ अधिवक्ता विजेंदर कुमार राय के निर्देशन में संस्था द्वारा विविध जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। छत्राएँ खुशबू सिंह, करिश्मा गोंड़, मनीषा सिंह, अन्नू सिंह, काजल गोंड़, अमृता ने स्वागत व राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम संयोजक हृदया नन्द शर्मा ने संचालन करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान राम नक्षत्र यादव, अवधेश सिंह, उदय सिंह, बाबू नंदन सिंह, विनायक यादव, सूर्य नरायण सिंह, फूल बदन यादव, नन्दलाल, दिनेश कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह सहित छात्र व छत्राएँ मौजूद रहे।

## दलित किशोरी से छेड़खानी में अभियुक्त को तीन साल की कैद

**हमीरपुर।** सोमवार को थाना सुमेरपुर के एक गांव में पिछले करीब नौ साल पहले अनुसूचित जाति की किशोरी को बुरी नीयत से पकड़ने व विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों से गाली गलौज कर अपमानित करने के मामले में अदालत ने अभियुक्त को तीन वर्ष के कठोर कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। एडीजीसी रूद्रप्रताप सिंह ने बताया कि थाना सुमेरपुर के एक गांव निवासी अनुसूचित जाति के पीड़ित पिता ने एक अक्टूबर 2015 को तहरीर दी। जिसमें अभियुक्त रवि सिंह पुत्र मामू सिंह उर्फ अजय सिंह पर उसकी 17 वर्षीय पुत्री से छेड़खानी करने का आरोप लगाया था। साथ ही विरोध करने पर जाति सूचक शब्दों से गाली गलौज करने की तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने धारा 354, 504, आठ पॉक्सो एक्ट व 3 (1) 11 एससी/एसटी एक्ट के तहत रवि सिंह पुत्र मामू सिंह उर्फ अजय सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

# सरिता ने गोल्ड मेडल जीत कर जनपद का नाम रोशन

- दो दिवसीय राज्यस्तरीय महिला एथलेटिक्स एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। दुदही विकास खंड के सरगटिया करनपट्टी निवासी व फतेह मेमोरियल इंटरमीडिएट कालेज तमकुहीराज की दसवीं की छात्रा सरिता निषाद ने 3000 मीटर दौड़ की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गत 21 व 22 नवंबर को रीजनल स्टेडियम गोरखपुर में खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश एवं क्षेत्रीय खेल कार्यालय गोरखपुर के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय महिला एथलेटिक्स एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता में सरिता को उक्त उपलब्धि हासिल हुई।

इसके पूर्व सरिता ने मंडल स्तर पर तीन हजार मीटर दौड़ प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता था। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 18 मंडलों से प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त 36 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। सरिता की उपलब्धि पर पिता वीरेंद्र निषाद,माता हीरमती देवी, बीईओ डा.प्रभात चंद राय, कोच दुर्गावती देवी,जिला व्यायाम शिक्षक अनिल मिश्र,प्रधानाचार्य डा.रमेश सिंह,क्षेत्रीय व्यायाम शिक्षक अमित श्रीवास्तव,अमित कन्नौजिया,रवीश कुमार, विमलेश प्रताप सिंह,दुर्गेश सिंह,राकेश कुमार,आशीष मिश्र,अलाउद्दीन अंसारी, अरविंद दुबे,राजेश यादव, ओपी सिंह,सिद्धार्थ यादव, राकेश कुमार,भाई शैलेश, राकेश व दुर्गेश आदि ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# पुराने गर्म कपड़े दान हेतु रोटरी क्लब कुशीनगर ने लगाया स्टाल

- ठंड से जरूरतमंदों को राहत दिलाने हेतु रोटरी की एक पहल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। कसया स्थित गांधी चौक पर अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संगठन रोटरी क्लब कुशीनगर के सौजन्य से विगत वर्षो के भांति इस वर्ष भी ठंड से जरूरतमंदों को राहत दिलाने हेतु एक पहल किया गया है, जिसमें पुराने गर्म कपड़ो को लोगों से इकट्ठा कर जरूरतमंदों के मध्य बांटने हेतु एक अनोखा स्टाल गांधी चौक, कसया पर लगाया गया। यह स्टाल पूरे ठंडक तक लगा रहेगा। इस स्टाल का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद कुशीनगर की अध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल एवं विशिष्ट अतिथि कसया के थानाध्यक्ष गिरिजेश उपाध्याय के द्वारा फीता काट कर किया गया। नपाप अध्यक्ष ने रोटरी द्वारा किए जा रहे निरंतर सामाजिक कार्यो की उन्होंने जमकर प्रशंसा की। रोटरी के अध्यक्ष वाहिद अली ने स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर रोटरी के रोटरी के अध्यक्ष वाहिद अली ने बताया कि रोटरी द्वारा यह कार्यक्रम लगातार पाँच वर्षो से चलाया जा रहा है जिससे अब तक हजारों जरूरतमंद लाभान्वित हुए हैं। रोटरी के के सचिव अजय सिंह ने नगर वासियों से अपील किया कि अलमारियों और संदूकों में बंद आवश्यकता से अधिक अपने पुराने गर्म पहनने योग्य कपड़े अधिक से अधिक स्टाल पर दान करें, जिससे इस ठंड में जरूरतमंदों की जरूरतें पूरी हो सके। कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमन लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रोटरी के अध्यक्ष वाहिद अली, सचिव अजय सिंह, उपाध्यक्ष दिनेश यादव, उपाध्यक्ष संदीप रौनियार, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, संयुक्त सचिव अखिलेश शर्मा, गौरव मद्धेशिया, फैयाज खान, इम्तियाज आलम, अश्वनी जायसवाल, सरवरे आलम (छोटे), रंजीत श्रीवास्तव, विकास मद्धेशिया एवं आदिल खान के अलावा कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री से राशिकरण की कटौती पर उचित आदेश की मांग : कप्तान

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** संयुक्त पेन्शनर्स कल्याण समिति का कल रबीन्द्रालय में होने वाले सम्मेलन की तैयारी को लेकर विद्युत पेंशनर्स परिषद उत्तर प्रदेश की आज बैठक सम्पन्न हुई । 36वें सम्मेलन में संगठन के अच्छे कार्य प्रदर्शन करने वाले कार्यकर्ता व पदाधिकारी को सम्मानित भी किया गया। कप्तान सिंह प्रमुख महासचिव विद्युत पेंशनर्स परिषद ने बताया कि पूरे प्रदेश के विद्युत पेंशनर्स की मांग को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर अपील किया गया है कि राशि करण की कटौती 15 वर्ष के स्थान पर 10 वर्ष 11माह तक पूर्ण मानने के लिए अपने स्तर से मा. उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्णीत फैसले पर विचार कर उचित कार्यवाही करें। जिससे पेन्शनरों का आर्थिक शोषण से बचाया जा सके। बैठक की अध्यक्षता भारत भूषण गोयल ने किया, प्रमुख महासचिव कप्तान सिंह ने मुख्यमंत्री से राशि करण की कटौती पर उचित आदेश दिए जाने की मांग किया।

## रोटावेटर के चपेट में आने से घायल किशोर की इलाज के दौरान मौत

**कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भलुही निवासी संतोष सिंह के 7 वर्षीय पुत्र काजू उर्फ सुजीत का मेडिकल कॉलेज में सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। बीते रविवार को काजू उर्फ सुजीत खेत जुताई के दौरान रोटावेटर के चपेट में आ गया था जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका इलाज मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में चल रहा था।जहां सोमवार को इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। वहीं इस हृदय विद्यारक घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।

## संदिग्ध अवस्था मे महिला की मौत, ससुरालवालों पर प्रताड़ित करने का आरोप

**फतेहपुर।** जिले में सोमवार को विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस मृतका के शव को कब्जे में लेकर घटना की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के निहालपुर सानी गांव निवासी शिव कुमार की पत्नी जलसा देवी(24) की संदिग्ध अवस्था मे घर के अंदर मौत हो गई। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घटना की जांच पड़ताल कर रही है। खागा कोतवाली क्षेत्र के बनसू का पुरवा मजरे सोहन गाँव निवासी मृतका के पिता रमन सिंह ने बताया कि हमने अपनी पुत्री जलसा देवी की शादी 30 मई 2023 को सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के निहालपुर सानी गाँव निवासी शिव कुमार के साथ किया था। आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही दहेज के लिये पुत्री को उसके ससुराली जन प्रताड़ित करते थे, जेवर को लेकर घर में विवाद होता था। बेटी का फोन आया था उसने मारने-पीटने की बात कही थी और फोन कट गया था। जब हम लोग उसके घर पहुँचे तो देखा बेटी मृत अवस्था मे जमीन पर लेटी थी। हम लोगों ने स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दिया तो पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि घटना के समय दामाद बाहर था जब उससे बात किया तो उसने बताया कि तुम्हारी बेटी ने फांसी लगा लिया है। वहीं मृतका के पिता ने पुत्री की मौत की वजह ससुराली जनों द्वारा प्रताड़ित किया जाना बताया है। थानाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मायके वालों की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## जिलाधिकारी ने दीप प्रज्जवलित कर किया ह्वाइट कोट सेरेमनी का शुभारम्भ

**मीरजापुर।** मां विन्ध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित ह्वाइट कोट सेरेमनी का शुभारम्भ जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान चतुर्थ सेमेस्टर में पहुंचने वाले छात्रों को ह्वाइट कोट (यूनीफार्म) पहनाकर प्रेरणादायक सम्बोधन दिया। जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि चिकित्सा पेशा न केवल सेवा का बल्कि पुण्य का कार्य है। गरीब और जरूरतमंद मरीजों की मदद करना एक चिकित्सक की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्रों को सीनियर्स और अध्यापकों से सीखने और अस्पताल में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर को समाज में ईश्वर का दूसरा रूप माना जाता है। जब लोग शारीरिक या मानसिक कष्ट में होते हैं, तो वे डॉक्टर के पास समाधान की उम्मीद से आते हैं। इसलिए चिकित्सकों को धैर्य और समर्पण के साथ अपनी भूमिका निभानी चाहिए। जिलाधिकारी ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य संजीव कुमार सहित अन्य चिकित्सक भी उपस्थित रहे।

## छेड़छाड़ व आईटी एक्ट के दोषी को चार वर्ष का कारावास, एक लाख रुपये का अर्थदंड

**फिरोजाबाद।** न्यायालय ने सोमवार को नाबालिग से छेड़छाड़ व आईटी एक्ट के दोषी को 4 वर्ष के करावास की सजा सुनाई है। उस पर अर्थ दंड भी लगाया है। अर्थ दंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। थाना उत्तर क्षेत्र निवासी 14 वर्षीय किशोरी 11 जनवरी 2022 को बिहारी नगर में कोचिंग पढ़ने जा रही थी। इस दौरान गोमती नगर के समीप एक युवक ने उसे रोक लिया। उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। युवती के चिल्लाने पर उसने उसके फोटो वायरल करने की धमकी दी। किशोरी ने शोर मचाया तो वह धमकी देकर भाग गया। किशोरी की मां ने थाने में राजीव शर्मा पुत्र रमेश चंद्र निवासी नारिया बरवल थाना नरवर उज्जैन मध्यप्रदेश हाल निवासी कोसमा किता घिरोर मैनपुरी के खिलाफ थाना उत्तर में मुकदमा दर्ज कराया। मां का कहना था युवक 2021 से उसे इंस्टाग्राम पर परेशान कर रहा था। उसकी आईडी हैक कर अश्लील फोटो बनाकर डाल रहा था। पुलिस ने विवेचना के बाद राजीव के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कोर्ट संख्या एक अवधेश कुमार सिंह की अदालत में चला। अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक अवधेश भारद्वाज ने बताया मुकदमे के दौरान कई गवाहों ने गवाही दी। कई साक्ष्य न्यायालय के सामने प्रस्तुत किए गए। गवाहों की गवाही तथा साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने राजीव शर्मा को दोषी माना। न्यायालय ने उसे 4 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर 107050 ( एक लाख सात हजार पचास ) रुपया अर्थ दंड लगाया। अर्थ दंड न देने पर उसे 2 वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

## स्वच्छ सारथी क्लब ने शौचालयों पर पेंटिंग के जरिए दिया स्वच्छता का संदेश

बरेली, 25 नवंबर (हि.स.) । स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के तहत सुरक्षित स्वच्छता को बढ़ावा देने और स्वच्छता की आदतों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नगर निगम बरेली द्वारा स्वच्छ शौचालय हमारी जिम्मेदारी थीम पर एक अनूठा अभियान चलाया । इसके तहत ''पेंट माय टॉयलेट'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के स्वच्छ सारथी क्लब के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अभियान के दौरान चौपुला रोड स्थित सामुदायिक शौचालय पर पुलिस मॉडर्न स्कूल, किला थाना स्थित सामुदायिक शौचालय पर तिलक इंटर कॉलेज, और डेलापीर चौराहा स्थित सार्वजनिक शौचालय पर पी.सी. आजाद इंटर कॉलेज के छात्रों ने अपनी कला के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। पेंटिंग के माध्यम से जागरूकताः बच्चों ने शौचालय की दीवारों पर सुंदर पेंटिंग बनाकर साफ-सफाई के महत्व को दर्शाया। इसके साथ ही, शौचालयों में मौजूद सुविधाओं (जैसे, केयरटेकर का नाम, मोबाइल नंबर, गूगल लोकेटर आईडी) की जानकारी भी दीवारों पर प्रदर्शित की गई।

# मानक के अनुरूप नहीं हो रहा नाला निर्माण का कार्य

- नगरवासियों ने कहाः नाला निर्माण में मानक का नहीं रखा जा रहा है ख्याल।
- 24 लाख, 50 हजार से 230 मीटर हो रहा है नाला निर्माण का कार्य।



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर । नगर पालिका परिषद् कुशीनगर के पडरौना रोड कसाडा चौक के समीप तक जल निकासी के लिए बनाए जा रहे नाला निर्माण के कार्य में भारी अनियमितता बरतने की शिकायत सामने आ रही है। नाला निर्माण में ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। यह नगर के लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। गौरतलब हो कि 24 लाख, 50 हजार की लागत से बनने वाले इस नाला की दीवार की मोटाई व फिनसिग का कार्य सही ढंग से नहीं होने की बात बताई जा रही है। निर्माण में ठेकेदार शशांक मल्ल द्वारा घटिया सामग्री लगाए जाने की भी बात सामने आ रही है, जो नगर वासियों के लिए परेशानी का सबब बन सकती है। नगर पालिका के वार्ड नंबर-18 श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर (पडरौना रोड कसाडा चौक तक) 230 मीटर नाला का निर्माण होना है, जिसका कार्य वर्तमान में चल रहा है। इसी नाले में आधा मार्केट के घरों का पानी गिराना है। नाला निर्माण को लेकर नगर पालिका परिषद् कुशीनगर द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में 24 लाख, 50 हजार की स्वीकृति दी गई।

लेकिन मानक स्तर का कार्य नहीं हो पा रहा है। जिसके चलते इस नाला की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। जानकारों का कहना है कि स्वीकृति के 45 दिन के अंदर ही नाला का निर्माण हो जाना चाहिए, जबकि स्वीकृति नगर पालिका द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में दी गई है। इस मार्ग से जुड़े धर्मेंद्र तिवारी, सोनू ओझा, देवाशीष कुशवाहा, अवधेश, सुशील, सोनू आदि लोगों ने बताया कि इस रोड में नाला का निर्माण कार्य अच्छी बात है। नाला नहीं होने से अक्सर इस सड़क में जलजमाव की समस्या बनी रहती है। नाला बनने लगा तो लोगों में खुशी देखी गई। लेकिन जब नाला का सही निर्माण कार्य नहीं हो रहा है तो लोगों में निराशा भी देखी जा रही है। इन लोगों ने बताया कि नाला निर्माण में मानक का खयाल नहीं रखा जा रहा है। इस संबंध में ईओ अंकिता शुक्ला ने बताया कि निर्माण में अनियमित की शिकायत को लेकर जांच कराई जाएगी, यदि ठेकेदार द्वारा मानक के विपरीत कोई कार्य कराया जा रहा है, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज हत्या में सास व जेठ को 1010 वर्ष का कारावास



एजेंसी

फिरोजाबाद। न्यायालय ने सोमवार को दहेज की खातिर महिला की जलाकर हत्या के दोषी सास तथा जेठ को 10 - 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। उन पर अर्थ दंड भी लगाया है। अर्थ दंड न देने पर दोनों को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। थाना रामगढ़ के अब्बास नगर निवासी जन्नत पत्नी आशिक उर्फ भूरा की जलने के कारण 23 अगस्त 2018 को उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

जन्नत के भाई महबूब पुत्र इस्माइल खान निवासी भैंसा बृजपुर थाना नारखी ने थाना रामगढ़ में पति आशिक उर्फ भूरा, जेठ माजिद हुसैन, ममेरा जेठ यूनिस तथा सास सकुरान उर्फ शकीना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। विवेचना के बाद पुलिस ने माजिद हुसैन पुत्र वाहिद खा, यूनुस पुत्र मजीद खा तथा सकूरन के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। मुकदमा अपर सत्र न्यायाधीश, त्वरित न्यायालय कोर्ट संख्या दो रविकांत यादव की अदालत में चला। अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की पैरवी कर रहे एडीजीसी क्राइम अजय कुमार यादव ने बताया मुकदमे के दौरान न्यायालय में 6 गवाहों ने गवाही दी। कई साक्ष्य न्यायालय के सामने प्रस्तुत किए गए।

गवाहों की गवाही तथा साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने मृतका की सास सकूरन उर्फ सकीना तथा जेठ माजिद हुसैन को दहेज हत्या का दोषी माना। न्यायालय ने दोनों को 10-10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। उन पर तीन हजार पांच सौ - तीन हजार पांच सौ रुपया अर्थ दंड लगाया है। अर्थ दंड न देने पर उन्हें अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# उपभोक्ता पारंपरिक और आधुनिक वैल्यूएडेड डेयरी उत्पादों को करते हैं अधिक पसंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के अवसर पर गोदरेज जर्सी की व्यापक मिल्क रिपोर्ट से पता चलता है कि लखनऊ के उपभोक्ता पारंपरिक और आधुनिक वैल्यूएडेड डेयरी उत्पादों को अधिक पसंद करते हैं। लखनऊ के बाजार में पारंपरिक डेयरी उत्पादों का बोलबाला है, जिसमें घी 74 प्रतिशत के साथ सबसे ज़्यादा पसंद किया जाने वाला उत्पाद बन गया है, उसके बाद पनीर 73 प्रतिशत के साथ दूसरे नंबर पर है। डेटा से यह भी पता चलता है कि लखनऊ का पारंपरिक डेयरी से मज़बूत जुड़ाव जारी है, लखनऊ के 72 प्रतिशत निवासी नियमित रूप से दही खाते हैं और 66 प्रतिशत मक्खन का सेवन करते हैं। आधुनिक डेयरी वेरिएंट भी स्वीकार्यता प्राप्त कर रहे हैं, 46 प्रतिशत उपभोक्ता दही को अपने आहार में शामिल कर रहे हैं और 49 प्रतिशत ने फ्लेवर्ड मिल्क विकल्पों में रुचि दिखाई है।'बॉटम्स अप...इंडिया सेज़ चीयर्स टू मिल्क!' शीर्षक वाले इस व्यापक अध्ययन में दिल्ली, लखनऊ, मुंबई, पुणे, हैदराबाद, चेन्नई, बैंगलोर और कोलकाता के उपभोक्ताओं की प्रतिक्रियाएं शामिल की गई हैं। इस रिपोर्ट में उपभोक्ताओं की बदलती प्राथमिकताओं और उद्योग के रुझानों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है। डेयरी और डेयरी आधारित उत्पादों के प्रति वरीयता को समझने के अलावा, सर्वेक्षण ने गुणवत्ता की प्राथमिकता और खेत से घर तक प्रीमियम दूध के लिए भुगतान करने की इच्छा को समझने की भी कोशिश की। डेयरी प्रॉडक्ट्स को लेकर लोगों की अलग-अलग डेयरी प्राथमिकताओं पर टिप्पणी करते हुए गोदरेज जर्सी के सीईओ भूपेंद्र सूरी ने कहा, ''भारतीय उपभोक्ता पारंपरिक प्राथमिकताओं और आधुनिक डेयरी विकल्पों के प्रति खुलेपन का एक अनूठा मिश्रण प्रदर्शित करते हैं। दही, पनीर और घी जैसे स्थापित पसंदीदा प्रॉडक्ट्स से लेकर दही और फ्लेवर्ड मिल्क जैसे उभरते विकल्पों तक, आज के डेयरी उपभोक्ता अपने चयन में गुणवत्ता और पोषण मूल्यों को लेकर बहुत सचेत हैं। उन्होंने आगे कहा, ''जैसे-जैसे भारत का डेयरी उद्योग बढ़ता और विकसित होता जा रहा है।

# भोले बाबा का नहीं रुकना चाहिए कोई काम : इरफान सोलंकी

एजेंसी

कानपुर। सीसामऊ उपचुनाव में जीतने के बाद विधायक बनी नसीम सोलंकी पहली बार सोमवार को महाराजगंज जेल में बंद अपने शौहर व पूर्व विधायक इरफान सोलंकी से मिलने पहुंची। उनके साथ आर्य नगर सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी और कैंट विधायक मोहम्मद हसन रूमी तथा दोनों बेटिंयां भी थी। महाराजगंज जेल में बंद सपा के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी अपनी पत्नी नसीम की जीत पर रो पड़े और बोले कि बाबा भोले नाथ वनखंडेश्वर मंदिर के विकास का कोई भी काम रुकना नहीं चाहिए। इसके साथ ही पूर्व विधायक ने कहा कि जनता की अदालत ने अपना निर्णय सुनाया है। सीसामऊ की जनता की सेवा बगैर भेदभाव और निष्पक्षता के साथ करना है। हर गरीब के दरवाजे पर आवाज या संदेश मिलने पर सारे कार्य छोड़कर पहुंचना है। जनता की सेवा ही हमारा धर्म होना चाहिए। उक्त जानकारी देते हुए आर्य नगर से सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी ने बताया कि सीसामऊ सीट से नवनिर्वाचित विधायक नसीम सोलंकी पहली बार अपने दोनों बेटियों के साथ सोमवार को अपने शौहर से मिलने महराजगंज जनपद जेल में पहुंची। उनके साथ कैंट के विधायक मोहम्मद हसन रूमी भी थे। बताते चलें कि इरफान सोलंकी को कोर्ट से सात साल की सजा मिली है जिसके तहत इन दिनों वह महाराजगंज जेल में बंद हैं।इरफान सीसामऊ सीट से लगातार तीन बार सपा से विधायक रहे। इसके पूर्व एक बार आर्य नगर सीट से भी विधायक रह चुके हैं। इसी सीट से दो बार उनके पिता हाजी मुश्ताक सोलंकी भी विधायक रहें। इस प्रकार लगातार सातवीं बार विधायकी में सोलंकी परिवार की सपा से जीत हुई है।



# एसपी ने चलाया तबादला एक्सप्रेस, हटाए पांच चौकी इंचार्ज, 29 उपनिरीक्षक, एक निरीक्षक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने देर रात बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए पांच चौकी प्रभारियों को हटाया और 29 उपनिरीक्षकों व एक निरीक्षक के कार्यक्षेत्र में फ़ेरबदल किया।निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता:पुलिस लाइन सेप्रभारी जन शिकायत प्रकोष्ठ डिग्री प्रसाद गौतम:परमाणु नगर से कार्यालय चार्यचरी रोडवेज,राजेंद्र कनौजिया: रोडवेज चौकी से थाना इटिया थोक,अंगद कुमार सिंह:गुरु नानक चौकी।



से हथियागढ़ चौकी प्रभारी,अरुण कुमार:कोर्ट ऑफिस से पुलिस लाइन अवनीश शुक्ला:इटियाथोक से गुरु नानक मंच प्रभारी साहेब कुमार तिवारी बाजार से थाना कोतवाली नगर।

आलोक कुमार राय:पुलिस लाइन से तिवारी बाजार चौकी प्रभारी,विजय प्रकाश:ढेमवाघाट चौकी से थाना उमरी बेगमगंज,रामकेश चौधरी: खोड़ारे थाना से न्यायालय चौकी प्रभारी,रामकेश भारती:वजीरगंज थाना से सीओ कार्यालय मनकापुर,अनिरुद्ध प्रसाद यादव: खोड़ारे थाना से खरगूपुर,संजय कुमार सिंह: पुलिस लाइन से मनकापुर थाना प्रभारी ,कपिल देव चौरसिया:थाना इटियाथोक, बैरिस्टर सिंह:थाना मोतीगंज, पुलिस अधीक्षक का बयान एसपी विनीत जायसवाल ने कहा, ''इन स्थानांतरणों का उद्देश्य जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाना है।

यह फ़ेरबदल विभिन्न थानों और चौकियों पर प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए किया गया है।

हटाए गए चौकी प्रभारियों को अब थानों पर तैनात किया गया है,जहां वे अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए काम करेंगे।

# गुण्डा एक्ट के तहत 16 अपराधी जिला बदर

❑ 16 व्यक्तियों को 06 माह तक उपस्थिति दर्ज कराने हेतु किया गया पाबन्द

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच। जनपद में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी द्वारा 16 अपराधियों के विरूद्ध धारा 3(1) गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 06 माह के लिए जनपद से जिला बदर कर दिया गया है।

इसके अलावा 16 व्यक्तियों को अपने सम्बन्धित थानें में प्रत्येक माह आगामी 06 माह तक उपस्थिति दर्ज कराये जाने के आदेश दिये गये हैं।

जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार थाना रूपईडीहा अन्तर्गत ग्राम हरबंशपुर दा. देवरा नि. गोपाल पुत्र ननकू, थाना रामगांव के ग्राम बभनीचक दा. नेवादा नि. मोहित व अनिल मिश्रा पुत्रगण दुलभ उर्फ राम नरायन, थाना खैरीघाट के ग्राम बसवान वेली दा. बांसगढ़ी नि. छंगा पुत्र कनौजी लोध, थाना रिसिया के ग्राम डिहवा नि. राहत अली पुत्र मुन्नन, थाना कैसरगंज के ग्राम टाड़ेचतुर नि. दिलीप वर्मा उर्फ राजेन्द्र प्रसाद पुत्र रामयश, थाना कोतवाली देहात के ग्राम शाहपुर जोत यूसुफ हठीला नि. मुन्ना पुत्र लियाकत, थाना बौण्डी के ग्राम डिहवाकलां नि. पंकज पुत्र रामेश्वर, थाना हुज़ूरपुर के ग्राम चकजगतापुर नि. चैतू यादव पुत्र कोयले यादव, चन्दन, अंकित व अनुराग पुत्रगण जगदम्बा प्रसाद, थाना मोतीपुर के ग्राम मटेहीकलां नि. राकेश उर्फ रामकेस व राम उग्रह उर्फ उग्रे तथा थाना पयागपुर के ग्राम गुलहरिया दा. त्रिकोलिया नि. राम प्यारे व रमेश कुमार को 06 माह के जिला बदर किया गया है। इसी प्रकार थाना नवाबगंज अन्तर्गत ग्राम रामनगर सेमरा नि. मो. रज़ा उर्फ सिक्खा बाबा पुत्र7

मुख्तियार, थाना दरगाह शरीफ के ग्राम चैतूपुरवा नि. रितेश कुशवाहा पुत्र मनोज कुशवाहा, थाना रूपईडीहा के ग्राम भटपुरवा दा. निधिनगर संकल्पा नि. सोनू उर्फ समय भान पुत्र सुरेन्द्र सिंह, थाना सुजौली के ग्राम बिहारीपुरवा दा. चहलवा नि. मेवालाल पुत्र प्रभु, थाना विशेश्वरगंज के ग्राम कन्छर नि. राकेश कुमार गौतम पुत्र त्रिवेणी प्रसाद, गंगवल बाज़ार निवासी इरफान पुत्र बड़काऊ उर्फ गुलाम मोहम्मद, थाना मोतीपुर के ग्राम ताड़पुरवा दा. कतर्निया नि. कैलाश पुत्र श्रीराम, थाना कोतवाली नगर के मो. चांदपुरा नि. मो. फहीम पुत्र मो. नईम, थाना रानीपुर के ग्राम ऐलिहा नि. अनिल कुमार उर्फ जुजु यादव पुत्र माधवराम उर्फ माधे, थाना कोतवाली मुर्तिहा के ग्राम मिश्रापुर दा. गंगापुर नि. उत्तम पुत्र राम स्वरूप, पृथ्वीपुरवा दा. हरखापुर नि. लल्ला पुत्र मोहम्मद हुसैन, थाना कोतवाली देहात के ग्राम बंजारी मोड़ दा. शेखदहीर नि. राशिद पुत्र रसीद, थाना पयागपुर अन्तर्गत बस स्टाप पयागपुर नि. नवीन कुमार उर्फ रोविन्द कुमार पुत्र सेरेन्द्र उर्फ पप्पू यादव, थाना जरवलरोड के ग्राम लोनियनडीहा मो. अग्रवाल जरवल कस्बा नि. निरंजन चौहान पुत्र छोटेलाल व छंग्गा लाल पुत्र मनोहर तथा थाना बौण्डी के ग्राम जगरहनपुरवा दा. राजा रेहुवा नि. पवन कुमार पुत्र अमेरिका को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्देश दिया गया है। कि अपने से सम्बन्धित थाने में आगामी छः माह तक प्रत्येक माह उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करेंगे।

# पराली जलाने वालों को प्रशासन का तनिक भी खौफ नहीं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। जिला प्रशासन की लाख कवायद के बाद भी जिले में पराली जलाने का सिलसिला थम नहीं रहा। गाहे-बगाहे खेतों में पड़ी पराली को लोग आग के हवाले कर ही दे रहे हैं।ताजा मामला रविवार को खरगूपुर थाना क्षेत्र के आसिधा गांव के पास हुआ।किसान धान की फसल की कटाई के बाद खेतों में पड़ी पराली को आग के हवाले कर दिया गया।वहीं जिम्मेदारों को इसकी भनक तक नहीं लग पाई। जिलाधिकारी नेहा शर्मा खेतों में पराली जलाने से होने वाले नुकसान को लेकर अपने सोशल मिडिया अका उंट से लोगों से अपील भी कर रही है।वही गोष्ठियों में किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बावत जानकारी देते हुए जागरूक किया जा रहा है।

इतना ही नहीं इसके लिए सरकार आए प्रचार प्रसार करवा रही है और कृषकों को पराली न जलाने के बावत जागरूक कर रही है।बावजूद इसके कुछ कृषकों को खेतों में पराली जलाने का नशा है।उन्हें प्रशासन की कार्रवाई व इससे होने वाले नुकसान का तनिक भी खौफ नहीं है।बानगी के तौर पर रुपईडीह ब्लॉक के आसिधा



गांव के मामले को लिया जा सकता है।सड़क किनारे एक खेत में लगभग दस बीघा खेत में पड़ी पराली में रविवार अपरान्ह दो बजे आग लगा दी गई।पराली धू-धूकर जलती रही पर जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लग सकी।रुपईडीह ब्लॉक के आदि गांवों में आये दिन देखने को मिल रहा है।जिम्मेदार हैं कि वह खेतों पर पहुंचकर सम्बंधित किसान के विरुद्ध सीधे कार्रवाई न करते हुए सेटेलाइट रिपोर्ट आने का इंतजार कर रहे हैं।पराली जलाने की जानकारी नहीं है।ऐसा है तो कर्मचारी को भेजकर तस्दीक करा लेता हूं।खेत में पराली जली मिलने पर संबंधित किसान के विरुद्ध नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।( जिला कृषि अधिकारी।

# गौशाला में सूखा भूसा खाने को विवश गोवंश जिम्मेदार बेखबर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। योगी सरकार की बहुप्रचारित गौशाला योजना को मूर्त रूप से धरातल पर उतरने में जिम्मेदार रोड़ा अटका रहे हैं।जिम्मेदार गौशालाओं में बंद गोवंशों की दयनीय दुर्दशा होने के बावजूद बेखबर हैं।रुपईडीहा विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत पचरन में बेसहारा गोवंशों के लिये बनवाये गये आश्रय स्थल में इन दिनों गोवंश बदहाल स्थिति से गुजर रहे है।सरकार द्वारा बेसहारा गोवंशों के चारे पानी की व्यवस्था एवं उनके देख- रेख के लिए प्रति वर्ष लाखों रुपयों का बजट ग्राम पंचायतों को दिया जाता हैं।

परंतु उसके बावजूद भी जिम्मेदारों की खाऊ कमाऊ नीति के चलते आश्रय स्थलों में गोवंशों को सिर्फ सूखा भूसा देकर खाना पूर्ति की जा रही या यूं समझे उन्हें जिंदा रखा जा रहा है।

सूखे चारे की वजह से गोवंशों का पेट नही भर पाता है।जिससे गोवंश भूख और प्यास से तड़प रहे हैं और कमजोर होकर बीमारियों का शिकार हो जाते हैं। योगी सरकार द्वारा बेसहारा गोवंशों से हो रहे किसानों की फसलों की बर्बादी एवं




नुकसान से बचाने के लिए लाखों करोड़ों रुपये खर्च कर गौशालाओं का निर्माण करा उनमें गोवंशों के चारे पानी एवं देखभाल की समुचित व्यवस्था की हैं।परंतु जिनके कंधों पर बेसहारा गोवंशों की देखभाल की जिम्मेदारी है,वही गोवंशों पर खर्च होने वाली धनराशि में बंदरबांट कर अपनी अपनी जेबें भर रहे हैं।उच्चाधिकारी भी अपने कार्यालयों में बैठ वहीं से कागजी कार्यवाही कर खानपूर्ति करने में जुटे हैं।जबकि गौशालाओं में बेसहारा गोवंशों की हालत बेहद खराब है।सामान्य परिस्थितियों में जहां उन्हें ताजे हरे-चारे और स्वच्छ पानी की व्यवस्था होनी चाहिये।वहां उन्हें केवल सूखे भूसे से संतोष करना पड़ रहा है।गौशाला में कई गोवंश बीमार और कमजोर नजर आ रहे हैं।गौशाला के संचालन और देखभाल के लिये शासन से लाखों रुपये का बजट जारी किया गया है। इस बजट का उद्देश्य गोवंशियों के लिये बेहतर चारा, चिकित्सा और आवासीय सुविधाएं प्रदान करना है।इसके बावजूद, जमीनी हकीकत इससे बहुत अलग है।गौशाला में उपलब्ध सुविधाएं बहुत ही सीमित और अपर्याप्त हैं,जो एक गंभीर समस्या की ओर इशारा करती हैं।इस बारे में बीडीओ को फोन किया गया तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

## 28 नवम्बर को महिला महाविद्यालय में आयोजित होगा युवा उत्सव

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय विकास दल अधिकारी प्राची पंवार ने बताया कि युवा कल्याण एंव प्रान्तीय रक्षक दल/विकास दल उ.प्र. के महानिदेशक एवं मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के निर्देश पर युवा कल्याण विभाग द्वारा 28 नवम्बर 2024 को महिला महाविद्यालय में मा. प्रधानमंत्री जी के पंचप्रण आधारित जनपद स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम (युवा उत्सव) एवं विज्ञान मेले का आयोजन किया जायेगा। जिसमें संस्कृति सत्र अन्तर्गत लोक नृत्य, समूह लोकगीत, एकल लोक नृत्य एवं एकल लोक गीत तथा जीशन कौशल सत्र अन्तर्गत कविता, कहानी लेखन, चित्रकारी एवं भाषण विधाओं में इच्छुक कलाकार जिनकी आयु 15 से 29 वर्ष के बीच है, प्रतिभाग कर सकते हैं। जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि 28 नवम्बर 2024 को महिला महाविद्यालय में आयोजित जनपद स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम (युवा उत्सव) के अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नवाचार विषय पर विज्ञान मेले का आयोजन किया गया है। युवा उत्सव के अवसर पर कृषि, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, एक जनपद एक उत्पाद, खादी ग्रामोद्योग, चिकित्सा, पंचायती राज, खेल-कूद, बेसिक शिक्षा, नेहरू युवा केन्द्र, माध्यमिक शिक्षा, आईटीआई, राष्ट्रीय सेवा योजना, समाज कल्याण व प्रोबेशन इत्यादि विभागों द्वारा आयोजन में सहयोग प्रदान किया जायेगा तथा विभागीय स्टाल लगाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी प्रदान की जायेगी। जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि युवा उत्सव के उपलक्ष्य में एकल श्रेणी की पेंटिंग, कविता, मोबाइल फोटोग्राफी में प्रथम 03 स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः रू. 2500, 1500 व 1000, भाषण प्रतियोगीता में प्रथम 03 स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः रू. 5000, 2500 व 1500, सामूहिक श्रेणी अन्तर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा साइंस मेले में प्रथम 03 स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः रू. 7000, 5000 व 3000 तथा सांइस मेले के एकल श्रेणी में प्रथम 03 स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः रू. 3000, 2000 व 1500 का नकद पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। जबकि समूह व एकल श्रेणी के लोकगीत व एकल श्रेणी के लोकनृत्य तथा युवाकृति (हैंडी क्राफ्ट, टेक्सटाइल्स एवं एग्रो प्रोडक्ट प्रदर्शनी) में विभागीय निर्देशों के अनुरूप निर्णय लिया जायेगा। सुश्री पंवार ने बताया कि युवा उत्सव में प्रतिभाग करने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक तथा शैक्षणिक संस्थाओं एवं विद्यालयों से पत्राचार किया गया है। सुश्री पंवार ने बताया कि युवा उत्सव में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक प्रतिभागी विकास भवन स्थित जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय विकास दल अधिकारी बहराइच के कार्यालय से सम्पर्क 26 नवम्बर 2024 तक पंजीकरण करा सकते हैं। जनपद स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम (युवा उत्सव) एवं विज्ञान मेले के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए मो.न. 7376654480, 8218364551, 9554604798 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## महिला जनसुनवाई दिवस 27 नवम्बर को

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के निर्देशानुसार माह नवम्बर के चतुर्थ बुधवार को आयोजित होने वाले ''महिला जनसुनवाई दिवस'' कार्यक्रम के अन्तर्गत 27 नवम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से लो.नि.वि. निरीक्षण भवन बहराइच में आयोग की सदस्य श्रीमती अंजु प्रजापति की अध्यक्षता में वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में महिला अपराधों की समीक्षा एवं जनसुनवाई की कार्यवाही की जायेगी। जनसुनवाई के पश्चात श्रीमती प्रजापति महिला बन्दी गृहों, बालिका/महिला गृहों व आंगनबाड़ी केन्द्रों का भी निरीक्षण करेंगी। यह जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय ने दी है।

## संविधान दिवस के अवसर पर जिले में आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** संविधान दिवस 26 नवम्बर, 2024 को स्वतंत्रता के अमृत काल के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में वर्ष-पर्यन्त विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। यी जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि 26 नवम्बर 2024 को जनपद मुख्यालय, समस्त नगर निकायों/जिला पंचायतों/क्षेत्र पंचायतों/ग्राम पंचायतों तथा शिक्षण संस्थाओं में कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में लोक भवन स्थित सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया जायेगा। जनपद में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक आयोजित करने हेतु जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी, प्रभारी नगर निकाय, नगर मजिस्ट्रेट, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त निकायों के अधिशासी अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पं.) को उत्तर दायित्व सौंपा गया है।

# इन-सीटू एवं एसएमएएम योजना हेतु चयनित होंगे एफपीओ व सदस्य कृषक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच। उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही ने बताया कि स्थापित सीबीजी प्लान्ट तथा अन्य बायोमॉस आधारित इकाइयों को फसल अवशेष उपलब्ध कराये जाने हेतु इन-सीटू एवं एसएमएएम योजनान्तर्गत एफपीओ एवं एफपीओ के सदस्य कृषकों को एग्रीग्रेटर के रूप में अनुदान पर कृषि यन्त्र उपलब्ध कराये जाने हेतु जिले को सामान्य जाति के लिए 03 व अनुसूचित जाति के लिए 01 कुल 04 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजनान्तर्गत एफपीओ तथा अधिकतम 02 शेयर होल्डर सदस्य भी लाभ प्राप्त कर सकते हैं। योजना के तहत 01 वर्ष से कार्यरत एफपीओ का एग्रीगेटर के रूप में चयन होने पर फसल अवशेष प्रबन्धन योजना से कस्टम हायरिंग सेन्टर (परियोजना लागत रू. 30.00 लाख पर 80 प्रतिशत) तथा अधिकतक 02 शेयर होल्डर सदस्य को एसएमएएम योजना से व्यक्तिगत कस्टम हायरिंग सेन्टर (परियोजना लागत रू. 10.00 लाख पर 40 प्रतिशत) अनुदान देय होगा। एफपीओ को रू. 30.00 लाख की लागत से 60 हॉर्स पावर का ट्रैक्टर, बेलिंग मशीन, स्ट्रा रेक, क्राप रीपर व अन्य फसल अवशेष प्रबन्धन वाले यन्त्र रू. 30.00 लाख तक की लागत का क्रय करना होगा। इसी प्रकार 02 सदस्यों को रू. 10.00 लाख की लागत के ट्रैक्टर एवं ट्राली क्रय करना अनिवार्य होगा। श्री शाही ने बतायष कि सीबीजी प्लान्ट/आयोगारा यूनिट से पराली एकत्र एवं क्रय करने का एमओयू प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने पर ही एफपीओ चयन हेतु पात्र होगा।

फार्म मशीनरी बैंक से लाभान्वित एफपीओ आवेदन के अर्ह नहीं होंगे। उप निदेशक कृषि ने बताया कि लाभार्थी को चयन डीएम की अध्यक्षता में गठित समिति के माध्यम से ऑफलाइन प्राप्त आवेदनों में से लक्ष्य के अनुसार किया जायेगा। चयन के उपरान्त कृषि विभाग द्वारा विभागीय पोर्टल पर एग्रीग्रेटर के रुप में एफपीओ और उसके चयनित सदस्य कृषक का योजना के आवेदक के रूप में पंजीकरण कराया जायेगा। पंजीकरण के समय उप कृषि निदेशक द्वारा आवेदक का चयन पत्र भी अपलोड किया जायेगा।

चयन/पंजीकरण के पश्चात लाभार्थी द्वारा क्रय किये गये यन्त्रों के बिल अपलोड की व्यवस्था कृषि निदेशालय लखनऊ द्वारा पोर्टल पर की जायेगी। डीडी एग्री ने बताया कि चयन के समय टर्नओवर शेयर होल्डर की संख्या, नियमित रुप से वार्षिक रिटर्न दाखिल न करने वाले एवं भारत सरकार/कम्पनी रजिस्ट्रार के यहां से प्रतिबन्धित न होने तथा अनियमितता सम्बन्धी कोई वाद न्यायालय में लम्बित न होने वाले एफपीओ को चयन में प्राथमिकता प्रदान की जायेगी। एफपीओ को यूपीएफपीओशक्ति डाट कॉम पोर्टल पंजीकरण होना आवश्यक होगा।

# अतिक्रमण से जनता परेशान, अधिकारी मौन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। नगर पालिका परिषद सहित क्षेत्रीय बाजारों में सड़क पर अतिक्रमण की चलते जाम की समस्या से जनता बेहद परेशान है तथा मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है जहां यात्रियों को जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है वही पैदल यात्रियों को और मरीज के तिमादारों को बहुत मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है जिस के चलते क्षेत्रीय



नागरिक काफी परेशान है स्कूल जा रहे बच्चों के लिए सबसे बड़ी समस्या है उन्हें जाम के समय रोड क्रॉस करने में घंटों लग जाते हैं।

शासन प्रशासन मूकदर्शक बना है जबकि गुरु नानक चौराहे से जिले की उच्च अधिकारियों का आना-जाना बराबर रहता है फिर भी कोई अधिकारी का ध्यान जाम की तरफ नहीं जाता है यह कैसा दुर्भाग्य है कि जहां ट्रैफिक जाम से जनता त्रस्त है वही अधिकारी मस्त है और अतिक्रमणकारी को ठेगा दिखाते हुए अतिक्रमण किए हुए हैं और इसकी कीमत जनता को भुगतनी पड़ रही है।

मोतीगंज, मनकापुर, कहोबा , परसपुर, झिलाही, नवाबगंज, कटराबजार, आर्य नगर, मल्लापुर, नगरपालिका परिषद क्षेत्र गोण्डा सहित दर्जनों बाजार अतिक्रमण की चपेट में आ गए हैं जिसके चलते यात्रा करना दूभर हो गया है।

# रुपईडीह ब्लॉक के गांवों में मनरेगा में फर्जी मस्टररोल जारी जिम्मेदार मौन

❑ प्रधान और सचिवों की मिलीभगत से सिर्फ कागजों में ही निपटा दिए जाते हैं मजदूर,कर दिया जा रहा करोड़ों का भुगतान....

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। मनरेगा में फर्जी मस्टररोल और फर्जी भुगतान के मामले में रुपईडीह ब्लॉक का नाम सबसे पहले सामने आता था।लेकिन एक कहावत गांव में कही जाती है कि तरबूज को देख कर खरबूज भी रंग बदलता है।ठीक उसी तरह रुपईडीह ब्लॉक भी उन ब्लॉकों की तरह मनरेगा कार्यों में फर्जी मास्टर रोल और उनके भुगतान में सभी ब्लाकों को पीछे छोड़ अव्वल नंबर पर अपनी जड़े जमाने में जुटा हुआ है। यह है पूरा मामला, हम बात कर रहे हैं महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा की।जिसके तहत सरकार तमाम निचले स्तर के गरीबों और असहाय मजदूरों को वर्ष में




मनरेगा योजना के तहत सौ दिन का कार्य देने के लिए कटिबद्ध है।परंतु देखा जा रहा है कि जनपद मुख्यालय से बीस किलो मीटर दूर रुपईडीह ब्लॉक ग्राम प्रधानों और सचिवों के भ्रष्टाचार का अड्डा बनता जा रहा है। केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना मनरेगा के नियमों को ताक कर रख कर खुद की खाऊ कमाऊ नीति से उसकी गाइडलाइन के विपरीत फर्जी मस्टरोल का सहारा लेकर फर्जी भुक्तान करवाने में लगे हैं।जानकारों की माने तो कड़ाके की ठंड और ताप मान तकरीबन बीस डिग्री सेल्सियस जो सुबह से ही शरीर को गला देने वाली रही और सभी लोग अपने अपने घरों में दुबक कर बैठे रहने को मजबूर थे तो ग्राम पंचायतों के प्रधान और सचिव भी बाहर निकले के लिए सोचते होंगे।लेकिन इस भीषण ठंड में भी ग्राम प्रधान और सचिव गांवों में मनरेगा के मस्टरोल से खेल करने में जुटे है। ब्लॉक कर्मचारियों के साथ मिलीभगत कर लाखों का वारा न्यारा कर रहे है।

## इन गांवों में चल रहा थी फर्जी मस्टर रोल का खेल

विशुनपुर बेलभरिया,पचरन छिटनापुर,भंगहा,भटपुरवा भवानियापुर खुर्द, चौहट्टा, गौसिहा, इटहिया नबी जोत, जेठपुरवा, केवलपुर, रजन्नपुर,शिवगढ़,तेलियाकोट आदि गांवो में मनरेगा के मास्टर रोल में चल रहा भ्रष्टाचार यह तो महज एक बानगी है।तमाम अन्य ग्राम पंचायतों में भी मनरेगा योजना में यही खेल जारी है।गांवों में फर्जी तरीके से मस्टररोल चालू कर ब्लॉक अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर मनरेगा मजदूर अदृश्य होकर जॉब कार्डों में अपनी हाजिरी लगा कर प्रतिदिन तकरीबन एक लाख 98 हजार 843 रुपए केंद्र सरकार को चपत लगा कर भुगतान कराने में लगे हुए हैं।

## ईमानदारी से जांच हो तो नपेंगे कई जिम्मेदार

अगर जिले के जिम्मेदार अधिकारी इन मामलों को संज्ञान में लेकर कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करें तो सरकार के करोड़ों रुपए गबन होने से बच जाएंगे और शायद रुपई डीह ब्लॉक भी सीबीआई जांच की जद में आने से बच जाएगा।ईमानदारी पूर्वक जांच हुई तो तमाम जिम्मेदारों की गर्दनें फंस सकती हैं।

## क्या कहती हैं मुख्य विकास अधिकारी

इस बारे में बात करने पर मुख्यविकास अधिकारी ने कहा कि जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।वही जब पत्रकारों की टीम ने इन गांवों में जाकर कार्यों का सत्यापन किया तो इक्का दुक्का कार्यों को छोड़ मजदूर तो मजदूर उस दिन गांव में कहीं कोई काम होता धरातल पर और साइड पर मजदूर नहीं दिखे और फर्जीमस्टर रोल चला रहा था।

# देवरिया में पुलिस अधीक्षक ने कई पुलिसकर्मियों के फ़ेरबदल किए

**एजेंसी**

देवरिया। पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को जनपद की कानून व्यवस्था को चुस्त चुरूत रखने के उद्देश्य कई उपनिरीक्षक और आरक्षियों के तबादले किए हैं। तबादलों के क्रम में उपनिरीक्षक विनोद कुमार यादव थाना रूद्रपुर से पुलिस लाइन, सतगुरू मिश्रा थाना भाटपारानी से पुलिस लाइन, अवसार अहमद थाना बरियारपुर से पुलिस लाइन, ज्ञान सिंह को पुलिस लाइन से लार थाने पर तैनात किया गया। कंप्यूटर ऑपरेटर शिवम कुमार राय को बरहज थाना से सदर कोतवाली, वीर बहादुर वर्मा को थाना सदर कोतवाली से बरहज थाना पर भेजा गया। हेड कांस्टेबल सुरजीत कुमार थाना बघौचघाट से गौरीबाजार थाना, हेड कांस्टेबल संतोष कुमार पासवान थाना बनकटा से पैरोकार थाना सुरौली, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार गुप्ता और राकेश कुमार यादव, अशोक कुमार सिंह , परमेन्द्र कुमार,चन्द्रमौलेश्वर सिंह , महबूब खां , ओम प्रकाश सिंह पुलिस लाइन से लार थाने पर तैनात किया गया। हेड कांस्टेबल पंकज कुमार शुक्ला ,रामबचन चौहान , सत्य प्रकाश, अंगद यादव , अजीत सिंह यादव, रमेश चन्द्र, अरविन्द कुमार पुलिस लाइन से सलेमपुर थाना , हेड कांस्टेबल रणधीर पटेल, अखिलानंद पुलिस लाइन से खुखुन्दू थाना , हेड कांस्टेबल सुरेश यादव पुलिस लाइन से कोतवाली भेजा गया। हेड कांस्टेबल रमेश यादव पुलिस लाइन से बघौचघाट, महिला हेड कांस्टेबल प्रियंका मिश्रा पुलिस लाइन से महिला थाना संबद्ध को थाना कोतवाली भेजा गया। महिला हेड कांस्टेबल सीता चौहान और चांद मती देवी और कांस्टेबल इन्दूबाला चैरसिया और नीलू देवी पुलिस लाइन से महिला थाना संबद्ध को थाना सुरौली भेजा गया। महिला हेड कांस्टेबल आफरीन खातून को पुलिस लाइन से महिला थाना संबद्ध को थाना सलेमपुर भेजा गया। महिला कांस्टेबल पूनम प्रधान पुलिस लाइन/ महिला थाना सम्बद्ध थाना लार भेजा गया। कांस्टेबल सूरज सिंह कुशवाहा पुलिस लाइन से थाना महुआडीह, कांस्टेबल कन्हैया चैहान पुलिस लाइन से थाना गौरीबाजार , कांस्टेबल अरमजीत यादव को थाना खुखुन्दू से गौरीबाजार भेजा गया। हेड कांस्टेबल चन्दन प्रसाद यूपी 112 से थाना भाटपाररानी भेजा गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि महिला कांस्टेबल प्रियंका प्रजापति थाना मदनपुर से अभियोजन कार्यालय भेजा गया। कांस्टेबल अभय शक्ति शुक्ला पुलिस लाइन से थाना रामपुर कारखाना भेजा गया। कांस्टेबल दुर्ग विजय यादव पुलिस लाइन से एकौना, नितेश यादव पुलिस लाइन से बरहज थाना, उर्दू अनुवादक अनवर थाना मईल से रामपुर कारखाना भेजा गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कांस्टेबल जयहिन्द यादव पुलिस लाइन से मईल थाना, योगेश कुमार बिंद थाना मईल से थाना कोतवाली, विशाल कुमार सिंह थाना श्री रामपुर से थाना एकौना ,कांस्टेबल आशीष यादव पुलिस लाइन से रूद्रपुर थाना, कांस्टेबल सौरभ सिंह पुलिस लाइन से भाटपाररानी ,कांस्टेबल प्रीतम कुशवाहा थाना लार से भाटपाररानी, कांस्टेबल विजय कुमार यादव था।

# सेंट जोसेफ स्कूल में विभिन्न मॉडलों व राज्यों की लगी प्रदर्शनी

❐ नन्हें मुन्नो का हुनर देख कर हैरान हुए अभिभावक

❐ अभिभावकों की जुटी बड़ी भीड़,एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने की सराहना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। नगर में स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में बच्चों द्वारा तैयार मॉडलों पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें कई विषयों पर आधारित माडलों का प्रदर्शन करके बच्चों ने अभिभावकों को हैरान कर दिया। प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में नगर व आसपास के क्षेत्र से लोग आये। मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी ने जमकर तारीफ की है।

सेंट जोसेफ स्कूल में सोमवार को विज्ञान, सामाजिक विज्ञान व आर्ट एंड क्राफ्ट सहित अन्य विषयों पर आधारित मॉडलों के प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य फादर राजेश,उपप्रधानाचार्या सिस्टर दीपा और शिक्षकों की देखरेख में बच्चों ने विभिन्न मॉडलों को बनाया। साथ ही मेहमानों का स्वागत भी किया। उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काटकर किया। प्रधानाचार्य फादर राजेश ने सैपलिंग, स्मृति चिन्ह देकर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस बार की खासियत ये रही कि बच्चों ने देश के विभिन्न राज्यों को दर्शाते हुए वहां की संस्कृति, वेशभूषा,भोजन, आर्ट एंड क्राफ्ट की झलक दिखाने की कोशिश की।

अपने बच्चों की कारीगरी को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। कक्षा 1 व 2 के बच्चों ने आर्ट एंड क्राफ्ट के विभिन्न मॉडलों का प्रदर्शन किया जिसे मुख्य अतिथियों सहित अभिभावकों ने काफी सराहा। 4 ए ने पर्यावरण, 4बी ने एग्रीकल्चर एंड नेचर, 4सी सोलर सिटी वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट, 5ए दहेज प्रथा, 5बी बाल श्रम, 5सी निर्धनता को दिखाते हुए मॉडल पेश किए। प्रदेशों की संस्कृति को दिखाते हुए 6 ए ने अरुणाचल प्रदेश, 6 बी गुजरात, 6सी पंजाब, 7 ए उत्तराखंड, 7 बी कर्नाटक, 7 सी हरियाणा, 8 ए तमिलनाडु, 8 बी महाराष्ट्र, 8सी हिमाचल प्रदेश, 9 ए पश्चिम बंगाल, 9 बी उत्तर प्रदेश, 9 सी केरल, 10 ए राजस्थान, 10 बी ने जम्मू कश्मीर की झलक दिखाई। वहीं कक्षा 12 वाणिज्य वर्ग ने भारतीय अर्थव्यवस्था को दर्शाते हुए मॉडल दिखाए। आगुंतुकों की जिज्ञासा काफी देखने को मिली उन्होंने बच्चों से मॉडलों से संबधित कई प्रश्न किये जिसका बच्चों ने बखूबी जवाब दिया। होम सेक्युरिटी सिस्टम,क्लीनिंग रोबोट, लेज़र सेक्युरिटी सिस्टम, कोटरेल प्रेसिपिटेशन, जल व वायु प्रदूषण,ट्रैश क्लीनिंग बोट, कैमिड सीसीटीवी कैमरा,वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट, एसिड रेन, डीएनए फिंगर प्रिंटिंग, वेस्ट मैनेजमेंट, कार्बन प्यूरिफिकेशन अंग्रेज़ी साहित्य को प्रस्तुत करते हुए सारे युगों के कवियों, फिगर ऑफ स्पीच,ब्रिटिश और अमेरिकन कवियों, सेटेलाइट लॉन्चिंग मैकेनिज्म,इनोवेटिव रीसाइक्लिंग,स्कूल प्लेफील्ड, बास्केटबॉल स्टेडियम, वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम, फायर फाइटिंग रोबोटिक कार, हाइड्रोलिक आर्म, भारतीय अर्थव्यवस्था, मेग्नेटिक एयर सस्पेंसन, जीएसटी और इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मॉडलों ने सबको तारीफ करने को मजबूर कर दिया।अंशू गुप्ता की देख रेख में कक्षा 6 ए के छात्र छात्राओ ने पूर्वोत्तर के सभी आठ राज्यों की भौगोलिक ऐतिहासिक और पर्यटन पर माडल बनाने के साथ पारंपरिक वेश-भूषा पहनकर प्रकाश डाला। आसाम प्रदेश के पारंपरिक नृत्य को भी प्रदर्शित किया गया।कारज सिंह के के दिशा निर्देशन में तैयार किए गए बीएमआई के मॉडल को बहुत सराहा गया। प्रधानाचार्या राजेश ने बच्चों के कार्य को खूब सराह कर शाबाशी दी। बाद में उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया है।

# राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने प्राथमिक विद्यालय के बच्चों से पढ़वाई पुस्तकें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के द्वारा मलिक मोहम्मद जायसी संयुक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज का निरीक्षण किया गया जहां पर उनके द्वारा पीकू वार्ड, महिला वार्डों में इमरजेंसी वार्ड तथा अन्य इकाईयों में महिलाओं से सम्पर्क कर चिकित्सा संबंधित सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गयी तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण किया गया जहां पर सभी कार्मिक रोस्टर के अनुसार उपस्थित मिले तथा वहां पर केन्द्र प्रबन्धक द्वारा कार्यालय के समस्त अभिलेखों महिलाओं से संबंधित प्राप्त प्रकरणों का अवलोकन तथा महिलाओं से संबंधित प्रकरणों की जानकारी ली गयी तथा केन्द्र प्रबन्धक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। वन स्टाप सेन्टर भवन में ही संचालित चाइल्ड हेल्प लाइन कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया जहां पर रोस्टर के अनुसार कर्मचारी



उपस्थित मिले।कार्यालय में उपस्थित कार्मिकों से बच्चों से संबंधित प्रकरणों के बारे में जानकारी ली गयी तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसके बाद आंगनवाड़ी केन्द्र ग्राम पंचायत भोयें विकास खण्ड जामों का निरीक्षण किया गया जहां पर शून्य से छह वर्ष तक के बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य व पोषण के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी तथा आंगनवाड़ी केन्द्र पर आयोग की उपाध्यक्ष द्वारा धात्री महिलाओं की गोदभराई तथा सभी बच्चों को फल वितरण किया तथा केन्द्र पर उपस्थितति आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उसी कम्पाउण्ड में स्थित प्राथमिक विद्यालय भोयें का भी निरीक्षण किया गया जहां पर बच्चों की शिक्षा स्वास्थ्य व पोषण के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी।राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष द्वारा बच्चों से राष्ट्रगान कराया गया तथा बच्चों से पुस्तक पढ़वा कर उनके ज्ञान स्तर का निरीक्षण किया गया तथा शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने प्राथमिक विद्यालय भोयें में एमडीएम में बने भोजन को चख कर निरीक्षण किया गया। इसके बाद निरीक्षण भवन गौरीगंज में महिला जन सुनवाई की गयी तथा संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी जिसमें उपजिलाधिकारी दिग्विजय सिंह, क्षेत्राधिकारी अखिलेश वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ला, जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रभात कुमार तथा जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल मौर्य व अजय कुमार बाल संरक्षण अधिकारी व महिला थानाध्यक्ष के साथ समीक्षा बैठक की तथा प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर बल दिया।

# संसार में बाप और बेटी का रिश्ता सबसे पवित्र है : शान्तनु जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । आरवीएस इण्टर कालेज तिलोई के प्रांगण में राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा आयोजित नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि गुरुदेव विश्वामित्र जी के साथ भगवान राम और लक्ष्मण जनकपुर में प्रवेश किए हैं जनकपुर क्या है जनकपुरी विशेष प्रकार का नगर है जिसमें साक्षात भक्ति महारानी बैठी और भगवान भक्ति को प्राप्त करने के लिये जा रहे हैं इसलिए जब भी जीवन में भक्ति अध्यात्म की यात्रा करनी हो तो गुरु का सानिध्य में चाहिये। उन्होंने कहा कि भगवान राम और लक्ष्मण जनकपुर भ्रमण के लिए गुरु की आज्ञा से चले और इनके इस रूप को देखकर पूरे जनकपुर में शोर हो गया भगवान ने सब को दर्शन देकर आनंदित किया। कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने पुष्प वाटिका के श्रृंगारिक प्रसंग को सुनाते हुये कहा कि पुष्पवाटिका वह स्थल है जहां पर भगवान और भक्ति का पहली बार मिलन हुआ जिनको भी भगवान का दर्शन करना है उनको बाग में आना ही पड़ेगा और बाग मानस में संतों की सभा को कहा गया है।


कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि भगवान और जानकी जी दोनों की अवस्था किशोरावस्था है और यह अवस्था जीवन की सबसे महत्वपूर्ण और सबसे खतरनाक होता है इसलिये यह अवस्था सुधरे सदी रहे इसके लिये बालकों को गुरु पूजा एवं बालिकाओं को गौरी पूजा करना चाहिये।

धनुष यज्ञ के प्रसंग में महाराज जी ने कहा कि बहुत सारे राजाओं ने धनुष को तोड़ने का प्रयत्न किया लेकिन किसी से नही टूटा क्योंकि यह सभी राजा मोर थे और भगवान धनुष को क्षण भर में भी तोड़ दिया क्योंकि धनुष अहंकार का प्रतीक होता है और भगवान क्षणभर से कम में तोड़ देते हैं और भगवान के द्वारा धनुष टूटते ही सारे जग में शोर हो गया खुशियां मनाई जाने लगी और मानव धनुष टूटने के साथ ही भगवान का विवाह पूर्ण हो गया।लक्ष्मण परशुराम संवाद को भी महाराज जी ने सुनाया अयोध्या से बारात आई और भगवान का सुंदर विवाह महाराज जनक के आंगन में हुआ आज भगवान और भक्ति का मिलन हो गया और सखियों ने मंगल गीत गाकर बधाई दी महाराज जी ने जानकी जी के विदाई के प्रसंग में कहा कि बेटियां ही घर की लक्ष्मी होती है जब बेटी विदा होती है कठोर से कठोर दिल का बाप भी रो पड़ता है क्यों क्योंकि बाप और बेटी का रिश्ता संसार में सबसे पवित्र है बाप बेटी से ही अपने मन की बात तथा बेटी बाप से ही अपने मन की बात करती है। श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस पर समाजसेवी धीरेन्द्र सिंह उर्फ धीरू द्वारा श्रोताओं को प्रसाद वितरित किया गया।

# बीएसए ने कई परिषदीय विद्यालयों का किया निरीक्षण दिए आवश्यक दिशा निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयों में निपुण एसेसमेंट टेस्ट कक्षा 1 से 3 तक के छात्रों की परीक्षा का आयोजन किया जा रहा था। जिसकी शिक्षा गुणवत्ता एवं छात्र उपस्थित हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विकास क्षेत्र ललौरी खेड़ा, बरखेड़ा एवं बीसलपुर के परिषदीय विद्यालय रूपपुर कमालू,जगरौलीपुल, पौटा कला, कंपोजिट स्कूल गाजीपुर,बरखेड़ा नंबर एक ,कंपोजिट स्कूल जोगीठेर, कम्पोजिट स्कूल पकड़िया मंगली,पतरसिया,अहिरपुरा, भदारा,यूपीएस लुहिचा आदि विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। समस्त निरीक्षित विद्यालयो के प्रधान अध्यापकों को निर्देशित किया गया है।कि विद्यालय में प्राप्त सभी ग्रांटों का नियमानुसार तत्काल उपभोग करते हुए उपभोग प्रमाण पत्र खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर उपलब्ध कराना सुरक्षित करे। साथ ही विद्यालय समय से पहले या विद्यालय समय के बाद ग्राम भ्रमण करते हुए अभिभावक सम्पर्क करते



हुए उन्हें अवगत कराना सुरक्षित करें कि ठंड के मौसम को देखते हुए अपने बच्चों को फुल यूनिफॉर्म एवं स्वेटर पहनाकर ही प्रतिदिन बच्चों को विद्यालय अनिवार्य रूप से भेजने का कष्ट करें।जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयो में निपुण एसेसमेंट टेस्ट में कक्षा 1 से 3 तक की छात्र उपस्थित रहे हैं।जिसमें विकास क्षेत्र अमरिया में 93.39% ब्लाक बरखेड़ा में 90.83% ब्लाक बिलसंडा में 88% ब्लॉक बीसलपुर में 92.34% ब्लॉक ललौरीखेड़ा में 91.48% ब्लॉक मरोरी में 91.95% ब्लॉक पूरनपुर में 91.84% एवं नगर क्षेत्र पीलीभीत में 97.10% छात्र उपस्थिति पायी गयी। इस तरह जनपद की कुल छात्र उपस्थिति 92.10% पायी गयी।

## महिला को बुरी नीयत से दबोचकर की छेड़छाड़ पुलिस से की शिकायत

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के गांव की रहने वाले एक महिला ने सोमवार समय 11:30 पर बताया। कि गांव के रहने वाले युवक ने पति की गैरमौजूदगी में घर में घुसकर उसको बुरी नीयत से दबोचकर जोर जबर्दस्ती करने का प्रयास किया। किसी तरह महिला ने अपने आप को बचाया और मामले डायल 112 पुलिस को सूचना दी। उसके बाद पीड़िता ने कोतवाली पहुंच कर पुलिस से शिकायत कर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## टेंपो और ट्रैक्टर ट्राली की भिड़ंत आधा दर्जन लोग घायल

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कलीनगर तहसील क्षेत्र में टेंपो चालक सवारी लेकर पूरनपुर आ रहा था। बताया जा रहा है कि जैसे ही टेंपो भीमपुर नौगजा गांव के नजदीक पहुंचा तभी एक ट्रैक्टर ट्राली हाइवे पर चढाने के दौरान टेंपो में टक्कर लग गई। जिसमें बताया जा रहा है कि टेंपो में आधा दर्जन लोग सवार थे और सभी घायल हो गए। 9 माह की गर्भवती महिला मीना पत्नी सलीम व धनदेवी पत्नी देवदास निवासी कलीनगर और रानीगंज निवासी लज्जावती पत्नी केसरी लाल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर अपने प्राथमिक उपचार के बाद मीना की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर एक व्यक्ति की मौत

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहल्ला बमनपुरी के रहने वाले बाबूराम पुत्र छोटेलाल उम्र 55 वर्ष रविवार देररात खमरिया पट्टी में स्थिति हाइवे पर मैरिज हाल में शादी समारोह में सामिल होकर घर बापस पैदल आ रहा था। तभी खमरिया पट्टी के पास में हाइवे पर किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जानकारी लगने पर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## गौरीगंज में युवा उत्सव एवं साइंस मेला छब्बीस नवम्बर को होगा

**अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला युवा कल्याण अधिकारी काशी नाथ ने बताया कि जनपद में युवा उत्सव एवं साइंस मेले का आयोजन युवा कल्याण विभाग, नेहरु युवा केन्द्र, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के द्वारा संयुक्त रुप से कॉमन प्लेटफार्म पर छब्बीस नवम्बर को मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि तथा समापन व पुरस्कार वितरण विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग हेतु कलाकारों की आयु बारह जनवरी 2025 को पन्द्रह से उनतीस वर्ष के मध्य होने के साथ ही अमेठी जनपद का मूल निवासी हो तथा युवा उत्सव एवं साइंस मेला के आयोजन हेतु भारत सरकार से प्राप्त गाइड लाइन के अनुसार प्रतियोगिता का आयोजन निर्धारित विद्या यथा-युवा कलाकार चित्रकला (पेंटिंग) प्रतियोगिता, युवा काव्य लेखन प्रतियोगिता, मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता,सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम, विज्ञान मेला एकल, विज्ञान मेला समूह,लोकगीत एकल,लोक गीत समूह, लोकनृत्य एकल व युवा कृति में कराई जायेगी। इस क्रम में उन्होंने बताया कि स्थानीय शहरी एवं ग्रामीण स्तर के कलाकारों एवं जनपद स्तर पर सभी विकास खण्डों के अतिरिक्त समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय शिक्षण संस्थानों तथा उपर्युक्त कार्य से जुडी निजी संस्थानों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

## इन्हौना पुलिस ने फ्लैगमार्च कर ड्रोन से कस्बे की निगरानी किया

**तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद संभल की घटना के बाद अमेठी में भी पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है।सोमवार को थाना इन्हौना पुलिस ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था को क़ायम रखने के उददेश्य से थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह के नेतृत्व में विभिन्न इलाकों में पैदल मार्च निकाल कर अफवाह फैलाने वालों को चेतावनी दी गई है।थानाध्यक्ष अमरेन्द्र सिंह ने कहा कि आम जनमानस से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाये रखने की अपील की गई है।इसके अलावा पुलिस ने कस्बा में ड्रोन से अराजकतत्वों की निगरानी का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर किसी ने अपने घरों की छतों पर ईट पत्थर के ढेर रखकर कोई गड़बड़ी की तो उसे बख्शा नही जायेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।थानाध्यक्ष ने बताया कि आम जनमानस से अपील कर शांति व्यवस्था कायम रखने की बात कही गई हैं।

## संविधान दिवस छब्बीस नवम्बर को मनाया जायेगा

**अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि शासन के निर्देश के क्रम में संविधान दिवस छब्बीस नवम्बर को मनाया जायेगा।उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जनपद के समस्त सरकारी कार्यालयों, नगरीय निकायों, जिला पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में संविधान से सम्बन्धित वृत्त चित्र का आयोजन व स्वच्छता का विशेष अभियान भी चलाया जाय। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि सरकारी,निजी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्य व शिक्षक द्वारा संविधान की विशिष्टताओं एवं वर्णित मौलिक कर्तव्यों, नागरिक कर्तव्यों पर वाद-विवाद, निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन कर उत्कृष्ट प्रर्दशन करने वाले तीन छात्र छात्राओं को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाय।

## जनपदीय बाल क्रीड़ा में नरायनपुर के बच्चों का रहा दबदबा

**सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विगत शुक्रवार को एमजीएस ग्राउंड सुलतानपुर संपन्न हुई जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय नरायनपुर की महती भूमिका रही। विजेता बच्चों का विद्यालय में सम्मान किया गया द्य नरायनपुर को अलग अलग खेल स्पर्धा में 17 गोल्ड,13 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज मेडल मिले। विद्यालय के छात्र वैभव सिंह को व्यक्तिगत चैंपियनशिप प्राप्त हुई। वैभव ने ऊंची कूद में गोल्ड, 200 मीटर में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। कबड्डी में विद्यालय ने एकतरफा जीत दर्ज की। छात्रों की इस सफलता पर खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार यादव, जिला व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक शिव प्रताप सिंह ने बधाई दी। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक दिनेश सिंह, इंद्रभान यादव, मुनेंद्र मिश्र, गीता, अनुपमा, बीना हरिकेश्वर सिंह सहित अभिभावक मौजूद रहे । विद्यालय से बच्चे लगातार राज्य स्तर तक अपना लोहा मनवाते हैं। अयोध्या में होने वाली मंडलीय प्रतियोगिता में ये बच्चे प्रतिभाग करेंगे।

## आज मनाया जाएगा संविधान दिवस

**सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** संविधान की सुरक्षा एवं देश को मजबूत बनाए रखने के लिए अंबेडकर युवा संघर्ष समिति खैराबाद द्वारा नगर के तिकोनिया पार्क में एक विशाल जनसभा आयोजित कर रहा है। मंगलवार 26 नवंबर को दलित, वंचित, शोषित, गरीब मजदूर, बेशहारा बेघर लोगों को संमुचित न्याय दिलाने के लिए संविधान दिवस के रूप में हो आयोजन को सफल बनाने के लिए संघर्ष समिति ने भारी संख्या में लोगों को पहुंचाने की अपील की है।

# ओबीसी महासभा ने राष्ट्रपति को संबोधित 19 सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। तहसील परिसर में ओबीसी महासभा ने राष्ट्रपति को संबोधित 19 सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार वीरेंद्र कुमार को सौंपा। जिसमें जाति जनगणना कराने की मांग की और सरकारी विभागों के किए जा रहे नीजिकरण पर रोक लगाने की मांग कर ओबीसी आरक्षण लागू रहने दिया जाए। क्डट्ट समाप्त कर ओबीसी को 54% आरक्षण लागू किया जाए। ओबीसी वर्ग पिछड़ी जाति के कर्मचारी अधिकारी एवं अधिवक्ताओं के साथ सामान्य वर्ग अधिकार दिया जाए और भेदभाव खत्म किया जाए। कोलेजियम सिस्टम के द्वारा न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया को समाप्त कर न्यायिक सेवा आयोग का गठन करके उसके माध्यम से परीक्षा के द्वारा न्यायाधीशों की नियुक्ति की जाए। बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार दिया जाए ऐसी कई मांगों को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा है।

# जिला गन्ना अधिकारी ने गन्ना क्रय केंद्र का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। एलएच चीनी मिल पीलीभीत के क्रय केंद्र टाडा गुलाब राय,चंदिया हजारा प्रथम व द्वितीय का निरिक्षण खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत द्वारा किया गया है।चंदिया हजारा प्रथम पर उपस्थित किसानो द्वारा बताया गया कि चीनी मिल द्वारा समय से गन्ना उठान नहीं किया जा रहा है। जिससे हम किसानो को नुकसान हो रहा है।

किसान दीपांकर थानेदार, राम प्रकाश, अजय, निरंजन,नवजोत सिंह व अन्य द्वारा बताया गया कि तौल कार्य से वह लोग संतुष्ट है।

लेकिन गन्ना यातायात की व्यवस्था सुधर जाये तो बहुत अच्छा होगा।चंदिया हजारा प्रथम के निरिक्षण के बाद चंदिया हजारा द्वितीय का निरिक्षण किया गया है। निरिक्षण के समय क्रय केंद्र प्रभारी संतोष कुमार द्वारा बताया गया कि अब तक इस क्रय केंद्र पर 11121.91 कुं गन्ना खरीद की जा चुकी है। मौके पर उपस्थित किसान



आस्तिक सरकार,सूरज राय व अन्य लोगो द्वारा चीनी मिल पीलीभीत की यातायात व्यवस्था ठीक न होने की शिकायत की है।इस सम्बन्ध मे जिला गन्ना अधिकारी द्वारा पीलीभीत चीनी मिल के अध्यासी को गन्ना उठान की व्यवस्था तुरंत ठीक करने हेतु निर्देशित किया है। क्रय केन्द्रो पर की गयी शिकायत का तुरंत संज्ञान लिया गया है। गन्ना किसानो द्वारा की गयी शिकायत को निरिक्षण नोट मे अंकित कर सहायक चीनी आयुक्त बरेली को कार्यवाही हेतु भेज दिया गया है। गन्ना किसानो की अनदेखी किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं की जायेगी।समय से चीनी मिल प्रबंधन गन्ना उठान की व्यवस्था सुनिश्चित करे अन्यथा की स्थिति मे जिला अधिकारी पीलीभीत के संज्ञान मे लाकर कठोर कार्यवाही की जाएगी। निरिक्षण के समय ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पीलीभीत व क्रय केंद्र से सम्बंधित किसान उपस्थित रहे है।

# कोयला-डीजल का अवैध कारोबार कर स्मैकिए तबाह कर रहे युवाओं की जिंदगी

❐ मूकदर्शक बना प्रशासन आपूर्ति विभाग और स्थानीय पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर । लखनऊ वाराणसी फोरलेन का असरोगा टोल प्लाजा क्षेत्र अवैध कारोबार का गढ़ बन गया है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया की जमीन पर अवैध कब्जा करते हुए अतिक्रमणकारियों ने अवैध रूप से दुकानें बना ली हैं। स्मैक, डीजल और कोयले के अवैध कारोबार से स्थानीय लोगों में गुस्सा व्याप्त है। समाजसेवियों ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया से स्थानीय प्रशासन के सहयोग से कार्रवाई की मांग उठाई है। लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन पर असरोगा टोल प्लाजा के निकट दोनों पटरियों पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। कुड़वार थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव के लोगों ने अधिकांश रूप में यह



अवैध अतिक्रमण कर रखा है और यहां पर दुकान बना ली गई है। एनएचआई के अधिकारियों के साथ आपूर्ति विभाग के जिम्मेदार इंस्पेक्टर और प्रशासनिक अधिकारी इस अवैध कार्य के प्रति बेपरवाह बने हुए हैं। ना तो सप्लाई ऑफिस की तरफ से मिलावटी डीजल की जांच की जा रही है जो धड़ल्ले से वाहनों को सप्लाई किया जाता है। शाम ढलने के बाद अवैध कारोबारी सक्रिय हो जाते हैं। और ना ही नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की तरफ से अवैध अतिक्रमण को हटाने का कार्य किया जाता है। स्मैकिए भी यहां के युवाओं का जीवन तबाह करने के लिए लगे हुए हैं। शाम ढलने के साथ खुलेआम स्मैक पुड़िया के रूप में यहां बेचा जाता है। अधिवक्ता दीपक कुमार समेत जिम्मेदार नागरिकों ने इस बाबत जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी को पत्र भेजा है। पत्र के जरिए इस अवैध कारोबार पर रोक लगाने जांच करने और ठोस कार्रवाई करने की मांग उठाई गई है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों से इस जमीन को अतिक्रमण मुक्त करते हुए यहां रोजगार सृजन और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने का मुद्दा उठाया गया है। डीजल, पेट्रोल, कोयला समेत स्मैकिए की सक्रियता को देखते हुए यहां के लोगों में काफी गुस्सा भी देखा जा रहा है।

# एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर । गनपत सहाय पी.जी. कॉलेज सुल्तानपुर में अर्थशास्त्र विभाग और इंडियन इकोनोमिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान मे एक राष्ट्रीय सेमिनार महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ.ओम प्रकाश पाण्डेय बजरंगी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता और तीन बार के कुलपति रहे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रो.एम. एम. गोयल, विशिष्ट अतिथि और रिसोर्स पर्सन के रूप में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय के भूतपूर्व डीन और अर्थशास्त्र विभाग के भूतपूर्व विभागाध्यक्ष प्रो प्रहलाद कुमार और पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण स्कूल सुल्तानपुर के आई.पी. एस. अधिकारी बृजेश मिश्रा सम्मिलित हुए।

सर्वप्रथम मंचस्थ महानुभावों द्वारा दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह राणा द्वारा आए हुए अतिथियों को बुके देकर उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि प्रो. गोयल द्वारा यूनियन बजट 2024- 25 पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए और गीता के अध्याय 9 के श्लोक संख्या 22 से प्रेरित नीडोनॉमिस्ट पर विस्तार से चर्चा की जिसमें उन्होंने कहा कि ईश्वर आपकी जरूरतों को पूरा करने और उन्हें संरक्षित करने का कार्य करते है केवल आपको उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। इसके बाद विशिष्ट अतिथि प्रो. प्रहलाद कुमार ने वैदिक साहित्य में पर्यावरण, वर्तमान की चुनौतियां पर अपने विचार प्रस्तुत किए और बताया कि अपने वेदों में पर्यावरण से संबंधित सभी समस्याओं का समाधान है। इसके बाद विशिष्ट अतिथि बृजेश मिश्रा द्वारा आध्यात्म से संबंधित बातों पर चर्चा की गई और वर्तमान में छात्र छात्राओं से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की और उनको जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। डॉ बजरंगी द्वारा अपने अध्यक्षीय संबोधन में वर्तमान में अभिभावकों को अपने बच्चों के साथ स्वस्थ संवाद स्थापित करने की आवश्यकता है क्योंकि माता ही अपने बच्चों की प्रथम गुरू होती है और घर प्रथम विद्यालय है।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य द्वारा आए हुए अतिथियों का आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# वायु प्रदूषण संकट

भारत अपने विषैले धुएँ को साफ करने में क्यों विफल रहा है? तकनीकी की प्रगति और नीतिगत हस्तक्षेपों के बावजूद दिल्ली को अक्सर दुनिया भर में सबसे प्रदूषित शहरों में से एक माना जाता है, जहाँ वायु गुणवत्ता में गंभीर गिरावट का सामना करना पड़ रहा है। नवंबर 2024 में, वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर स्तर को पार कर गया, जो कुछ क्षेत्रों में 500 तक पहुँच गया, जो 400 की ''गंभीर'' सीमा से कहीं अधिक है। यह भयावह स्थिति शहर के बढ़ते प्रदूषण संकट से निपटने के लिए प्रभावी, दीर्घकालिक समाधानों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है। सामान्य वायु प्रदूषण भारत में अपनी आधी से अधिक बिजली बनाने के लिए कोयले को जलाने से जुड़ा है। दिल्ली में, यह लाखों कारों से होने वाले उत्सर्जन और निर्माण उद्योग से निकलने वाले धुएँ के साथ मिलकर काम करता है, जहाँ कोई प्रदूषण नियंत्रण नहीं है। कुछ लोग दिवाली के दौरान पटाखों के व्यापक उपयोग को भी इसके लिए दोषी ठहराते हैं। अधिकारियों ने 2017 में पारंपरिक पटाखों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया था और लोगों को केवल पर्यावरण के अनुकूल रोशनी का उपयोग करने की अनुमति दी थी, लेकिन नियम को ठीक से लागू नहीं किया गया। पीएम2.5, प्रदूषित हवा में मौजूद सूक्ष्म कण पदार्थ, फ़ेफड़ों में गहराई तक जाकर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है, खासकर बच्चों, बुजुर्गों और श्वसन या हृदय की स्थिति वाले लोगों के लिए। हर साल, भारत में श्वसन सम्बंधी बीमारियों से सैकड़ों हजार लोग मरते हैं। 2021 में विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट में पाया गया कि भारत का कोई भी शहर प्रति घन मीटर हवा में 5 माइक्रोग्राम पीएम2.5 के अद्यतन विश्व स्वास्थ्य संगठन सुरक्षा मानकों को पूरा नहीं करता है। भारत के लगभग आधे राज्य इस सीमा को 10 गुना से भी ज्यादा पार कर गए हैं। तेज़ी से बढ़ते शहरीकरण और निजी वाहनों की बढ़ती संख्या कण पदार्थ उत्सर्जन में महत्त्वपूर्ण योगदान देती है। सफ़र इंडेक्स से पता चलता है कि वाहन प्राथमिक प्रदूषक हैं, जो पीएम2.5 उत्सर्जन में लगभग 40 प्रतिशत और नाइट्रोजन ऑक्साइड में 81 प्रतिशत का योगदान करते हैं। पुरानी तकनीक और उचित उत्सर्जन नियंत्रण की कमी के कारण दिल्ली और उसके आसपास के उद्योग ज़हरीली गैसें छोड़ते हैं। एनजीटी ने सीपीसीबी द्वारा प्रस्तुत क्षमता रिपोर्ट के आधार पर जिगजैग तकनीक वाले ईंट भट्टों सहित सभी ईंट भट्टों को बंद करने का निर्देश दिया है। पंजाब और हरियाणा में फ़सल अवशेषों को जलाने से दिल्ली की हवा में भारी मात्रा में धुआं और कण निकलते हैं। एनसीआर में चल रही निर्माण परियोजनाओं से अपर्याप्त नियंत्रण उपायों के कारण बड़ी मात्रा में धूल उत्पन्न होती है। राजमार्गों और मेट्रो लाइनों के निर्माण से परियोजना निष्पादन के दौरान पीएम 10 के स्तर में वृद्धि हुई है। भारत-गंगा के मैदान में दिल्ली का स्थान और सर्दियों के दौरान कम हवा की गति प्रदूषकों को फंसाती है, जिससे घने धुएँ की परत बनती है। दिल्ली के वायु प्रदूषण को दूर करने के लिए निवारक उपाय स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देना है जैसे सीएनजी, इलेक्ट्रिक वाहन और हाइड्रोजन जैसे स्वच्छ ईंधन पर स्विच करना वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को काफ़ी हद तक कम कर सकता है। दिल्ली की इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत, सभी डिलीवरी सेवा प्रदाताओं को 2023 तक अपने बेड़े का 50% और 2025 तक 100% इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलना होगा। किसानों को बायो-डीकंपोजर और नो-बर्न तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने से पराली जलाने को कमी आ सकती है। महाराष्ट्र में सगुना चावल तकनीक पराली जलाने को कम करती है। सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को बढ़ाने से निजी वाहनों पर निर्भरता कम हो सकती है, जिससे उत्सर्जन पर अंकुश लग सकता है। दिल्ली मेट्रो चरण ऋ्रृ का विस्तार कनेक्टिविटी में सुधार और यातायात से सम्बंधित प्रदूषण को कम करने का लक्ष्य रखता है। पूसा द्वारा विकसित बायोडीकंपोजर का उपयोग पराली प्रबंधन के महत्त्वपूर्ण विकल्पों में से एक है।

# महाराष्ट्र में हिंदुत्ववादी ताकतों ने एनडीए के पक्ष में कैसे बाजी पलटी

**भाजपा और उसके सहयोगियों की अकल्पनीय स्ट्राइक रेट पर बेमिसाल सफलता में किन तत्वों ने योगदान दिया। भारत के विचार (आइडिया ऑफ इंडिया) और भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारों के खिलाफ डीप स्टेट ताकतों के झूठे कथानक, साथ ही राहुल गांधी और इंडी गठबंधन को अंतर्राष्ट्रीय डीप स्टेट ताकतों का मजबूत समर्थन ने जाति, संविधान और आरक्षण के आधार पर हिंदू मतदाताओं के बीच व्यापक विभाजन पैदा कर दिया था। पीएम मोदी ने फिर से केंद्र में सरकार बनाई, लेकिन इस बार अपने दम पर बहुमत हासिल किए बिना। वामपंथी उदारवादी ताकतों और हिंदुत्व विरोधी राजनीतिक ताकतों ने झूठे कथानकों का लाभ उठाते हुए सनातन धर्म और मोदी सरकार पर भयंकर वैचारिक हमला किया। यह हिंदुत्व के लिए अधिक हानिकारक साबित हुआ है, लेकिन आरएसएस, विहिप, हिंदू धार्मिक और आध्यात्मिक संतों और उनके संगठनों जैसी हिंदुत्ववादी ताकतें हिंदुत्व के लिए हिंदुओं को एकजुट करने के लिए एक साथ आ गई हैं। आरएसएस, वीएचपी और अन्य हिंदुत्व संगठनों की मदद से एकजुट धार्मिक और आध्यात्मिक गुरुओं ने वक्फ बोर्ड अधिनियम, लव जिहाद, शरिया कानून, वोट जिहाद, मदरसा घृणित शिक्षा और इसके वित्तपोषण, हिंदुओं के धार्मिक धर्मांतरण और इसके घातक प्रभावों के खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए हिंदुओं की बड़ी सभाओं को संबोधित करके झूठी कथाओ पर काम करना शुरू कर दिया, और कैसे एकजुट हिंदू संविधान को विनाशकारी ताकतों से बचा सकते हैं, यह बताया गया। इस सजगता ने हिंदू समुदाय में एक बड़ी सकारात्मक लहर पैदा की, और उन्होंने पहचाना कि एकता कितनी महत्वपूर्ण है, यही वजह है कि 2019 और मौजूदा लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार वोट प्रतिशत में वृद्धि हुई। पीएम मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नारे ''एक है तो सुरक्षित है'' और ''बटेंगे तो कटेंगे'' ने हिंदुओं में जबरदस्त जागृति पैदा की। श्रेष्ठता और हीनता का सीमित जातीय रवैया टूट गया और हिंदू अब एकजुट होकर मतदान कर रहे हैं। मुस्लिम नेता सज्जाद नोमानी और अन्य मौलवी और मुस्लिम संगठनों द्वारा एमवीए को वोट देने के लिए ''फतवा'' जारी करने से भी हिंदू एकता बढ़ी है।**

23 नवंबर 2024 हिंदू समुदाय के लिए एक आंतरिक परिवर्तन का दिन बन गया है, क्योंकि भाजपा और सहयोगियों ने महाराष्ट्र में एक ऐसी स्थिति में भारी जीत हासिल की, जो बड़ी चुनौतीपूर्ण लग रही थी। हिंदू जागरण ने न केवल इस चुनाव के लिए, बल्कि भविष्य के चुनावों के लिए भी कथानक को परिभाषित किया है और यह भी बताया है कि कैसे राजनीतिक दल सनातन सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए विकास के लिए काम कर सकते हैं। भाजपा और उसके सहयोगियों की अकल्पनीय स्ट्राइक रेट पर बेमिसाल सफलता में किन तत्वों ने योगदान दिया। भारत के विचार (आइडिया ऑफ इंडिया) और भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारों के खिलाफ डीप स्टेट ताकतों के झूठे कथानक, साथ ही राहुल गांधी और इंडी गठबंधन को अंतर्राष्ट्रीय डीप स्टेट ताकतों का मजबूत समर्थन ने जाति, संविधान और आरक्षण के आधार पर हिंदू मतदाताओं के बीच व्यापक विभाजन पैदा कर दिया था। पीएम मोदी ने फिर से केंद्र में सरकार बनाई, लेकिन इस बार अपने दम पर बहुमत हासिल किए बिना। वामपंथी उदारवादी ताकतों और हिंदुत्व विरोधी राजनीतिक ताकतों ने झूठे कथानकों का लाभ उठाते हुए सनातन धर्म और मोदी सरकार पर भयंकर वैचारिक हमला किया। यह हिंदुत्व के लिए अधिक हानिकारक साबित हुआ है, लेकिन आरएसएस, विहिप, हिंदू धार्मिक और आध्यात्मिक संतों और उनके संगठनों जैसी हिंदुत्ववादी ताकतें हिंदुत्व के लिए हिंदुओं को एकजुट करने के लिए एक साथ आ गई हैं। आरएसएस, वीएचपी और अन्य हिंदुत्व संगठनों की मदद से एकजुट धार्मिक और आध्यात्मिक गुरुओं ने वक्फ बोर्ड अधिनियम, लव जिहाद, शरिया कानून, वोट जिहाद, मदरसा घृणित शिक्षा और इसके वित्तपोषण, हिंदुओं के धार्मिक धर्मांतरण और इसके घातक प्रभावों के खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए हिंदुओं की बड़ी सभाओं को संबोधित करके झूठी कथाओ पर काम करना शुरू कर दिया, और कैसे एकजुट हिंदू संविधान को विनाशकारी ताकतों से बचा सकते हैं, यह बताया गया। इस सजगता ने हिंदू समुदाय में एक बड़ी सकारात्मक लहर पैदा की, और उन्होंने पहचाना कि एकता कितनी महत्वपूर्ण है, यही वजह है कि 2019 और मौजूदा लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार वोट प्रतिशत में वृद्धि हुई। पीएम मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नारे ''एक है तो सुरक्षित है'' और ''बटेंगे तो कटेंगे'' ने हिंदुओं में जबरदस्त जागृति पैदा की। श्रेष्ठता और हीनता का सीमित जातीय रवैया टूट गया और हिंदू अब एकजुट होकर मतदान कर रहे हैं। मुस्लिम नेता सज्जाद नोमानी और अन्य मौलवी और मुस्लिम संगठनों द्वारा एमवीए को वोट देने के लिए ''फतवा'' जारी करने से भी हिंदू एकता बढ़ी है। धुले, महाराष्ट्र लोकसभा सीट पर हुए वोट जिहाद के बारे में हिंदुओं में समझ पैदा हो गई कि अगर वोट जिहाद के परिणामस्वरूप ऐसी सरकार बनती है जो मुसलमानों की महाराष्ट्र धर्म और सनातन धर्म विरोधी 17 मांगों को पूरा करती है तो यह पूरे हिंदू समुदाय के लिए कितना खतरनाक होगा। हिंदुत्ववादी ताकतों के संयुक्त प्रयासों ने हिंदू एकता को मजबूत किया और साथ ही सभी राजनीतिक दलों, खासकर हिंदुत्व का विरोध करने वाले और शरिया का समर्थन करने वालों को एक मजबूत संकेत दिया कि हिंदुओं को हल्के में नहीं लिया जा सकता और उन्हें दोयम दर्जे का नागरिक नहीं माना जाना चाहिए। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने अपने भाषण और रैली से काफी प्रभाव डाला, खासकर मराठवाड़ा के उस क्षेत्र में जिसने लोकसभा चुनावों में मोदी सरकार के खिलाफ वोट दिया था। सभी क्षेत्रों के बुद्धिजीवियों की टीमों को संगठित करके और हर अंतिम व्यक्ति तक सटीक जानकारी या आख्यान पहुँचाकर झूठे आख्यानों का भंडाफोड़ करना बहुत ही कारगर साबित हुआ है। राहुल गांधी और इंडी गठबंधन द्वारा आगे बढ़ाए गए हर झूठे आख्यान को तथ्यों और आंकड़ों का उपयोग करके पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया है। इससे लोगों में यह जागरूकता भी बढ़ी है कि संविधान, आरक्षण, व्यापार, उद्योग, उद्योगपति, अर्थव्यवस्था, महाराष्ट्र के गुजरात के साथ संबंध और किसानों की कठिनाइयों से संबंधित झूठे आख्यानों को सत्यता के साथ जवाब दिया जा रहा है। मराठा आरक्षण कारक ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को बहुत नुकसान पहुँचाया। मराठा और ओबीसी जाति की राजनीति ने भाजपा और उसके सहयोगियों को काफी नुकसान पहुँचाया है। मराठों के मन को बदलना मुश्किल था, यह तथ्य प्रस्तुत करके कि कौन उनके पक्ष में था और कौन उनके खिलाफ काम कर रहा था। साथ ही, ओबीसी की भावनाओं को सावधानीपूर्वक संबोधित किया जाना चाहिए। हिंदुत्ववादी ताकतों ने इस जटिल कार्य को सहजता से पूरा किया, तथ्यों और आंकड़ों के साथ जागरूकता फैलाई कि सभी को हिंदुत्व के झंडे तले क्यों एकजुट होना चाहिए। इससे भाजपा और उसके सहयोगियों को बहुत फायदा हुआ है। मराठा और ओबीसी मतदाताओं ने जातिगत राजनीति को दरकिनार कर बेहतर और महान महाराष्ट्र के पक्ष में बड़ी संख्या में मतदान किया। चूंकि राज्य में भी भाजपा की सरकार थी, इसलिए मध्यम वर्ग, नव-मध्यम वर्ग, गरीब परिवारों, किसानों और मजदूरों के लिए मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया गया। बहनों के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार द्वारा घोषित सबसे बड़ी और प्रभावी पहल, ''लाडली बहन योजना'' ने भाजपा और उसके गठबंधन सहयोगियों के पक्ष में एक मजबूत सकारात्मक लहर पैदा की है। भाजपा और उसके सहयोगियों को वोट देने के लिए महिलाओं की ताकत बड़ी संख्या में सामने आई। हालांकि झारखंड में भाजपा को जीत नहीं मिली लेकिन हरियाणा और महाराष्ट्र में उसकी जीत ने विपक्षी दलों सहित सभी लोगों की सोच को पूरी तरह बदल दिया है, जो पहले यह मानते थे कि भाजपा का पतन शुरू हो चुका है। केंद्र सरकार मजबूत होगी और राष्ट्रहित में और अधिक ठोस फैसले लेगी। उलटा इंडी गठबंधन जल्द ही बिखरता हुआ नजर आयेगा! अस्थिरता का मुद्दा भी पीछे चला गया है। वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम, यूसीसी और अन्य महत्वपूर्ण विधेयकों को संसद के दोनों सदनों में जोरदार तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा। अन्य दलों का समर्थन भी बढ़ेगा। महाराष्ट्र के नतीजों ने अरविंद केजरीवाल की तीसरी बार दिल्ली जीतने की उम्मीदों को झटका दिया है। अगले साल दिल्ली के चुनाव में निस्संदेह हिंदुत्ववादी ताकतों और हिंदू एकता का प्रभाव होगा। अगर ऐसी एकता बनी रहती है और मजबूत होती है, तो पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना को जीतने से इन राज्यों को सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से विकसित करना आसान हो जाएगा। यह समय है कि हर हिंदू दृढ़ होकर खड़ा हो और डीप स्टेट, राहुल गांधी और अन्य विपक्षी दलों द्वारा फैलाई गई किसी भी झूठी कहानी का विरोध करे। हिंदू एकता इस अद्भुत राष्ट्र के हर व्यक्ति को सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास के मामले में लाभान्वित करेगी। **-पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

# भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान

26 नवम्बर संविधान दिवस पर विशेष

**सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

26 नवंबर 1949 का दिन आजाद भारत के इतिहास का बड़ा ऐतिहासिक दिन था। इसी दिन संविधान बनकर पूरा हुआ था और इसे अपनाया गया। इसी दिन की याद में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन की नींव वर्ष 2015 में रखी गई। यह वर्ष संविधान के निर्माता और जनक डॉ. बी आर आंबेडकर की 125वीं जयंती वर्ष था। 26 नवंबर 2015 को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने इस दिवस को 'संविधान दिवस' के रूप में मनाने के केंद्र सरकार के फैसले को अधिसूचित किया था। सन् 1949, 26 नवम्बर को हमारा संविधान बनकर तैयार हुआ और उसे संविधान सभा द्वारा अपनाया गया। लेकिन इस तारीख के दो माह बाद 26 जनवरी 1950 को संविधान देश में लागू किया गया। 26 नवंबर का दिन संविधान दिवस व कानून दिवस होता है और 26 जनवरी का दिन गणतंत्र दिवस।अब सवाल यह भी है कि जब 26 नवंबर 1949 को हमारा संविधान बनकर तैयार हो गया था तो फिर इसे दो माह की देरी से यानी 26 जनवरी 1950 को क्यों लागू किया गया। इतना इंतजार क्यों किया गया? इसकी वजह बीस साल पहले आजादी की लड़ाई के दौरान की तारीख में मिलती है। दरअसल 26 जनवरी 1930 को कांग्रेस ने देश की पूर्ण आजादी या पूर्ण स्वराज का नारा दिया था। इसी की याद में संविधान को लागू करने के लिए 26 जनवरी 1950 तक इंतजार किया गया।19 दिसंबर 1929 में कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में पंडित जवाहर लाल नेहरू को कांग्रेस का नया अध्यक्ष चुना गया। इसी दिन पूर्ण स्वराज की मांग की गई। फैसला लिया गया कि जनवरी के आखिरी रविवार को देश का स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। यह तारीख 26 जनवरी 1930 थी। 26 जनवरी 1930 को पूर्ण स्वराज की इस मांग को सार्वजनिक किया गया। इस दिन पंडित नेहरू ने लाहौर में रावी नदी के किनारे तिरंगा झंडा लहराया था। इस तरह 26 जनवरी का दिन बेहद खास था जिसके लिए इंतजार किया गया। भारतीय संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है। इसके कई हिस्से यूनाइटेड किंगडम, अमेरिका, जर्मनी, आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और जापान के संविधान से लिये गये हैं। इसमें उक्त देशों के नागरिकों के मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों, सरकार की भूमिका, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री की शक्तियों का वर्णन भी अंशतः लिया गया है। विधानपालिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका का क्या काम है, उनकी देश को चलाने में क्या भूमिका है, इन सभी बातों के लिए पूरा संविधान तैयार करने में दो वर्ष, 11 माह 18 दिन लगे थे। यह 26 नवंबर, 1949 को पूरा हुआ था। संविधान की असली कॉपी प्रेम बिहारी नारायण रायज़ादा ने अंग्रेजी में हाथ से लिखी थी। ये बेहतरीन कैलीग्राफी के जरिए इटैलिक अक्षरों में लिखी गई है। संविधान भारत का सर्वोच्च कानून है। यह एक लिखित दस्तावेज है जो सरकार और उसके संगठनों के मौलिक बुनियादी संहिता, संरचना, प्रक्रियाओं, शक्तियों और कर्तव्यों और नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों का निर्धारण करने वाले ढांचे को निर्धारित करता है। इसे 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा अंगीकृत किया गया था और यह 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। इसको अंगीकृत किये जाने के समय, संविधान में 395 अनुच्छेद और 8 अनुसूचियां थीं और इसमें लगभग 145,000 शब्द थे, जिससे यह अब तक का अंगीकृत किया जाने वाला सबसे लंबा राष्ट्रीय संविधान बन गया। संविधान के प्रत्येक अनुच्छेद पर संविधान सभा के सदस्यों द्वारा बहस की गई, जिनकी संविधान के निर्माण के लिए दो वर्ष और 11 महीने की अवधि में ग्यारह सत्रों में और 167 दिनों के दौरान बैठक हुई। संविधान दस्तावेज के कुछ मूलतः बातें निम्न हैं जैसे आधिकारिक नाम संविधान दिवस ,अन्य नाम - राष्ट्रीय कानून दिवस ,अनुयायी- भारत, प्रकार- सरकारी,उद्देश्य- भारत ने 1949 में संविधान को अपनाया, उत्सव - स्कूलों में संविधान संबंधी गतिविधियां, रन फॉर इक्वलिटी- विशेष संसदीय सत्र, तिथि 26 नवम्बर आवत्ति -वार्षिक।

## सेहत मंत्र

# सर्दियों में अवश्य करें हल्दी का सेवन, मिलेंगे फायदे

हल्दी और सर्दी का एक बहुत पुराना रिश्ता है। ठंड के मौसम में लोग हल्दी वाले दूध से लेकर कच्ची हल्दी को अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं। दरअसल, इसमें ऐसे कई औषधीय गुण पाए जाते हैं, जो सर्दी में होने वाले स्वास्थ्य समस्याओं को आपसे दूर रखती है। बढ़ाए इम्युनिटी: ठंड के मौसम में लोगों की इम्युनिटी कमजोर हो जाती है, जिसके कारण वह इस मौसम में खांसी, जुकाम व अन्य कई मौसमी बीमारियों से ग्रस्त हो जाते हैं। ऐसे में हल्दी का सेवन जरूर करना चाहिए, यह एक इम्युनिटी बूस्टर की तरह काम करती है। यह एक एंटी-फंगल, एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल और एंटी-एलर्जिक की तरह भी काम करती है। इतना ही नहीं, हल्दी पाउडर श्वसन रोग जैसे अस्थमा से निपटने में भी प्रभावी है। यह समस्या सर्दियों में आम है। घटाए वजनः आप चाहे मानें या न मानें, ठंड के मौसम में अक्सर लोगों का वजन बढ़ने लगता है। दरअसल, इस मौसम में लोग तला हुआ व मीठा आदि अधिक खाते हैं। जिससे उनका वजन बढ़ जाता है। अगर आप भी अपना बढ़ता हुआ वजन देखकर परेशान है तो आपको अपनी समस्या का हल आपकी किचन में ही मिलेगा। हल्दी का सेवन करना शुरू कर दें। आप इसे सब्जी की करी से लेकर शहद या दूध के साथ मिक्स करके ले सकते हैं। यह आपको बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल लेवल से छुटकारा दिलाने में मदद करेगी और वजन घटाने और उसे मैनेज करने में भी मदद करेगी। स्किन का ख्यालः यूं तो स्किन समस्याएं आपको पूरा साल ही परेशान करती हैं, लेकिन सर्दी के मौसम में यह अधिक तंग करती हैं। इस मौसम में स्किन में रूखापन होना एक आम समस्या है और इसके लिए महिलाएं महंगी-महंगी क्रीम व पार्लर ट्रीटमेंट लेती हैं। आपको ऐसा करने की जरूरत नहीं है, बस आप हल्दी को अपनी स्किन का साथी बनाइए। आप हल्दी, दूध और शहद को मिक्स करके एक पेस्ट बनाएं और उसे स्किन पर लगाएं। जहां एक ओर यह पेस्ट एक्सफोलिएटिंग एजेंट के रूप में काम करेगा, वहीं दूसरी ओर स्किन को हाइडेट भी करेगा। जिसके कारण आपको रूखी स्किन से छुटकारा मिलेगा। जोड़ों का दर्दः ठंड के मौसम में जोड़ों का दर्द यकीनन काफी तंग करता है। चूंकि हल्दी पाउडर में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, इसलिए यह रोगी को जोड़ों के दर्द से राहत दिलाती है। इस बदलते मौसम में आप हल्दी का सेवन शुरू कर दें। यकीनन आपको दर्द से काफी हद तक आराम मिलेगा।

## धर्म मंत्र

# डराने वालों के झाँसे में न आयें, शनिदेव हैं कल्याणकारी

ज्योतिष एक पवित्र विद्या है परंतु कुछ लोग इस पवित्र विद्या को बदनाम कर रहे हैं। ज्योतिष मार्गदर्शन की विद्या है। लेकिन यह मार्ग दर्शन की विद्या न रहकर कुछ ज्योतिषियों के जीवनोपार्जन का साधन बन गया है। ये लोग खासतौर से शनि की साढ़ेसाती के नाम पर लोगों को ठगते हैं। प्रत्येक आदमी के जीवन पूर्व जन्म के कर्मों के योग की कहानी है। इससे कोई भी नहीं बच सकता। मानव के कर्म हर जन्म में उसका पीछा करते रहते हैं। जन्मों-जन्मों तक उसको अपने किए कर्मों का फल मिलता रहता है, मानव के कर्म उसके पीछे उसी तरह लगे रहते हैं जैसे गाड़ी का चक्का उसे खींचने वाले बैलों का करता है। क्या है शनि की साढ़ेसाती'- शनि का गोचर यदि जन्म कुंडली के चन्द्रमा से 12वें भाव में होता है तो उस आदमी की साढ़ेसाती आरंभ हो जाती है और जब तक गति चंद्रमा से दूसरे भाव में गोचर करता है तब तक साढ़ेसाती रहती है। यदि हम गति के गोचर से लेकर गणना करें तो एक व्यक्ति के जीवन में तीन बार साढ़ेसाती आ सकती है। क्योंकि गति एक राशि में ढाई साल रहता है और इस तरह बारह राशियों में तीस साल रहता है। प्रत्येक साढ़ेसाती साढ़े सात साल की होती है। इस हिसाब से एक व्यक्ति के जीवन में साढ़े बाइस साल साढ़ेसाती रहती है। तो क्या प्रत्येक आदमी को साढ़े बाइस साल अशुभ फल देने वाले होंगे। जोकि किसी भी रूप में संभव नहीं है क्योंकि व्यक्ति के जीवन में घटने वाली घटनाएं उसकी कुंडली के ग्रहों की स्थिति एवं जीवन में मिलने वाली दशाएं ही निर्धारित करती है।

पर्यटन



# कुदरती खूबसूरती से सराबोर पुलवामा को कहा जाता है कश्मीर का 'राइस बाउल'

पुलवामा का नाम लेते ही शायद आपको भी आतंक और दहशतगर्दी की याद आ जाती होगी, लेकिन कश्मीर का यह जिला कुदरत का नायाब तोहफा है। झरने, घाटी और पहाड़ों से घिरा पुलवामा आपकी सारी थकान और तनाव दूर कर देगा। यदि कभी जम्मू कश्मीर जाने का प्लान बनाएं तो पुलवामा की सैर अवश्य करें। पुलवामा जिले में खेती अच्छी होती है इसी वजह से इसे कश्मीर का 'राइस बाउल' यानी धान का कटोरा कहा जाता है। हरियाला, साफ आसमान, कुदरती झरने और सुंदर घाटियां पुलवामा को परफेक्ट टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाती है। ऐसी जगह जिसकी तलाश हर किसी को होती है छुट्टियां बिताने के लिए। एक बार पुलवामा जाकर तो देखिए यकीनन यहां की सुंदरता आपका मन मोह लेगी। ऐसा लगता है जैसे कुदरत ने बड़ी फुर्सत से बैठकर पुलवामा को संवारा हो। अहरबल झरनाः पुलवामा में कई खूबसूरत झरने हैं। अहरबल झरना यहां की मशहूर जगहों में से एक है, यहां का प्राकृतिक सौंदर्य आपका दिल जीत लेगा। पीर पंजाल पर्वत श्रृंखलाओं में घने पाइन और देवदार के पेड़ों से घिरी घाटी के बीच 25 मीटर की ऊंचाई पर तेजी से बहता अहरबल झरने को देखने का अनुभव आपके लिए यादगार बन जाएगा। पयेर मंदिर : झरने और कुदरती खूबसूरती के बीच ही पुलवामा में कई मंदिर भी है, जिसमें से एक है पयेर मंदिर। इसके बारे में कहा जाता है कि यह मंदिर 0वीं शताब्दी में बनवाया गया था। इस मंदिर की खासियत यह है कि यह एक ही पत्थर से बना है। इसकी वास्तुकला पर्यटकों आकर्षित करती है। यह मंदिर घने जंगलों के बीच स्थित है। अवंतीश्वर मंदिरः यह पुलवामा के ऐतिहासिक मंदिरों में से एक है। भगवान विष्णु और भगवान शिव को स?मर्पित है इस मंदिर को 9वीं शताब्दी ईस्वी में राजा अवंती वर्मा ने बनवाया था। अवंतीश्वर मंदिर झेलम नदी के तट पर स्थित है। इस मंदिर के देखभाल की जिम्मेदारी पुरातत्व सर्वेक्षण के तहत होती है। मंदिर की दीवारों पर प्राचीन लोक कथाओं और देवताओं की बहुत बारीक नक्काशी है। दुनियाभर से लोग इस मंदिर के दर्शन करने आते हैं।

# मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

## घर का इकलौता बेटा था मृतक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। देवा में वैन चालक द्वारा बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर में बाइक पर बैठे दो युवकों में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है,देवा कोतवाल अनिल पांडेय ने बताया मौके से फरार हुए वैन चालक की पुलिस तलाश कर रही है चालक जल्द पकड़ा जाएगा और वैन भी बरामद की जाएगी।

कोतवाली देवा के नगर पंचायत देवा के मोहल्ला शेख दो के निवासी अब्दुल रहमान (23)पुत्र मोहम्मद अरमान और मुख्तार पुत्र लल्लन वारसी निवासी मोहल्ला शेख 2 सोमवार को दोपहर में एक बाइक से देवा बाराबंकी रोड निकट पुराने यूनियन बैंक धारा पुलिया के पास जा रहे थे तभी एक



तेज रफ्तार से वैन चला रहे अज्ञात वैन चालक ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार बाइक सवारों को कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। हुई दुर्घटना में अब्दुल रहमान की मौके पर ही मौत हो गई और मुख्तार बुरी तरह घायल हो गया, गंभीर रूप से घायल मुख्तार को इलाज के लिए पहले देवा सीएचसी पर ले जाया गया। अस्पताल में मुख्तार की हालत गंभीर देख डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर किया मुख्तार का इलाज जिला अस्पताल पर चल रहा है। देवा कोतवाल अनिल पांडे ने बताया मृतक युवक का शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

घायल युवक का इलाज चल रहा है और चालक की तलाश की जा रही है।दुख की बात यह है कि मृतक अब्दुल रहमान के पिता मोहम्मद अरमान मुंबई और उनकी मां कोलकाता किसी जरूरी काम से गए हुए हैं फोन पर हुई वार्ता में मोहम्मद अरमान ने रोते से सिसकते हुए बताया उनका इकलौता पुत्र अब्दुल रहमान था,अब्दुल रहमान की मां का भी रो-रो कर बुरा हाल है पूरा देवा कस्बा गमगीन है सभी लोग यही चर्चा कर रहे हैं अब्दुल रहमान बहुत नेक और अच्छा लड़का था कभी किसी की बुराई भलाई में नहीं रहता था अरमान के घर पर भीड़ लगी हुई है।

### संभल की घटना को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

# चप्पे-चप्पे पर पुलिस, प्रशासन अलर्ट मोड पर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। संभल में हुई घटना को लेकर पूरा प्रशासन एलर्ट है, सोमवार को बाराबंकी के तहसील रामसनेहीघाट में एसडीएम राम आसरे वर्मा ने पुलिस उपाधीक्षक जटाशंकर मिश्रा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी सहित भारी पुलिस बल के साथ क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

संभल में हुई घटना को लेकर प्रशासन पूरी तरह से एलर्ट है चप्पे चप्पे पर पुलिस प्रशासन नजर बनाए हुए है, प्रशासन लोगो से लगातार किसी भी तरह की अफवाह में ना आने की अपील कर रहा है साथी ही सुरक्षा का एहसास भी पुलिस प्रशासन लगातार करा रहा है। संभल में हुई घटना को लेकर सोमवार को तहसील व पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकालकर लोगो को सुरक्षा का एहसास कराया। सोमवार को रामसनेहीघाट एसडीएम राम आसरे वर्मा,पुलिस क्षेत्राधिकारी जटाशंकर



मिश्र,कोतवाल ओम प्रकाश तिवारी ने पुलिस बल के साथ तहसील मुख्यालय से फ्लैग मार्च निकाला जो कस्बा सुमेरगंज सहित अन्य स्थानों से होकर गुजरा, इस दौरान अधिकारियों ने लोगो से शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील करते हुए किसी भी तरह की अफवाह में न आने व किसी प्रकार की अफवाह ब फैलाने की बात कही। फ्लैगमार्च में मौजूद अधिकारियों ने लोगों को समझाते हुए बताया की कुछ कुछ शरारती तत्व अपने निजी फायदे के लिए ऐसे मौके का फायदा उठाने की फिराक में लगे रहते हैं इसलिए उनके हाथों की कठपुतली ना बने और देश की एकता और भाईचारा कायम रखें किसी के बहकावे में ना आए और किसी भी प्रकार की गलत गतिविधियों को देखने के बाद तुरंत पुलिस को सूचना दें ताकि समय रहते उस विवाद को निपटाया जा सके। फ्लैगमार्च के अधिकारियों ने लोगो को सुरक्षा का एहसास दिलाते हुए कहा कि कोई भी ऐसा कार्य न करे जिससे कि भाई चारे पर असर पड़े, पुलिस की नजर से कोई भी गलत कार्य कार्य करने वाला व्यक्ति बच नही सकता है इस लिए शांति व्यवस्था बनाये रखे। कोतवाल ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से रामसनेहीघाट में अधिकारियों की मौजूदगी में फ्लैग मार्च निकालकर लोगो को सुरक्षा का एहसास कराते हुए शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की गई है।

# बाल श्रम के खिलाफ चला अभियान, 3 प्रतिष्ठानों से 4 श्रमिक छुड़ाए गए



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। श्रम विभाग की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट,चाइल्ड हेल्पलाइन एवं संवाद एनजीओ की संयुक्त टीम ने सोमवार को शहर में बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया। इस दौरान 3 प्रतिष्ठानों से 04 बाल श्रमिकों को कार्य से मुक्त कराया गया । इस कार्रवाई के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी निर्देश पर बाल श्रमिकों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। इसके बाद उनको बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर परिजनों के सुपुर्द किया जायेगा। सेवा योजकों के विरुद्ध बाल श्रम उन्मूलन अधिनियन के अंतर्गत विधिक कार्यवाही अपनाई जायेगी। अभियान का नेतृत्व श्रम प्रवर्तन अधिकारी मोहन लाल यादव द्वारा किया गया।

# मिशन शक्ति फ़ेज- 5 के दृष्टिगत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति फ़ेज- 05 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण,दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर




(1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा *आपरेशन मजनू* के तहत महिला स्कूल/कालेजों के आस-पास तथा वल्नरेबल स्पॉट्स अवांछनीय तत्वों के सम्बन्ध में विशेष अभियान चलाकर बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया।

# सड़क पार कर रहे वृद्ध को डाक पार्सल गाड़ी ने रौंदा, मौत

बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। तेज रफ्तार डाक पार्सल गाड़ी ने सड़क पार कर रहे वृद्ध को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। दुर्घटना के संबंध में जानकारी देते हुए रामनगर थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि लखनऊ बहराइच मुख्य हाईवे मार्ग पर स्थित क्षत्रिय ढाबा के पास कटियारा गांव निवासी तुलसीराम पुत्र मथुरा प्रसाद (70 वर्ष) भोर में सड़क पार कर रहे थे। इस समय सामने से आ रहे तेज रफ्तार डाक पार्सल वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौत हो गई। दुर्घटना कारित करने वाले वाहन को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। साथ ही पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## करहल में मृतक युवती के परिजनों को मिलेगा न्याय: असीम अरुण

मैनपुरी। उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने सोमवार को कहा कि विधानसभा उपचुनाव में मतदान से ठीक पहले करहल में दलित युवती की हत्या समाजवादी पार्टी (सपा) के असमाजिक तत्वों ने की है मगर सरकार पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद करने के साथ न्याय भी दिलायेगी। करहल कस्बा के मोहल्ला जाटवान में असीम अरुण मृतक युवती के परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे। उन्होंने कहा कि सरकार परिजनों के आँसू पोंछने का काम करेगी और उन्हें पैरों पर खड़ा करेगी। सपा के लोगों की पुरानी आदत है,ऐसा कन्नौज और अयोध्या में भी देखा गया। उन्होंने कहा कि पुलिस अपना काम कर रही है। 20 नवबंर को मतदान वाले दिन युवती का शव मिला था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और डीएनए आदि सबूतों के आधार पर आरोपियों को फाँसी दिलाने का काम पुलिस करेगी। संभल की घटना पर उन्होंने कहा कि सपा के लोगों ने वहां भी कानून अपने हाथों में लिया। पुलिस ने तेजी से काम कर स्थिति को नियंत्रण में काम किया । दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा।

# परिषदीय विद्यालयों मे आयोजित हुआ नैट परीक्षा, बीएसए ने विद्यालय पहुंचकर जाना हाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत जनपद के परिषदीय विद्यालयों में नैट (निपुण एसेसमेंट टेस्ट) की प्रथम दिवस की परीक्षा शुचितापूर्वक ढंग से सम्पन्न हुई। 2150 विद्यालयों में सम्पन्न हुई परीक्षा के दौरान नामांकित 93936 बच्चों के सापेक्ष 89393 बच्चों ने परीक्षा दी। इस दौरान जनपद स्तरीय एवं विकास खण्ड स्तरीय अधिकारियों द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण किया गया।

जनपद के कुल 2624 परिषदीय विद्यालयों में नैट परीक्षा का आयोजन दिनांक 25 व 26 नवम्बर को प्रस्तावित है, जिसके क्रम में सोमवार को प्रथम दिवस कक्षा 1 से 3 के बच्चों की परीक्षा 2150 प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालयों में सम्पन्न हुई, इस दौरान 93936 नामांकित छात्र छात्राओं के सापेक्ष 89393 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी। सबसे कम विद्यार्थियों की उपस्थिति विकास खण्ड पूरेडलई में 90.21 प्रतिशत रही, वहीं सर्वाधिक



उपस्थिति विकास खण्ड देवा में 98.78 रही। कक्षा 4 से 8 के विद्यार्थियों की नैट परीक्षा 26 नवम्बर को समस्त परिषदीय विद्यालयों में प्रस्तावित है।

नैट परीक्षा के प्रथम दिवस सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार देव पाण्डेय ने रामनगर विकास खण्ड के बिन्दौरा पड़ाव सहित 5 विद्यालयों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अन्य विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय एवं विकास खण्ड स्तरीय अधिकारियों द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, एसआरजी व एआरपी द्वारा भी 10-10 विद्यालयों का निरीक्षण किया गया।परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन एवं शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण हेतु प्रत्येक विकासखण्ड में तथा जनपद स्तर पर कन्ट्रोल रूम बनाया गया, जिसमें आई समस्याओं का टेक्निकल टीम द्वारा निस्तारण कराया गया। जनपद स्तरीय कन्ट्रोल रूम में विनीता मिश्रा जिला समन्वयक प्रशिक्षण,पुनीत कुमार श्रीवास्तव जिला समन्वयक एमआईएस,पंकज कुमार वर्मा इंचार्ज एमआईएस आदि मौजूद रहे।

# करोड़ों खर्च के बावजूद के.डी सिंह बाबू स्टेडियम से नहीं निकला कोई होनहार

## निजी क्रिकेट कोचिंग का युवा कर रहा नाम रौशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय की देखरेख में स्थापित एवं संचालित केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सरकार हर साल करोड़ों खर्च करती है। यहां सुविधाओं की कोई कमी नहीं है, इसके बावजूद जिले से किसी खेल में कोई स्टेट या नेशनल खिलाड़ी नहीं निकल पाया। इसके विपरीत पीएसी खेल मैदान में किराए पर लेकर क्रिकेट अकादमी चलाने वाले सरवर नवाब की बचपन से कोचिंग प्राप्त करने वाला व क्रिकेट खिलाड़ी विपरज निगम यूपी टीम का प्रतिनिधित्व रजनी ट्रॉफी में कर रहा है और इससे पूर्व वह सी के नायडू ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्ठ20 ट्रॉफी में भी यूपी का प्रतिनिधित्व अपनी बेहतरीन लीग स्पिन की बदौलत कर चुका है।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में फील्ड लाइट स्थापित करने के बाद वहां रात में खेल शुरू करने के मकसद से डीएम सत्येंद्र कुमार के निर्देश पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन बाराबंकी ने एक सीमित और नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जिसका उद्घाटन डीएम सत्येंद्र कुमार और एसपी दिनेश कुमार सिंह ने शनिवार की शाम किया।

इस मौके पर डीएम सत्येंद्र कुमार ने अपने संबोधन में इस बात का मलाल किया था कि आज तक उन्हें बाराबंकी का कोई क्रिकेट खिलाड़ी ना तो रंजी ट्रॉफी खेलते हुए दिखा और ना ही आईपीएल में उसकी नुमाइंदगी की हो सकी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे संगठन के जॉइंट सेक्रेटरी अंकुर माथुर ने डीएम को अस्वस्थ कराया कि जल्द ही वह बाराबंकी के क्रिकेट खिलाड़ी को रंजी ट्रॉफी खेलते हुए देखेंगे और वह उस खिलाड़ी को वह जहां कहीं भी तैनात होंगे लेकर आएंगे। लेकिन उनकी जुबान से यह शब्द नहीं निकल सके कि बाराबंकी का एक क्रिकेट खिलाड़ी इस समय प्रदेश की टीम में रंजी खेल रहा है और आईपीएल की नीलामी में उसकी भी खरीदारी संभव है। वह खिलाड़ी विपरज निगम है जो शहर के मोहल्ला लखपेड़ा बाग का रहने वाला है और 8 साल की उम्र से क्रिकेट कोच सरवर नवाब से क्रिकेट की कोचिंग फायदा उठाकर पहले अंडर 16, फिर अंडर-19 ,उसके बाद अंडर 23 मुकाबलो में उत्तर प्रदेश की नुमाइंदगी कर चुका है और इस समय वह रंजी ट्रॉफी में प्रदेश की टीम की नुमाइंदगी कर रहा है। इससे पूर्व वह सी के नायडू ट्रॉफी में खेलते हुए पहले ही टूर्नामेंट में 35 विकेट से लेकर सेलेक्टरों को अपनी तरफ प्रभावित कर चुका है।

### निजी क्रिकेट कोचिंग का जलवा

सरवर नवाब केडी सिंह बाबू स्टेडियम में पूर्व में क्रिकेट की कोचिंग दिया करते थे। मगर 2019 में स्टेडियम में डायरेक्टरेट से क्रिकेट कोच की तैनाती मयंक द्विवेदी के तौर पर होने के बाद सरवर नवाब ने पीएसी खेल मैदान में वहां के प्रशासन से बाकायदा इजाजत लेकर शुरू कर दी। आज उनके पास 50 ट्रेनी खिलाड़ी हैं। वह यूथ क्रिकेट क्लब के नाम से लखनऊ क्रिकेट एसोसिएशन से रजिस्टर्ड क्लब के तौर पर अपनी पहचान पूरे प्रदेशीय खेल की दुनिया में रखता है। सरवर नवाब को इस बात का अफसोस है कि जब से उन्होंने स्टेडियम छोड़ा है एक भी क्रिकेट खिलाड़ी ऐसा नहीं निकला जो नेशनल स्तर से किसी टूर्नामेंट में अपनी नुमाइंदगी कर पाता, वरना इससे पूर्व इसी स्टेडियम से जब वह बच्चों को कोच करते थे विनायक निगम नाम के एक क्रिकेट खिलाड़ी ने अंडर 16 टूर्नामेंट में यूपी की नुमाइंदगी की और इससे पूर्व 2005 में आशुतोष नाम का एक क्रिकेट खिलाड़ी भी इन्हीं की कोचिंग से इसी स्टेडियम से निकलकर अंडर 15 खेला।

### ...और एमडीएम देख बोली एसडीएम पूजा

# गुणवत्ता और सफाई का विशेष ध्यान रखें जिम्मेदार!

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। बच्चों के लिए बनने वाला मध्यम भोजन मीनू के अनुरूप हो साथ ही खाने की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए किसी भी स्थित में बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उक्त बात प्रभारी खंड विकास अधिकारी एसडीएम सुश्री पूजा गुप्ता ने विकास खंड सिद्धौर के प्राथमिक विद्यालय हाजीपुर श्यामनगर एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान कही इस दौरान उन्होंने बच्चों से पठन पाठक के बारे में भी बातचीत की । गौरतलब है कि एसडीएम पूजा आज नैट की परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्रों के औचक निरीक्षण पर टीबी दौरान उन्होंने स्कूलों में बच्चों के लिए एमडीएम योजना के तहत बनने वाले भोजन का भी निरीक्षण किया इस दौरान वो



बच्चों के लिए बनने वाले भोजन में मीनू, गुणवत्ता और सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए उनके स्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा ।
सुश्री पूजा गुप्ता
एसडीएम / प्रभारी बीडीओ
विकास खंड सिद्धौर बाराबंकी

स्वयं रसोई घर में गई उन्होंने साफ सफाई देखी मीनू देखा शिक्षको को उचित दिशा निर्देश दिए।

### वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व सांसद डा.पीएल पुनिया ओबरी स्थित आवास पर की पत्रकारवार्ता

# संभल की घटना योगी सरकार पर बदनुमा दाग है : डा.पीएल पुनिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। संभल की घटना योगी सरकार के माथे पर बदनुमा दाग है। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से साबित हो गया है कि, प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है और उत्तर प्रदेश सरकार आम जनता विशेषकर कमजोर वर्गों की सुरक्षा करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। इस सरकार में बैठे लोगों ने इस घटना को अंजाम देने का काम किया ह। जब एक बार सर्वे हो चुका था तो दोबारा सर्वे की क्या जरूरत थी। विगत लोकसभा के चुनाव में राहुल जी की अगुवाई में जो इण्डिया गठबन्धन की विजय मुहिम की शुरूआत हुई थी उससे भाजपा को एहसास हुआ कि, अब हमारा खेल खत्म हुआ इसलिए संभल जैसी सुनियोजित घटना का अंजाम भाजपा के लोग कर रहे है। प्रदेश की आवाम को ऐसी ताकतों से अलग हो जाना चाहिए। उक्त प्रक्रिया पूर्व सांसद डा. पीएल पुनिया ने सोमवार को अपने ओबरी आवास पर



संभल जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों से रूबरू होते हुये व्यक्त की। पत्रकार वार्ता में सांसद पुनिया के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटो वाला व पार्टी प्रवक्ता सरजू शर्मा मुख्य रूप से मौजूद थे।

पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुये पूर्व सांसद डा.पीएल पुनिया ने कहा कि, भारत देश विभिन्न जाती धर्म और सम्प्रदायों का देश है। और यहां का संविधान सबको बराबरी का अधिकार देता है लेकिन भाजपा के जन-प्रतिनिधि शपथ लेकर कि सब के साथ बिना भेद-भाव के न्याय और विकास करेंगे अपनी शपथ का अपमान कर रहे है। जिस देश के प्रधानमंत्री का नारा एक हैं तो सेफ हैं और जिस प्रदेश के मुख्यमंत्री का नारा बटोगे तो कटोगे हो तो, उस देश और प्रदेश में आम जनता के साथ न्याय कैसे होगा। भाजपा कहती है कि, बाबा साहब के संविधान से देश चलेगा लेकिन हकीकत में भाजपा की कार्यशैली संविधान के खिलॉफ है संविधान के सबसे बड़े दुश्मन भाजपाई है।

ये संविधान बदलने की चाल में काफी हद तक कामयाबी हासिल कर चुकें हैं। संविधान में आरक्षण व्यवस्था है और भाजपाई कहते हैं कि, आरक्षण को नहीं खत्म करेंगे लेकिन सरकारी उपक्रमों में जहां आरक्षण की व्यवस्था लागू है जब उसे ही प्राइवेट सेक्टर को दे देंगे तो आरक्षण स्वतः खत्म हो जायेगा। ऐसे ही कई मामले करके भाजपा संविधान को खोखला करने का काम कर रही है। पूर्व सांसद डा.पुनिया ने कहा कि,भाजपा सरकार में बैठे लोगों का एजेंडा है कि, समाज को टुकड़ों में बांट दें इसलिए वो तरह तरह के हथकण्डे कर रही है। संभल की दुर्भाग्यपूर्ण घटना भी राज्य सरकार के इशारे पर प्रदेश में हुये उपचुनाव में भाजपा के हथकण्डों की चर्चा न हो इसलिए कराई गयी एक सुनियोजित साजिश है। सरकार में बैठे लोग समस्या पैदा कर रहे हैं। ऐसे नाजुक समय में कंग्रेस पार्टी शोषित और पीड़ित परिवारों के साथ है। और अपनी पूरी कोशिश से संविधान की रक्षा करते हुये समाज को बांटने का काम करने वाली हर ताकत से डट कर मुकाबला करने के लिये हमेशा सजग और तत्पर्य रहेगी।

# पर्थ टेस्ट में भारतीय टीम की ऐतिहासिक जीत, ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हराया

एजेंसी

पर्थ। भारतीय क्रिकेट टीम ने पर्थ में खेले जा रहे पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया को 295 रनों से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। 534 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही ऑस्ट्रेलियाई टीम चौथे दिन 238 रनों पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी पारी में ट्रैविस हेड ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेलते हुए 89 रन बनाए। उनके अलावा मिचेल मॉर्श ने 47 और एलेक्स कैरी ने 36 रन बनाए। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम पहली पारी में केवल 150 (या उससे कम) स्कोर करने के बावजूद बड़े अंतर से जीतने वाली केवल दूसरी टीम बन गई है। इससे पहले 1991 में ब्रिजटाउन टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेस्टइंडीज ने 343 रनों से जीत हासिल की थी, जहां उन्होंने अपनी पहली पारी में केवल 149 रन बनाए थे। कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द मैच रहे, जिन्होंने आठ विकेट लिए, जिसमें पहली पारी में लिए गए महत्वपूर्ण पांच विकेट भी शामिल थे। भारतीय टीम ने पहली पारी में 150 रन बनाए थे। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 104 रन पर सिमट गई थी। भारत को दूसरी पारी में 46 रन की बढ़त मिली थी। दूसरी पारी में भारत ने 6 विकेट के नुकसान पर 487 रन बनाकर पारी घोषित कर दी है। इस लिहाज से भारतीय टीम की कुल बढ़त 533 रन की हुई और ऑस्ट्रेलिया को 534 रन का लक्ष्य मिला। 534 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत खराब रही और केवल 17 रनों के स्कोर पर नाथन मेकस्विनी (00), पैट कमिंस (02), मार्नश लाबुशेन (03) और उस्मान ख्वाजा (04) पवेलियन लौट गए। यहां से स्टीव स्मिथ और ट्रैविस हेड ने पांचवे विकेट के लिए 62 रनों की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया के मैच में वापसी दिलाने की कोशिश की। हालांकि 79 के कुल स्कोर पर मोहम्मद सिराज ने स्मिथ को विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराकर उनकी कोशिशों पर पानी फ़ेर दिया। स्मिथ ने 17 रन बनाए। दूसरी तरफ से शानदार बल्लेबाजी कर रहे हेड ने इसके बाद अपना अर्धशतक पूरा किया। हेड को मॉर्श का अच्छा साथ मिला और दोनों ने छठे विकेट के लिए 82 रन जोड़े। 161 के कुल स्कोर पर जसप्रीत बुमराह ने हेड को पंत के हाथों कैच कराकर यह साझेदारी तोड़ी। हेड ने 101 गेंदों पर 89 रन बनाए। 182 के कुल स्कोर पर नीतीश रेड्डी ने मॉर्श को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका दिया। मॉर्श ने 47 रन बनाए। यहां से एलेक्स कैरी और मिचेल स्टॉर्क ने मिलकर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 225 के पार पहुंचाया। 227 के कुल स्कोर पर वाशिंगटन सुंदर ने स्टॉर्क (12) को आउट कर भारत को आठवीं सफलता दिलाई। इसी ओवर में सुंदर ने नाथन लियोन (00) को बोल्ड कर मैच में अपना दूसरा विकेट लिया। हर्षित राणा ने 238 के कुल स्कोर पर एलेक्स कैरी (36) को बोल्ड कर भारत को ऐतिहासिक जीत दिला दी। दूसरी पारी में भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने और मोहम्मद सिराज ने 3-3, वाशिंगटन सुंदर ने 2, नीतीश रेड्डी और हर्षित राणा ने 1-1 विकेट लिया। इससे पहले भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी 6 विकेट पर 487 रन बनाकर घोषित कर दी। दूसरी पारी में भारत के लिए यशस्वी जायसवाल ने 161 रनों की बेहतरी शतकीय पारी खेली। जायसवाल के अलावा विराट कोहली (100) ने भी नाबाद शतकीय पारी खेली, जो उनके करियर का 30वां टेस्ट शतक था। इन दोनों के अलावा केएल राहुल ने बेहतरीन अर्धशतक लगाते हुए 77 रन बनाए। वहीं वाशिंगटन सुंदर ने 29 और नीतीश रेड्डी ने 27 गेंदों पर 38 रनों की तेज नाबाद पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से नाथन लियोन ने 2, मिचेल स्टॉर्क, जोश हेजलवुड, पैट कमिंस और मिचेल मॉर्श ने 1-1 विकेट लिया। इससे पहले जसप्रीत बुमराह के नेतृत्व में तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 104 रनों पर समेट दिया। बुमराह ने 5 विकेट लिए। इसी के साथ पहली पारी के आधार पर भारत को 46 रनों की बढ़त मिली गई है। भारतीय टीम पहली पारी में केवल 150 रनों पर सिमट गई थी। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टॉर्क ने सर्वाधिक 26 रन बनाए। स्टॉर्क के अलावा एलेक्स कैरी ने 21, ट्रैविस हेड ने 11 और मेकस्विनी ने 10 रन बनाए। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने 5, हर्षित राणा ने 3 और मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट लिए। मैच में भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारतीय बल्लेबाजों ने एक बार फिर निराश किया और पूरी टीम केवल 150 रनों पर सिमट गई। भारत की तरफ से नीतीश रेड्डी ने सर्वाधिक 41 रन बनाए। नीतीश के अलावा ऋषभ पंत ने 37 और केएल राहुल ने 26 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से जोश हेजलवुड ने 4, मिचेल स्टॉर्क, पैट कमिंस और मिचेल मॉर्श ने 2-2 विकेट लिए।

**बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी**

**पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बनाई बढ़त**

**जसप्रीत बुमराह को मिला प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार**



## मुशफिकुर वेस्टइंडीज वनडे के लिए उपलब्ध नहीं, नजमुल का खेलना संदिग्ध


एजेंसी

नई दिल्ली। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अधिकारियों ने रविवार को कहा कि अनुभवी बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं हैं, जबकि कप्तान नजमुल हुसैन का खेलना भी संदिग्ध है। दोनों ही खिलाड़ी वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए थे, क्योंकि वे अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान लगी चोटों से उबर रहे हैं। यूएई में तीन मैचों की सीरीज के पहले मैच में अफगानिस्तान की पारी के अंत में, विकेटकीपिंग करते समय मुशफिकुर को बाएं हाथ की तर्जनी उंगली में चोट लग गई थी और मैच के बाद एक्स-रे में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई, जिसके कारण उन्हें चार से छह सप्ताह तक मैदान से बाहर रहना पड़ा। दूसरे वनडे में, नजमुल को फील्डिंग करते समय कमर में चोट लग गई और मैच के बाद उनका स्कैन किया गया, जिसमें पता चला कि उनके बाएं कमर में ग्रेड ऋकखिंचाव है। नतीजतन, वे वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हिस्सा नहीं ले सके। बीसीबी के एक अधिकारी ने क्रिकबज को बताया, जहां तक मुशफिकुर का सवाल है, मुझे नहीं लगता कि वह वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में खेल पाएंगे, क्योंकि उन्हें ठीक होने के लिए और समय चाहिए। उन्होंने कहा, हम अपनी टीम की घोषणा नहीं कर रहे हैं, क्योंकि हम अपने नियमित कप्तान नजमुल की प्रगति देख रहे हैं और यह देखने के लिए समय ले रहे हैं कि वह खेल पाते हैं या नहीं। उन्होंने कहा, हम उनके साथ कोई जोखिम नहीं ले सकते, क्योंकि यह कमर की चोट है और अगर वह वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे खेलने से इसे और नुकसान पहुंचाते हैं, तो उस स्थिति में उन्हें एक से डेढ़ महीने तक क्रिकेट से बाहर रहना पड़ सकता है।

## कोच गौतम गंभीर के साहसिक निर्णयों से भारतीय खिलाड़ियों में लौटा आत्मविश्वास

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत ने यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल और विराट कोहली की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया के सामने 534 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखकर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। तीसरे दिन का खेल टीम इंडिया के लिए शानदार रहा, जिसने महज 4.2 ओवर में तीन महत्वपूर्ण विकेट चटकाए और मेहमान टीम अब पांच मैचों की सीरीज में पहला मैच जीतने की ओर अग्रसर है। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में घरेलू सीरीज के बाद धैर्य और लचीलापन दिखाया है, और रविवार को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बढ़त हासिल की। ??कुछ दबाव में होने के बावजूद, भारतीय हेड कोच गौतम गंभीर ने सीरीज की तैयारी के दौरान अपने खिलाड़ियों का पूरा समर्थन किया है। विराट कोहली की बल्लेबाजी और सीरीज से पहले उनके फॉर्म पर सवाल उठाए जा रहे थे। हालांकि, गंभीर ने पूरे समय अनुभवी खिलाड़ी का साथ दिया और कोहली ने उन पर दिखाए गए भरोसे को सही साबित किया। उन्होंने अपने करियर का 30वां टेस्ट शतक जड़ा और भारत को ऑस्ट्रेलिया के सामने एक बड़ा लक्ष्य रखने में मदद की। कोहली ने जैसे ही 143 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, भारत की पारी घोषित कर दी गई। इसके बाद बीसीसीआई द्वारा अपने सोशल मीडिया हैंडल पर जारी किए गए वीडियो में उन्हें पारी के बाद ड्रेसिंग रूम में अपने मुख्य कोच को गले लगाते हुए देखा गया। गंभीर ने बल्लेबाजी क्रम बदलने और केएल राहुल को जायसवाल के साथ ओपनिंग करने के लिए भेजने का फैसला भी कारगर साबित हुआ। दोनों ने 383 रनों में 201 रनों की साझेदारी की और ऑस्ट्रेलिया में भारत के लिए सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी का रिकॉर्ड बनाया। केएल राहुल ने अपनी भूमिका निभाई और क्रीज पर डटे रहे, जिससे पारी की शुरुआत से ही लय बनी रही, जबकि जायसवाल ने भी अपना शतक पूरा किया। गंभीर पर सीरीज से पहले हर्षित राणा और नितीश रेड्डी को मौका देने पर भी सवाल उठाए गए थे, लेकिन मैदान पर उनके प्रदर्शन से उन सवालों के भी जवाब मिल गए हैं। हर्षित ने दूसरी पारी में तीन विकेट लिए और अपने डेब्यू मैच में ही सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। दूसरी ओर, नितीश ने दोनों पारियों में बल्ले से अपनी पकड़ बनाए रखी। उन्होंने सिर्फ 27 गेंदों में 38 रन की पारी खेली और भारत को 500 रन के पार ले जाने में मदद की। पहले टेस्ट में दो दिन बचे हैं और भारत सीरीज में शुरुआती बढ़त लेने के लिए तैयार है। न्यूजीलैंड के हाथों घरेलू धरती पर लगातार तीन हार झेलने के बाद, गंभीर की अगुआई वाली भारत ने फिर से कहानी बदलने और टेस्ट प्रारूप में अपना दबदबा बनाए रखने के लिए बहुत ताकत और दृढ़ संकल्प दिखाया है।



## पर्थ टेस्ट में मिली जीत के बाद डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर पहुंचा भारत, ऑस्ट्रेलिया दूसरे स्थान पर


नई दिल्ली। भारत ने पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में खेले गए बार्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को 295 रनों से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त ले ली है। यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली के शतकों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया के सामने 534 रनों का विशाल लक्ष्य रखने के बाद, जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाली भारत ने खेल पर पूरी तरह नियंत्रण बना लिया और ऑस्ट्रेलिया के मजबूत बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करते हुए उन्हें 238 रनों पर ढेर कर श्रृंखला में बढ़त हासिल कर ली। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के बाद, भारत 61.11 प्रतिशत अंकों के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) स्टैंडिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया, जबकि ऑस्ट्रेलिया 57.69 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गया।

## पेटीएम ने यूपीआई लाइट के लिए स्वचालित टॉप-अप सुविधा की शुरुआत की

**यूजर्स पहले से तय यूपीआई लाइट बैलेंस को ऑटो-मैटिक रूप से कर सकेंगे रिचार्ज**

एजेंसी

नई दिल्ली। देश में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफ़ेस (यूपीआई) की बढ़ती मांग और इस्तेमाल के बीच डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म पेटीएम ने यूपीआई लाइट ऑटो टॉप-अप फीचर लॉन्च किया है। इस नए फीचर्स के जरिए यूजर्स बिना पिन के भी यूपीआई पेमेंट का लाभ उठा सकेंगे। पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसिएल) ने सोमवार को 'एक्स' पोस्ट पर दी जानकारी में बताया कि नई सुविधा की मदद से पेटीएम यूपीआई लाइट का इस्तेमाल करने वाले ग्राहक अब पहले से तय यूपीआई लाइट बैलेंस को ऑटो-मैटिक रूप से रिचार्ज कर सकेंगे और बिना पिन के 500 रुपये तक के छोटे अमाउंट वाले पेमेंट निर्बाध्य रूप से कर सकेंगे जबकि पेटीएम यूपीआई लाइट की डेली पेमेंट लिमिट 2000 रुपये है। कंपनी के मुताबिक पेटीएम यूपीआई लाइट के जरिए अब ग्राहक ग्रॉसरी स्टोर पर भुगतान, ट्रांसपोर्ट के लिए पेमेंट और छोटे बिल पेमेंट के लिए बिना पिन के भी ट्रांजेक्शन कर सकते हैं। इसके अलावा नए फीचर के जरिए पेटीएम यूपीआई लाइट यूजर्स अपने अकाउंट में एक लिमिट भी सेट कर सकते हैं, जिसके कम होने पर आपका पेटीएम अकाउंट ऑटोमेटिकली रिचार्ज हो जाएगा। ऐसे बिना पिन के आपके अकाउंट में पैसे आ जाएंगे। उल्लेखनीय है कि पेटीएम यूपीआई लाइट ऑटो टॉप-अप सुविधा चुनिंदा उपयोगकर्ताओं के लिए यस बैंक और एक्सिस बैंक उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध है। यूपीआई लाइट बैलेंस के पूर्व निर्धारित सीमा से कम होने पर स्वचालित रूप से रिचार्ज हो जाता है। रिजर्व बैंक के जारी दिशा-निर्देश के अनुसार जल्द ही सभी उपयोगकर्ताओं और शेष भागीदार बैंकों तक इसका विस्तार किया जाएगा।




## किशन को खरीदना हमारे लिए बड़ा करार लेकिन नटराजन की भरपाई नहीं को सकती: विटोरी

एजेंसी

जेद्दा। सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी आईपीएल की बड़ी नीलामी के पहले दिन इशान किशन को अपने साथ जोड़कर सबसे ज्यादा उत्साहित थे लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि टी नटराजन का दिल्ली कैपिटल्स के पास जाना उनके लिए नुकसान था। मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले किशन को रविवार को सनराइजर्स ने 11 करोड़ 25 लाख रुपये में खरीदा। बाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए यह साल उतार-चढ़ाव भरा रहा। उन्होंने घरेलू क्रिकेट खेलने के बोर्ड के आदेश की अवहेलना करने के कारण भारतीय टीम में अपनी जगह के साथ-साथ भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) का केंद्रीय अनुबंध भी खो दिया। हालांकि उनकी रणजी ट्रॉफी में वापसी हुई है। सनराइजर्स ने नीलामी के पहले दिन तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी (10 करोड़ रुपये) और हर्षल पटेल (आठ करोड़ रुपये) सहित आठ खिलाड़ियों को खरीदा। हालांकि वे टी नटराजन को वापस नहीं खरीद पाए और विटोरी ने कहा कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के नुकसान की भरपाई कोई नहीं कर सकता। नीलामी से पहले सनराइजर्स ने कप्तान पैट कमिंस, ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा, हेनरिक क्लासेन और नितीश रेड्डी सहित पांच खिलाड़ियों को रिटेन किया था। विटोरी ने मीडिया से बात करते हुए कहा, ''नट्टू (नटराजन) के जाने की भरपाई कोई नहीं कर सकता (मुस्कुराते हुए)। हर टीम इससे गुजरती है, चाहे आप खिलाड़ियों को जल्दी से जल्दी खोजने की कोशिश करें और मौकों पर झपटें या फिर आप आखिरी मौके का इंतजार करें। नटराजन को दिल्ली कैपिटल्स ने 10.75 करोड़ रुपये में खरीदा। विटोरी ने कहा, ''हमने आज मौका मिलने पर उसे अपने पक्ष में करने का फैसला किया और मोहम्मद शमी उनमें से एक थे और फिर हर्षल पटेल, वे दो ऐसे खिलाड़ी थे जिनके बारे में हमने सोचा भी नहीं था कि वे इन कीमतों (कम कीमत) पर बिकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### कप्तान रोहित ने पर्थ पहुंचने के बाद नेट अभ्यास किया, कैनबरा में दो दिवसीय मैच खेलेंगे

**पर्थ।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा पर्थ पहुंचने के बाद तुरंत नेट पर अभ्यास करने पहुंचे जबकि कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह की अगुआई वाली टीम इंडिया धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से शुरुआती टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत की ओर बढ़ रही है। अपने बेटे के जन्म के कारण रोहित पितृत्व अवकाश के बाद रविवार शाम को पर्थ पहुंचे। उन्हें सोमवार को लंच सत्र के दौरान नेट में बल्लेबाजी करते देखा गया जहां उन्होंने रिजर्व तेज गेंदबाजों नवदीप सैनी, यश दयाल और मुकेश कुमार का सामना किया। भारतीय टीम 30 नवंबर से शुरू होने वाले दो दिवसीय अभ्यास मैच के लिए बुधवार को कैनबरा जाएगी। इस अभ्यास मैच को प्रथम श्रेणी का दर्ज़ा प्राप्त नहीं है। हालांकि यह मैच महत्वपूर्ण होगा क्योंकि यह गुलाबी गेंद से होने वाला दिन-रात्रि का मुकाबला है जो छह दिसंबर से एडीलेड में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट की तैयारी के लिए अहम होगा। रोहित के कैनबरा में इस मैच में खेलने की उम्मीद है क्योंकि एडीलेड में गुलाबी कूकाबूरा गेंद बल्लेबाजों के लिए एक अलग तरह की चुनौती पेश करती है, विशेषकर गोधूलि के समय जब गेंद सामान्य से अधिक घूमती है।

### दिग्गज हॉकी खिलाड़ी अशोक कुमार को दिल का दौरा पड़ा, एंजियोप्लास्टी होगी

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व हॉकी खिलाड़ी और महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के बेटे अशोक कुमार को सीने में तकलीफ के कारण यहां अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उन्हें दिल का दौरा पड़ा लेकिन अब उनकी हालत स्थिर है और वह खतरे से बाहर हैं। उनके परिवार के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अशोक कुमार (74 वर्ष) की सोमवार को एंजियोप्लास्टी होगी। परिवार के सूत्रों ने बताया, उन्हें (अशोक कुमार को) कल (रविवार) शाम सीने में तकलीफ महसूस हुई। इसके बाद उन्हें एस्कॉर्ट्स अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी एंजियोग्राफी की गई। एंजियोग्राफी के नतीजों से पता चला कि कुछ ब्लॉकेज हैं। डॉक्टर आज स्टेंट लगाएंगे। उन्होंने कहा, वह खतरे से बाहर हैं और उनकी हालत स्थिर है। गेंद पर अपने नियंत्रण के लिए पहचाने जाने वाले इनसाइड-राइट खेलने वाले पूर्व खिलाड़ी अशोक अजीत पाल सिंह के नेतृत्व में 1975 का विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। वह 1972 के म्यूनिख ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के भी सदस्य थे। उन्हें 1974 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया और 1975 में उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ विजयी गोल करके भारत को विश्व कप में एकमात्र खिताबी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। अशोक को इस साल की शुरुआत में हॉकी इंडिया मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। उनकी अन्य उपलब्धियों में दो और विश्व कप पदक (1971 बार्सीलोना में कांस्य और 1973 एम्सटर्डम में रजत) के अलावा एशिया खेलों में तीन रजत पदक (1970 बैंकॉक, 1974 तेहरान और 1978 बैंकॉक) शामिल हैं।

### सिकंदराबाद में कल से शुरु होगी सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप

**सिकंदराबाद।** तेलंगाना में मंगलवार से शुरु हो रही 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में देशभर की 28 टीमें स्पर्धा करेंगी। तेलंगाना में दक्षिण मध्य रेलवे खेल परिसर, आरआरसी ग्राउंड, रेल निलयम में होने वाली चैंपियनशिप में इस बार भाग ले रही 28 टीमों को आठ पूल में बांटा गया। पहले चार पूल में तीन-तीन टीमें होंगी। अगले चार टीमों के पूल में चार-चार टीमें रखी गई है। चैंपियनशिप छह दिसंबर तक चलेगी। क्वार्टर फाइनल तीन दिसंबर से शुरू होगा। सेमीफाइनल 5 दिसंबर को और उसके बाद तीसरे/चौथे स्थान के लिए मैच खेला जायेगा और छह दिसंबर को फाइनल होगा। पूल ए में दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव, हरियाणा और मणिपुर शामिल हैं। पूल बी में छत्तीसगढ़, झारखंड और तेलंगाना हैं, जबकि पूल सी में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा, हिमाचल और यूनिट ऑफ तमिलनाडु शामिल हैं। पूल डी में राजस्थान, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। अगले चार पूल में चार-चार टीमें हैं। पूल ई में अरुणाचल, चंडीगढ़, मिजोरम और केरल शामिल हैं। पूल एफ में दिल्ली, बिहार, जम्मू और कश्मीर और कर्नाटक हैं। अंत में, पूल जी में असम, गुजरात, महाराष्ट्र और पंजाब शामिल हैं, जबकि पूल एच में आंध्र प्रदेश, बंगाल, मध्य प्रदेश और ले पुडुचेरी शामिल हैं। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच घरेलू टीम तेलंगाना और झारखंड के बीच खेला जाएगा।

## मुंबई तथा अन्य शहरों में सीएनजी की कीमत में दो रुपये की बढ़ोत्तरी, दिल्ली को राहत

एजेंसी

नयी दिल्ली। मुंबई के साथ-साथ देश के कई अन्य शहरों में सीएनजी की कीमत में दो रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई है, लेकिन चुनावी राज्य दिल्ली में उपभोक्ताओं को फिलहाल इससे छूट दी गई। राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों में सीएनजी और खाना पकाने के लिए घरों में पाइप के जरिये प्राकृतिक गैस पहुंचाने वाली कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने सप्ताहांत में सीएनजी की कीमत में दो रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और अन्य शहरों में सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी की गई, लेकिन दिल्ली को इससे छूट दी गई है, जहां कुछ ही महीने में चुनाव होने वाले हैं। एमजीएल की वेबसाइट के अनुसार, चुनाव समाप्त होने के साथ ही मुंबई में गैस की खुदरा बिक्री करने वाली महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) ने मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में सीएनजी की कीमतों में दो रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी कर दी है। एमजीएल और अदाणी टोटल गैस लिमिटेड जैसे अन्य सिटी गैस रिटेलर्स ने कच्चे माल की लागत में 20 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद पिछले दो महीनों से खुदरा कीमतों को यथावत रखा था। मुंबई में विधानसभा चुनाव समाप्त होते ही एमजीएल ने 23 नवंबर से सीएनजी की कीमतें दो रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाकर 77 रुपये कर दी। शहन में सीएनजी की खुदरा बिक्री करने वाले अन्य ने भी इसकी कीमतें बढ़ा दी हैं। आईजीएल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में सीएनजी की दरें 75.09 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित बनी हुई हैं, जबकि नोएडा, ग्रेटर नोएडा तथा गाजियाबाद में कीमतें दो रुपये प्रति किलोग्राम बढ़कर 81.70 रुपये और गुरुग्राम में 82.12 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई हैं।

## सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट फीकी पड़ी सोने और चांदी की चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में आज मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 79,780 रुपये से लेकर 79,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 73,140 रुपये से लेकर 72,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। सोने की तरह आज चांदी के भाव में भी कमजोरी आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 91,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 79,780 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,630 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,680 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,040 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 79,630 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 79,630 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 79,780 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 79,680 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 73,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 79,780 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी गिरावट आने के कारण आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 79,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।



# मतदाता, संविधान, विश्व समुदाय की आशा पर खरे उतरें सांसद : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद के शीतकालीन सत्र के शुरू होने से पहले विपक्ष से जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने तथा विश्व समुदाय की आशाओं पर खरा उतरने का आह्वान करते हुए अपील की कि उनके व्यवहार से मतदाता, लोकतंत्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, संविधान के प्रति उनका समर्पण और संसदीय प्रक्रियाओं में उनके विश्वास की सार्थक अनुगूंज बाहर जानी चाहिए।

श्री मोदी ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा ह्ल शीतकालीन सत्र है और माहौल भी शीत ही रहेगा। 2024 का यह अंतिम कालखंड चल रहा है, देश उमंग और उत्साह के साथ 2025 के स्वागत की तैयारी में भी लगा हुआ है। संसद का ये सत्र अनेक प्रकार से विशेष है। सबसे बड़ी बात है कि हमारे संविधान की यात्रा का 75वें साल में प्रवेश अपने आप में लोकतंत्र के लिए एक बहुत ही उज्जवल अवसर है। जैसे-जैसे 2024 करीब आ रहा है, देश जोश और उत्साह से भर गया है और बेसब्री से 2025 का स्वागत करने की तैयारी कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह संसदीय सत्र कई मायनों में खास है, जिसमें सबसे अहम पहलू हमारे संविधान की 75वीं वर्षगांठ है। यह हमारे लोकतंत्र के लिए एक गौरवशाली मील का पत्थर है। कल संविधान सदन में सब मिलकर संविधान के 75वें वर्ष के उत्सव की शुरुआत करेंगे।



उन्होंने कहा संविधान निर्माताओं ने संविधान का निर्माण करते समय एक एक बिंदु पर बहुत विस्तार से बहस की है और तब जाकर ऐसा उत्तम दस्तावेज हमें प्राप्त हुआ है। हमारे संविधान की महत्वपूर्ण इकाई हैं - संसद और हमारे सांसद। संसद में स्वस्थ बहस होनी चाहिए और चर्चाओं में अधिकतम और उचित भागीदारी होनी चाहिए। लेकिन,दुर्भाग्य से कुछ लोग अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए संसद को भी मुट्ठीभर लोगों की हुड़दंगबाजी से संसद को कंट्रोल करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। हालांकि उनकी रणनीति अंततः विफल हो जाती है, जनता उनके व्यवहार पर बारीकी से नज़र रखती है और समय आने पर सज़ा भी देती है। उन्होंने कहा कि समस्या नये सांसदों के लिये हो रही है उनके अधिकारों को कुछ लोग दबोच लेते हैं। लोकतंत्र में हमारा कर्तव्य है कि हम आने वाली पीढ़ियों को तैयार करें। ले?किन 80 से 90 बार जनता द्वारा नकार दिये गये लोग जनता की आकांक्षाओं पर चर्चा नहीं होने दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा मैं बार-बार विपक्ष के साथियों से आग्रह करता रहा हूं और कुछ विपक्षी साथी भी चाहते हैं कि सदन में सुचारू रूप से काम हो। लेकिन जिनको जनता ने लगातार नकारा है, वे अपने साथियों की बात को भी नकार देते हैं और उनकी एवं लोकतंत्र की भावनाओं का अनादर करते हैं। उन्होंने कहा कि आज विश्व भारत की तरफ बहुत आशा भरी नजर से देख रहा है।

इसलिए हमें संसद के समय का उपयोग वैश्विक स्तर पर भी भारत के बढ़े हुए सम्मान बल प्रदान करने में करना चाहिए। हमें संसद में समय का उपयोग भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा और प्रतिष्ठा को और बढ़ाने के लिए करना चाहिए। श्री मोदी ने कहा ऐसे अवसर, जो आज हमें मिले हैं, विश्व मंच पर भारत के लिए दुर्लभ हैं और हमें इनका भरपूर लाभ उठाना चाहिए। भारत की संसद से यह संदेश निकलना चाहिए कि देश के मतदाता, लोकतंत्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, संविधान के प्रति उनका समर्पण और संसदीय प्रक्रियाओं में उनका विश्वास सार्थक है और हमें इस अवसर पर आगे आना चाहिए।

# संभल के दंगाइयों पर रासुका लगाकर की जाए नुकसान की भरपाई : विहिप

एजेंसी

नयी दिल्ली। विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने उत्तर प्रदेश के संभल में मुस्लिम कट्टरपंथियों द्वारा पुलिस पर पथराव, गोलीबारी और आगजनी किये जाने की कड़ी निंदा की है और मांग की है कि दंगाइयों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगा कर नुकसान की भरपाई की जाए।

विहिप के संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेंद्र जैन ने संभल की घटनाओं को 'घोर निंदनीय' बताया और कहा कि मुस्लिम नेताओं, मौलाना तथा राहुल गांधी समेत अनेक समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेताओं ने जिस प्रकार इस हिंसा का समर्थन किया है, वह भी चिंताजनक है। ऐसा लगता है यह हिंसा इन नेताओं के भड़काऊ बयान बाजियों और मौलानाओं के इशारे पर ही भड़काई गई है। डॉ जैन ने कट्टरपंथी मुस्लिम नेताओं और सपा-कांग्रेस के नेताओं को चेतावनी देते हुए कहा, ये लोग ऐसी आग से न खेलें जो अनियंत्रित होकर उनके घरों को भी जला सकती हो। उन्होंने मांग की कि दंगाइयों और उनके पैरोकारों पर रासुका लगा अविलंब गिरफ्तारी हो तथा उनसे सारे नुकसान की भरपाई भी की जाए। उन्होंने कहा कि इतिहास साक्षी है कि जिन भी नेताओं ने इस प्रकार की अंधी हिंसा को भड़काया है, वह अंततोगत्वा उसी के शिकार भी बने हैं। हिंसा न तो मुस्लिम समाज के हक में है, ना ही इन नेताओं के।

डॉ जैन ने कहा कि हरिहर मंदिर को तोड़कर बनाई गई जामा मस्जिद के सर्वेक्षण का आदेश न्यायपालिका के द्वारा दिया गया था। प्रशासन केवल न्यायपालिका के आदेश का पालन कर रहा था। यदि किसी को आपत्ति थी तो उनके पास बड़ी अदालत में जाकर इसके क्रियान्वन को रोकने का विकल्प था। पत्थर फेंक कर, आग लगाकर, पुलिस पर गोलियां चलाकर अदालत के आदेश को क्रियान्वित होने से रोकने की असफल कोशिश करने में कौन सी समझदारी है? हमारी न्यायपालिका तो याकूब मेमन जैसे आतंकी को रात तीन बजे भी अपना पक्ष रखने का मौका देती है। क्या सपा-कंग्रेस के नेताओं और भड़काऊ मौलाना को देश की न्यायपालिका और संविधान पर कोई भरोसा नहीं है? विदेशी आक्रांताओं के अत्याचारों के अवशेषों के प्रति उनको किसी भी प्रकार का मोह नहीं रखना चाहिए। इससे यह लगता है कि वे उन मुस्लिम आक्रमणकारियों को ही अपना आदर्श मानते हैं। इस मानसिकता से वे अपने प्रति संपूर्ण देश का अविश्वास ही निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विहिप इन नेताओं और मुस्लिम कट्टरपंथियों को चेतावनी देती है कि हिंसा का मार्ग उनके लिए पतन का मार्ग होगा। अब वह जोर जबरदस्ती करके अपनी नाजायज मांगों को नहीं मनवा सकते। देश की सरकारें और देशभक्त समाज इनके आगे समर्पण नहीं करेगा और इनकी गलत मांगों को स्वीकार नहीं करेगा। उन्हें हिंसा की जगह संवाद का मार्ग अपनाना चाहिए। हर मुद्दे का समाधान संवाद और न्यायपालिका के माध्यम से हो सकता है, सड़कों पर नहीं। ऐसी हिंसा उन्हें जिस रास्ते पर ले जा रही है ,वह उनके लिए भी आत्महत्या के समान है।

# संसद में हंगामे के लिए भाजपा ने विपक्ष की आलोचना की

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को विपक्षी पार्टियों की आलोचना करते हुए कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और कुछ राज्यों में हुए उपचुनावों में मिली हार की 'हताशा' में संसद की कार्यवाही को बाधित करना विपक्षी दलों के सदस्यों के लिए सही नहीं है।

संसद के शीतकालीन सत्र की सोमवार को हंगामेदार शुरुआत हुई। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष ने अदाणी समूह के खिलाफ अमेरिकी अभियोजकों के रिश्वतखोरी के आरोपों तथा उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा के मुद्दे को उठाने का प्रयास करते हुए हंगामा किया, जिसके कारण दोनों सदनों की कार्यवाही एक-एक बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गयी। विपक्ष के हंगामे के कारण दोनों ही सदनों में शून्यकाल एवं प्रश्नकाल नहीं हो पाए। वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा, ''यदि आप अपनी हार (हाल ही में संपन्न महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और विभिन्न राज्यों में हुए उपचुनाव) से हताश हैं तो क्या आप संसद नहीं चलने देगे और पलटवार करेंगे? यह सही नहीं है।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सरकार के अन्य नेता इस बात पर जोर दे चुके हैं कि संसद में हर मुद्दे पर चर्चा होगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''आप (विपक्ष) संभल मुद्दे पर भी चर्चा कर सकते थे।'' केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सदन की कार्यवाही स्थगित किए जाने को लेकर विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि वे 'जानबूझकर' व्यवधान पैदा कर रहे हैं क्योंकि वे नहीं चाहते कि संसद की कार्यवाही चले। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''यह एक तरह से लोगों पर हमला है।

# दुष्कर्म के दोषी को फांसी होनी चाहिए: शिवराज

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महिलाओं के विरुद्ध हिंसा पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि दुष्कर्म के दोषियों को फांसी की सजा दी जानी चाहिए।

श्री चौहान ने यहां लैंगिक हिंसा के विरुद्ध एक राष्ट्रीय अभियान, 'नई चेतना - पहल बदलाव की' के तीसरे संस्करण का शुभारंभ करने के अवसर आयोजित एक समारोह में कहा कि महिलाओं को हिंसा से बचाने के लिए सशक्त करना होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में इस संबंध में जागरुकता पैदा करने की आवश्यकता है। लैंगिक हिंसा खत्म करने की दिशा में सरकार के सामूहिक प्रयास के इस कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी शिरकत की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की कई योजनाओं और कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि दुष्कर्मियों को फांसी देने की मांग पर कई लोग मानवधिकारों के हनन की बात करने लगते हैं, लेकिन दूसरों के अधिकारों का हनन करने वाले लोगों का कोई मानवाधिकार नहीं होता है। उन्होंने महिलाओं से एक रहने का आह्वान करते हुए कहा कि दुष्कर्म के दोषी को फांसी देने की मांग पर सभी को एक रहना चाहिए। एक माह तक चलने वाले इस अभियान का आयोजन ग्रामीण विकास मंत्रालय के तत्वावधान में दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन कर रहा है । यह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 23 दिसंबर तक चलेगा। इसमें नौ मंत्रालय और विभाग भाग लेंगे। इनमें महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, गृह मंत्रालय, पंचायती राज मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, युवा मामले और खेल मंत्रालय, सूचना और प्रसारण मंत्रालय और न्याय विभाग शामिल हैं। नई चेतना अभियान का उद्देश्य जमीनी स्तर की पहल के माध्यम से लैंगिक हिंसा के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना और लक्षित कार्रवाई को बढ़ावा देना है।

अपनी स्थापना के बाद से, नई चेतना ने देश भर में लाखों लोगों को संगठित किया है, जिससे लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण के लिए एक महत्वपूर्ण आंदोलन को बढ़ावा मिला है। पहला संस्करण 3.5 करोड़ लोगों तक पहुंचा था। दूसरे संस्करण में 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 5.5 करोड़ प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके तहत देश भर में लिंग आधारित हिंसा पर नौ लाख से अधिक जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। नई चेतना के उद्देश्यों में लिंग आधारित हिंसा के सभी रूपों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, हिंसा के खिलाफ समुदायों को आवाज उठाने और कार्रवाई की मांग करने के लिए प्रोत्साहित करना, समय पर सहायता के लिए समर्थन प्रणालियों तक पहुँच प्रदान करना और स्थानीय संस्थाओं को निर्णायक रूप से कार्य करने के लिए सशक्त बनाना शामिल है। अभियान का नारा, एक साथ, एक आवाज़, हिंसा के खिलाफ़ है ।

## संविधान दिवस समारोह को प्रधानमंत्री नहीं करेंगे संबोधित, विपक्ष वास्तविकता जाने बोल रहा: रीजीजू

नयी दिल्ली। संविधान अंगीकार किए जाने के 75 साल पूरे होने पर आयोजित समारोह से पहले केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने सोमवार को स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस कार्यक्रम को संबोधित नहीं करेंगे। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि 'कुछ विपक्षी दल' वास्तविकता को जाने बिना प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं।

'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस' यानी विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के नेताओं द्वारा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर संविधान दिवस समारोह के दौरान दोनों सदनों के विपक्ष के नेता को कार्यक्रम को संबोधित करने की अनुमति दिए जाने की मांग उठाई थी। इस बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में संसदीय कार्य मंत्री ने उक्त टिप्पणी की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संविधान को अंगीकार किए जाने के 75 साल पूरे होने के अवसर पर 26 नवंबर को पुराने संसद भवन परिसर के केंद्रीय कक्ष में समारोह का नेतृत्व करेंगी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी समारोह में हिस्सा लेंगे। केंद्रीय संस्कृति सचिव अरुणिश चावला के प्रस्तुतिकरण के बाद रीजीजू और केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल एवं गजेंद्र सिंह शेखावत ने नेशनल मीडिया सेंटर में संवाददाताओं से बातचीत की।

रीजीजू ने कहा, ''कुछ विपक्षी दलों के साथ समस्या यह है कि वास्तविक व्यवस्था को जाने बिना, उन्होंने प्रतिक्रियाएं देनी शुरू कर दीं। प्रधानमंत्री कल समारोह को संबोधित भी नहीं कर रहे हैं। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और लोकसभा अध्यक्ष इसे संबोधित करेंगे।

उन्होंने कहा, ''दूसरी बात, हमने मंच पर लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष के नेता के बैठने की व्यवस्था की है। बिना कुछ जाने इस गंभीर मौके पर इस तरह की प्रतिक्रिया निंदनीय है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि संविधान दिवस समारोह राजनीति से ऊपर है और देश का उत्सव है।

उन्होंने कहा, ''भारत के संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर हमें संसद परिसर में होने वाले समारोहों में हिस्सा लेने का अवसर मिल रहा है। कल राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा। दोनों सदनों के सदस्यों की संयुक्त बैठक होगी। यह दिल्ली में भारत के संविधान को अपनाने के 75 साल पूरे होने का जश्न होगा। और देश के विभिन्न हिस्सों में कई अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। रीजीजू ने कहा, ''हम उसी कक्ष में बैठेंगे जहां संविधान सभा की बैठकें हुईं और संविधान को अंगीकार किया गया।

# पेज एक का शेष

### संभल हिंसाः तमंचे...

पर पथराव करने की कोशिश की थी, जिनकी पहचान सीसीटीवी फुटेज से की जा रही है। पुलिस ने इस तरह की हरकत करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का फैसला लिया है। कमिश्नर ने यह भी स्पष्ट किया कि हिंसा में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन पर रासूका तक लगाया जाएगा। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार, मृतकों की मौत देशी बंदूक से हुई है। पुलिस जांच कर रही है कि इस हिंसा के पीछे किसका हाथ था। कमिश्नर ने आश्वासन दिया कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पूरी तैयारी की गई है और भविष्य में ऐसी कोई घटना नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने हिंसा में युवाओं के शामिल होने पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह उकसावे के बाद मौके पर पहुंचे। मुरादाबाद मंडलायुक्त अंजनेय कुमार सिंह ने कहा कि फिलहाल स्थिति शांत है। उन्होंने बताया कि हिंसा के मामले में जांच जारी है और कई एफआईआर दर्ज की गई हैं। मंडलायुक्त ने कहा, ''सपा सांसद जिआउर्रहमान बर्क और स्थानीय विधायक के बेटे पर भीड़ को उकसाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। हिंसा में घायलों का इलाज चल रहा है। उन्होंने सख्त कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि अगर जरूरत पड़ी, तो दोषियों पर एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) भी लगाया जाएगा। प्रशासन ने हालात को नियंत्रण में रखने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। संभल के एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि पुलिस ने उपद्रवियों को काबू करने के लिए पहले आंसू गैस के गोले छोड़े और जब भीड़ नियंत्रित नहीं हुई तो रबर बुलेट चलाई गईं। उपद्रवियों ने पुलिस पर देशी हथियार से फायरिंग की। इसी फायरिंग में तीन लोगों की मौत हुई है। एसपी ने बताया कि जहां-जहां उपद्रवियों ने बवाल किया है वहां की सीसीटीवी फुटेज चेक कराई जा रही है।

### बेअंत हत्याकांड...

आदेश पर रोक लगा दी थी। श्री मेहता ने 18 नवंबर को भी शीर्ष अदालत के समक्ष कहा था कि उसके इस आदेश (राष्ट्रपति के समक्ष दो सप्ताह में विचार करने के का अनुरोध) को प्रभावी नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि इस मामले में संवेदनशीलता शामिल है। उन्होंने अदालत से कहा था कि संबंधित दस्तावेज केंद्रीय गृह मंत्रालय के पास है, न कि राष्ट्रपति कार्यालय के पास। शीर्ष अदालत ने 4 नवंबर को राजोआना की अंतरिम राहत पर विचार करने से इनकार कर दिया। राजोआना ने अपनी दया याचिका पर निर्णय लेने में अत्यधिक देरी के कारण अपनी सजा में कमी की गुहार लगाई गई थी। उसके वकील ने तब दलील दी थी कि यह एक चौंकाने वाला मामला है, क्योंकि याचिकाकर्ता करीब 29 साल से हिरासत में बंद है और कभी भी जेल से बाहर नहीं आया।उन्होंने कहा था कि यह संविधान के अनुच्छेद 21 का पूर्ण उल्लंघन है, क्योंकि उसकी दया याचिका 12 साल से विचाराधीन है। शीर्ष अदालत ने 3 मई, 2023 को भी 1995 में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के मामले में दया याचिका पर फैसला करने में 10 साल से अधिक की अत्यधिक देरी के कारण राजोआना की मौत की सजा को कम करने की याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें कहा गया था कि ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर फैसला लेना कार्यपालिका का अधिकार क्षेत्र है। वर्ष 1995 में 31 अगस्त को एक बम विस्फोट में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह सहित 16 अन्य लोगों की जान चली गई थी और एक दर्जन अन्य घायल हो गए थे। याचिकाकर्ता राजोआना को 27 जनवरी 1996 को गिरफ्तार किया गया था। निचली अदालत ने 27 जुलाई, 2007 को याचिकाकर्ता के साथ सह-आरोपी जगतार सिंह हवारा, गुरमीत सिंह, लखविंदर सिंह, शमशेर सिंह और नसीब सिंह को दोषी ठहराया था। निचली अदालत ने याचिकाकर्ता के साथ सह-आरोपी जगतार सिंह हवारा को मौत की सजा सुनाई और उच्च न्यायालय ने 10 दिसंबर, 2010 को याचिकाकर्ता की दोषसिद्धि और सजा की पुष्टि की हालांकि इसने जगतार सिंह की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया।

### निवेश को बढ़ावा...

अनुपात में की गई प्रगति के आधार पर किया जाएगा। इसका उद्देश्य जिलों में आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देना, निवेश बढ़ाना, और बैंकिंग सेवाओं के माध्यम से वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ करना है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि, जिलाधिकारियों और मंडलायुक्तों की वार्षिक कार्य मूल्यांकन रिपोर्ट में निवेश आकर्षण और सीडी रेश्यो वृद्धि के साथ साथ निवेशकों की सुरक्षा, सुविधाएं और सहूलियतों को ध्यान में रखते हुए किये गये प्रयासों का भी मूल्यांकन होगा, जिससे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही उद्यमियों के लिए समयबद्ध तरीके से लैंड अलॉटमेंट, लैंड सब्सिडी, लैंड यूज चेंज, लैंड क्लियरेंस समेत लैंड बैंक को तैयार कर उसकी मॉनीटरिंग और रेगुलर अपडेशन किये जाने का भी मूल्यांकन किया जाएगा। यह व्यवस्था सुनिश्चित करेगी कि जिलों में निवेश लाने और उसे प्रोत्साहित करने के लिए अधिकारी अपनी भूमिका को जिम्मेदारी से निभाएं। उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने जिलों में निवेश को मापने और बढ़ावा देने के लिए क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात को प्राथमिकता दी है। यह नीति न केवल आर्थिक विकास को गति प्रदान करेगी, बल्कि सरकारी अधिकारियों के कार्यप्रणाली में जवाबदेही और पारदर्शिता भी सुनिश्चित करेगी। सरकार का यह कदम राज्य के समग्र विकास और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात बैंकों द्वारा जिलों में दिए गए ऋण और उनके द्वारा जमा की गई धनराशि का अनुपात है। यह आर्थिक गतिविधियों के स्तर और वित्तीय संसाधनों के उपयोग का एक प्रमुख संकेतक है। मुख्य सचिव के अनुसार, राज्य सरकार वर्तमान वित्तीय वर्ष के अंत तक 65 प्रतिशत के सीडी रेशियो के लक्ष्य को तय करके आगे बढ़ रही है। इस रेशियो का बढ़ना राज्य में आर्थिक स्थिरता और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण का संकेत है। बता दें कि, योगी सरकार द्वारा सभी क्षेत्रों सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे उद्योगों को प्रदेश में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में अपार संभावनाओं एवं निवेश-अनुकूल सुरक्षित वातावरण के कारण वैश्विक स्तर की कंपनियाँ निवेश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश को एक आधार के रूप में देख रही हैं। वैश्विक निवेश उपक्रम और सामर्थ्यपूर्ण प्रयास उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होंगे।

### मिल्कीपुर उपचुनाव...

प्रकाशित करने का आदेश दिया था। गैजेट प्रकाशित होने की सूचना देने के बाद अदालत ने याचिका वापसी के प्रार्थनापत्र को मंजूरी दे दी।

### पार्टनरशिप पर...

कर्मचारियों के सभी हित सुरक्षित रखे जाएंगे। पेंशन सहित सभी देय हित लाभ समय से मिले यह सुनिश्चित किया जाएगा। संविदा कर्मियों के हितों का भी ध्यान रखने की बात कही गई। अधिकारियों का मत था कि विद्युत क्षेत्र में मांग को देखते हुए मैनपावर की और जरूरत पड़ेगी। सविंदा कर्मियों का हित सुरक्षित रहे और कार्य के माहौल में सुधार किया जाए। बैठक मेंयह सुझाव आया कि जहां घाटा ज्यादा है और सभी कोशिशों के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा है, उन्हीं क्षेत्रों में इस व्यवस्था को लागू किया जाए। छापेमारी और कार्यवाहियों से भी नहीं सुधरे हालात यूपीपीसीएल चेयरमैन डा. आशीष कुमार गोयल की अध्यक्षता में शक्तिभवन में आयोजित बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा की गई। जिसमें बिजली कंपनियों के निदेशकों तथा कुछ मुख्य अभियंताओं ने कहा कि राजस्व वसूली, लाइन हानियां कम करने तथा थ्रू-रेट आदि बढ़ाने के हर सम्भव प्रयास के तहत बड़ी संख्या में अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्यवाही की गई, निलंबन की कार्यवाहियां भी हुईं। विजिलेंस का उपयोग कर छापे डाले गए, कनेक्शन काटे गए तथा एफआईआर की गई। इसके बावजूद बिजली कंपनियों की वित्तीय स्थिति में सुधार नहीं हुआ। कहा गया कि इस क्षेत्र में यदि कोई बड़ा निर्णय नहीं लिया गया तो परिस्थितियों में सुधार संभव नहीं है। अधिकारियों ने यह भी सुझाव दिया कि ओडिशा में लागू टाटा पावर के माडल का अध्ययन किया जाए। बैठक में प्रदेश के सभी वितरण निगमों के प्रबंध निदेशक, निदेशक तथा मुख्य अभियंता मौजूद रहे। समीक्षा में कहा गया कि जितनी बिजली खरीदी जा रही है, उतनी धनराशि की वसूली भी नहीं हो रही है। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन व अन्य कंपनियों का घाटा 1.10 लाख करोड़ के पार चला गया है। इस साल पावर कारपोरेशन को 46130 करोड़ रुपये राज्य सरकार से सहयोग की जरूरत पड़ी है। अगले वर्ष करीब 50 से 55 हजार करोड़ रुपये तथा उसके आगे के वर्षों में 60-65 हजार करोड़ रुपये सहयोग की जरूरत होगी। प्रदेश सरकार कब तक यह सहयोग करती रहेगी।

### विकसित राष्ट्र के लिये ...

कहा कि राजर्षि की 175वीं वर्षगांठ के कारण यह वर्ष उदय प्रताप कॉलेज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। राजर्षि उदय प्रताप सिंह भिनगा स्टेट (श्रावस्ती) के राजा थे, लेकिन विद्या का केंद्र होने के कारण उन्होंने काशी को ही सबसे उपयुक्त माना। 1909 में यूपी कॉलेज और 1916 में मदन मोहन मालवीय द्वारा काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। इन संस्थानों ने देश व समाज के लिए बहुत कुछ किया। योगी ने कहा कि जीवन में कार्य की सुगमता हो। उन्होंने आह्वान किया कि व्यवस्था ऑनलाइन व सरलीकरण होने चाहिए। किसी भी शिक्षण संस्थान को मान्यता के लिए मोटे पोथे की बजाय एक पेज का कागज भरकर एफिडेविट लगा देना चाहिए। उदय प्रताप कॉलेज के पास क्षमता है कि ऑटोनमस सेंटर-कैंपस बने। इस संस्था ने चेतनारायण सिंह जैसे अच्छे शिक्षक भी दिए हैं। यह संस्था निजी विश्वविद्यालय के रूप में भी आवेदन करता है तो किसी भी शिक्षक की सेवा पर विपरीत असर नहीं पड़ेगा। नए पाठ्यक्रम के साथ खुद को जोड़कर कैंपस को बढ़ाने का अवसर प्राप्त होगा। आप सेंटर ऑफ एक्सीलेंस दे पाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि काल का चक्र बड़ा विचित्र होता है, वह किसी का इंतजार नहीं करता। जो उस प्रवाह के साथ चल पड़ता है, वह आगे बढ़ता है और जो रूक जाता है, वह पिछड़ जाता है। योगी ने कहा कि टेक्नोलॉजी बहुत आगे बढ़ चुकी है। एक समय था, जब एक ऑर्टिकल बनाने में चार, छह, दस-20 घंटे लगते थे। आज चैट जीपीटी में जाकर तीन से चार मिनट में ढेर सारी सामग्री मिल जाएगी। यह ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सॉफ्टवेयर है। अपनी रूचि के अनुसार शब्दों का स्वरूप देकर इसे बढ़ा सकते हैं। सीएम ने बच्चों से कहा कि एआई, रोबोटिक, ड्रोन टेक्नोलॉजी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, एग्रीकल्चरल में जीन एडिटिंग तक पहुंच चुके हैं। भागिए मत, इससे समस्या का समाधान नहीं होने वाला है, बल्कि उसके अनुरूप तैयारी कीजिए। टेक्नोलॉजी, विज्ञान व नए ज्ञान से भागेंगे तो ठिकाना नहीं मिलेगा। उससे दस कदम आगे बढ़ने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विज्ञापन स्थायी रूप से पहचान नहीं बन सकते, बल्कि संस्था से निकला छात्र योग्य नागरिक बनकर पहचान दिलाएगा। सीएम ने कॉलेज प्रशासन से कहा कि लॉ के पांच वर्षीय कोर्स, शिक्षा संकाय में भी नए-नए सुधार कर आगे बढ़िए, रोबोटिक, ड्रोन टेक्नोलॉजी, एआई, चैट जीपीटी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, मेडिकल फील्ड में हो रहे नए कार्यों को लेकर कार्यक्रम बढ़ाइए। सीएम ने क्वालिटी पर जोर देते हुए कहा कि आज का समय उत्कृष्टता का है। हम दूसरों के पीछे न जाएं, बल्कि हमारे कार्यों से लोग हमें फॉलो करें। परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता। शॉर्टकट का रास्ता कभी मंजिल तक नहीं पहुंचा सकता। नियमों का पालन कीजिए। शासन के नियम, सुशासन की स्थापना और सर्वसमावेशी समाज के निर्माण के लिए होते हैं। उसका पालन कर रहे हैं तो कानून संरक्षण व सम्मान देगा।

### पौराणिक कथाओं से ...

को अनुमति दी जाए। जो भी वहां गया, अभिभूत था। यही दृश्य फर्रुखाबाद में भी था। योगी ने कहा कि सबकी अपनी-अपनी दृष्टि होती है, यह दृश्य हमारे लिए सनातन धर्म, लघु भारत का रूप और सामाजिक समता का प्रतीक है। सीएम ने कहा कि कौन कहता है कि हम आपस में बंटे हैं। कथा में सीएम योगी ने पूछा कि कहां है जातिवाद-संप्रदायवाद, उपासना विधि का विवाद। हम सब एक होकर पावन कथा के माध्यम से अपने राष्ट्रधर्म के निर्वाह के लिए धर्म योद्धा के रूप में अपने आप को समर्पित कर रहे हैं। यह कथा उसका उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। कथा के विहंगम दृश्य को देख सीएम ने कहा कि सतुआ बाबा ने ऐसे स्थल का चयन किया कि जहां बाबा विश्वनाथ, बाबा भैरवनाथ, मां गंगा व अन्नपूर्णा के दर्शन हो जाएं। यहां सिर्फ भक्त ही नहीं, बल्कि साक्षात देवाधिदेव बाबा विश्वनाथ, कालभैरव, मां गंगा व मां अन्नपूर्णा भी कथा सुन रही हैं। इतना विहंगम दृश्य, उन लोगों के लिए जवाब है, जो हमें जाति, क्षेत्र, भाषा आदि तमाम वादों के नाम पर बांटते हैं। इस कथा का विहंगम दृश्य उनकी आंखों को खोलने के लिए पर्याप्त है। उन्होने कहा कि जिस पवित्र पीठ को व्यास पीठ कहते हैं, वह वेदव्यास की पवित्र परंपरा है। भगवान वेदव्यास ने चारों वेदों का संग्रह करके आने वाली पीढ़ी को दिया। गुरु-शिष्य की परंपरा वेदों के संरक्षण के लिए कैसे बननी है। इसे भी भगवान वेदव्यास ने दिया। महाभारत जैसे एक लाख श्लोकों का महाप्रबंधन काव्य की टीम का नेतृत्व दिया। श्रीमद्भागवत महापुराण जैसा ज्ञान भक्ति व वैराग्य की अद्भुत त्रिवेणी यानी जीवन की सफलता का रहस्य जिसमें छिपा है, वह वेदव्यास ने दिया। पुराणों व उपपुराणों के रचना की शुरूआत की। भगवान वेदव्यास ने उस समय के सबसे बड़े राजवंश (कुरुवंश) को न केवल हर विपरीत परिस्थितयों में बचाया, बल्कि आठ-आठ पीढ़ियों का प्रत्यक्ष रूप से सार्थक निर्देशन व नेतृत्व, मार्गदर्शन किया। वे सदैव धर्म व न्याय के पथ पर चलते रहे। उसकी प्रेरणा देते रहे। उस समय स्थिति कितनी तनावपूर्ण व त्रासदीपूर्ण रही होगी कि जब भगवान वेदव्यास ने कहा कि मैं चिल्ला-चिल्लाकर बोल रहा हूं कि धर्म के मार्ग का अनुसरण करो। इससे ही अर्थ व कामनाओं की सिद्धि हो सकती है, लेकिन मेरी कोई सुनता नहीं है।

### सहकारिता भारत...

है कि सहकारिता से वैश्विक सहयोग को नई ऊर्जा मिल सकती है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के देशों को जिस प्रकार के विकास की जरूरत है उसमें सहकारिता मदद कर सकती है।

# पुष्कर धामी, रेखा आर्य ने एशियन चैंपियनशिप विजेता मनीषा चौहान से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और खेल मंत्री रेखा आर्य ने एशियाई चैंपियनशिप विजेता मनीषा चौहान से मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया है। हर की पौड़ी हरिद्वार की रहने वाली मनीषा चौहान ने बिहार के राजगीर में हुई एशियाई चैंपियनशिप में चीन को हराकर गोल्ड मेडल प्राप्त करके, राज्य का नाम रोशन किया है और उन्होंने भारतीय टीम में स्थान बनाया है। मनीषा ने बातचीत में कहा, बिहार में हुई एशियन चैंपियनशिप में उनकी टीम ने चीन को हराकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। यह हमारे लिए बहुत ही गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि वह अपने कोच को अपना आदर्श मानती हैं और महिला हॉकी टीम की स्टार खिलाड़ी वंदना कटारिया को भी वह एक मजबूत प्रेरणा के रूप में देखती हैं जिससे प्रेरित होकर उन्होंने हॉकी जैसे खेल को अपनाया और आज यह मुकाम हासिल किया। चौहान ने अपने कोच को अपना आदर्श बताते हुए कहा कि जैसा कि हर हॉकी खिलाड़ी का सपना होता है कि वह ओलंपिक में भाग ले और मेडल जीत कर लाए। उनका भी सपना है कि वह और उनकी टीम ओलंपिक में भाग लेकर मेडल जीत कर लाकर देश का नाम रोशन करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय टीम अगले ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन करके मेडल जीत कर लाएंगी। मनीषा ने प्रदेश सरकार की खेल नीति की प्रशंसा की और कहा की सरकार राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार के साथ-साथ नौकरियां भी दे रही है। इसके अलावा, यहां पर राष्ट्रीय खेल का आयोजन हो रहा है, इससे खिलाड़ियों को और अच्छा प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है। सरकार जहां खिलाड़ियों को नौकरियां देकर प्रोत्साहित कर रही है। चौहान ने कहा, किसी भी खिलाड़ी को अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत और खेल के प्रति पूरी तरह समर्पित होकर अभ्यास करना पड़ता है और किसी भी परिस्थिति में निराश नहीं होना है जब हम कड़ी मेहनत और लगन के साथ किसी भी खेल को खेलेंगे तो एक दिन लक्ष्य को जरुर हासिल करेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं खेल मंत्री रेखा आर्य से मुलाकात के बाद खिलाड़ी ने कहा, इस जब हमारे खेल और कार्य को प्रोत्साहन मिलता है तो उसे और अच्छा और बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है साथ ही नए खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलती है और उन्हें भी आगे बढ़ने के लिए उनका उत्साह वर्धन भी होता है।

# ऋषिकेश में सड़क हादसा, यूकेडी नेता त्रिवेंद्र पंवार सहित 3 की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून/ऋषिकेश। उत्तराखंड में ऋषिकेश कोतवाली अंतर्गत नटराज चौक के पास देर रात बेकाबू ट्रक ने वेंडिंग प्वाइंट के बाहर खड़े कई वाहनों को रौंद दिया। हादसे में राज्य आंदोलनकारी और उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) के पूर्व अध्यक्ष त्रिवेंद्र सिंह पंवार समेत तीन लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने त्रिवेंद्र पंवार के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। बताया गया है कि उत्तराखंड क्रांति दल के नेता त्रिवेंद्र सिंह पंवार (71), माजरी लालतप्पड़ निवासी गुरजीत सिंह (36) और जतिन पुत्र पवन सिंह उम्र (23) रिठाला रोहणी सैक्टर दिल्ली एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। इसी दरम्यान सीमेंट के कट्टों से लदा बेकाबू ट्रक वहां से गुजरा और वेंडिंग प्वाइंट के बाहर खड़े पांच से अधिक वाहनों को चपेट में लेते हुए त्रिवेंद्र सिंह पंवार, गुरजीत सिंह और जतिन को रौंद दिया। हादसा इतना भीषण था कि दूर तक वाहनों के टुकड़े फैल गए। घटनास्थल के पास घंटों तक अफरातफरी का माहौल रहा। सूचना मिलने पर पुलिस उपाधीक्षक ऋषिकेश संदीप नेगी घटनास्थल पर पुलिस जवानों के साथ पहुंचे। पुलिस ने पंवार समेत तीनों को अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने छिद्रवाला गुरजीत को मृत घोषित कर दिया, जबकि त्रिवेंद्र सिंह पंवार को ऋषिकेश एम्स रेफर कर दिया, जहां उनकी मौत हो गई। आज सुबह एम्स अस्पताल में उपचार के दौरान जतिन की भी मृत्यु हो गई। ऋषिकेश कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आरएस खोलिया ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया था जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# हिंदी सेवा के लिए डॉ. विनीत अग्निहोत्री सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। हिंदी सेवा समूह, हरिद्वार और अंतर्राष्ट्रीय पटल आयुष समृद्धि, कोलकाता के संयुक्त तत्वाधान में हुए साहित्यिक कार्यक्रम में काव्य पाठ व हिंदी साहित्य के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने पर चर्चा के साथ हिंदी सेवा के लिए प्रो. (डॉ.) विनीत अग्निहोत्री को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ० एन०पी० सिंह, अध्यक्ष सुभाष मलिक, डॉ० विनीत अग्निहोत्री तथा संचालक डॉ० अशोक गिरि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ० एन० पी० सिंह ने कहा कि साहित्य का निर्माण समाज के विकास के लिए होना चाहिए। अध्यक्ष सुभाष मलिक ने साहित्यकार के व्यक्तित्व को समाज के लिए मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि साहित्य समाज को दिशा देता है। संयोजक डॉ० विनीत अग्निहोत्री ने मातृभाषा और मातृभूमि की सेवा को ईश्वर पूजा के समान बताया। कार्यक्रम में डॉ. अर्चना वालिया, वैष्णवी झा व डॉ. सुशील त्यागी ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अशोक गिरि ने किया।

## रुद्रप्रयाग में पर्यटक अधिकारी और एसडीएम की त्वरित कार्रवाई से महिला का जीवन बचा

देहरादून/ रुद्रप्रयाग। एक संकट की घड़ी में प्रशासन की तत्परता और चिकित्सकों के कौशल ने एक महिला की जान बचा ली। केदारसभा के अध्यक्ष राजकुमार ने जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे को सूचित किया कि उनके क्षेत्र की एक महिला को दिल का दौरा (मायोकार्डियल इन्फेक्शन) पड़ा है और रुद्रप्रयाग के निजी चिकित्सालय में उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों ने महिला को एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही पर्यटन अधिकारी ने तुरंत जिलाधिकारी सौरभ गहरवार को अवगत कराया। उप जिलाधिकारी आशीष घिल्डियाल ने एम्स ऋषिकेश से संपर्क कर एक एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था की। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के चलते महिला को श्रीनगर हेलिपैड पर पहुंचाया गया, जहां से उसे एम्स ऋषिकेश ले जाया गया। चिकित्सकों ने महिला का सफलतापूर्वक उपचार किया और अब वह खतरे से बाहर है।

# महिला स्ट्रीट वेंडर्स ने की बैठक, स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर योजना लागू करने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। लघु व्यापार एसोसिएशन से जुड़ी महिला स्ट्रीट वेंडर्स ने संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर एक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की गयी कि राष्ट्रीय पथ विक्रेता संरक्षण अधिनियम, राष्ट्रीय आजीविका मिशन तथा प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर योजना को देश के सभी राज्यों के निकाय क्षेत्रों में 2027 तक लागू करने के आदेश पारित किए जाएं। बैठक में लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2014 में राष्ट्रीय पथ विक्रेता संरक्षण अधिनियम घोषित किया गया था। संविधान की धारा अनुच्छेद 19 ए के फुटपाथ पर कारोबार करने की अनुमति प्रदान करता है, लेकिन 10 वर्ष बीत जाने के उपरांत भी सभी नगर निगम इसे लागू नहीं कर सके हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश के पांच करोड़ रेडी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स लघु व्यापारियों की आजीविका का सम्मान करते हुए राष्ट्रीय फ़ेरी नीति नियमावली को देश के सभी राज्यो में लागू करने के लिए बड़े कदम उठाने होंगे। महिला पिंक वेंडिंग जोन की अध्यक्ष पूनम माखन ने कहा कि मां गंगा के घाटों पर बिंदी, चूड़ी, माल बेचने वाली महिला स्ट्रीट वेंडर्स को अलग से वेंडिंग जोन में व्यवस्थित किया जाए। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही देहरादून जाकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर उत्तराखंड नगरी फ़ेरी नीति नियमावली को पूरे प्रदेश में लक्ष्य पूर्ति के साथ लागू किए जाने की मांग की जाएगी। बैठक में सम्मिलित हुई महिलाओं में राधा मिश्रा, सुमन गुप्ता, आशा कश्यप, सुनीता चौहान, पुष्पा दास, तुलसी, संतोष देवी, गीता, सीमा, बबली, कलावती, जोली ,मधु, पूनम, शीला रावत, रेखा सैनी, कस्तूरी देवी, सुमित्रा देवी, नीतीश अग्रवाल, संतोष कुमार, वीरेंद्र पंडित, मनीष शर्मा आदि प्रमुख हैं।

## पंजाब में अपराध मॉड्यूल का भंडाफोड़, हथियारों सहित तीन गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब के एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने एसएएस नगर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में एक बड़ी सफलता हासिल की है। एजीटीएफ ने मंजीत महल द्वारा संचालित एक संगठित आपराधिक मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए उसके तीन गुर्गों को गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि मंजीत महल वर्तमान में तिहाड़ जेल में बंद है। उसके तीन गुर्गों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से 18 जिंदा कारतूस के साथ दो .30 कैलिबर पिस्तौल बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों का आपराधिक इतिहास है और उनके खिलाफ हरियाणा और दिल्ली में कई मामले दर्ज हैं।

आरोपियों से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि आरोपी अपने हैंडलर मंजीत महल के निर्देश पर राज्य में सनसनीखेज अपराध को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अचानक ट्रक में लगी आग, फ़ायर यूनिट ने पाया काबू

हरिद्वार। हरिद्वार के मंगलौर कोतवाली क्षेत्र में एक ट्रक में बीती देर रात अचानक आग लग गई। ट्रक चालक और परिचालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची दमकल कर्मियों की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और ट्रक में रखे लाखों रुपये का सामान को जलने से बचा लिया। लीडिंग फायरमैन गयूर अली के अनुसार बीती देर रात फायर यूनिट मंगलौर को सूचना मिली कि हरिद्वार-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर फ्लाईओवर के पास अब्दुल कलाम चौक पर एक ट्रक में आग लग गई। सूचना पर तत्काल दमकल विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची, फायर यूनिट द्वारा तत्काल मोटर फायर इंजन से ट्रक के केबिन में लगी आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आग डीजल टैंक की तरफ नहीं पहुंची नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। फायर यूनिट की सतर्कता और तत्काल कार्रवाई से डीजल टैंक और ट्रक में रखा लाखों रुपये का सामान जलने से बचा लिया गया। ट्रक स्वामी गुरमीत सिंह निवासी ऋषिकेश भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने फायर सर्विस की तत्काल कार्रवाई की भरपूर सराहना की।

# बनबसा सैन्य क्षेत्र में 28 नवंबर से 06 दिसम्बर तक होगी सेना भर्ती : कर्नल राहुल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




चम्पावत। बनबसा सैन्य परिसर में 28 नवंबर से 30 नवंबर 2024 तक धार्मिक शिक्षक (केंद्रीय श्रेणी) जूनियर कमीशन अफसर की भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी, जो मुख्यालय भर्ती क्षेत्र, लखनऊ के अंदर आने वाले उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के सभी जिलों के लिए है। यह जानकारी सेना भर्ती निर्देशक कर्नल राहुल मेलगे ने दी। उन्होंने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन सीईई परीक्षा की मेरिट सूची में जगह हासिल की है, वही अभ्यर्थी इस भर्ती में हिस्सा ले सकेंगे। इसके अलावा कुमाऊं मंडल के दो जिलों (पिथौरागढ़ और चम्पावत) को 01 दिसंबर से 06 दिसंबर तक अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर कार्यालय सहायक, अग्निवीर तकनीकी और अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वीं और 10वीं) के ऑनलाइन सीईई परीक्षा में मेरिट सूची में जगह बनाने वाले अभ्यर्थियों की भर्ती प्रक्रिया को भी अंजाम दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि बनबसा सैन्य क्षेत्र में धार्मिक शिक्षक (केंद्रीय श्रेणी) जूनियर कमीशन अफसर उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के सभी जिले और पिथौरागढ़ और चंपावत जिलों के अग्निवीर अभ्यर्थियों के लिए दौड़, शारीरिक फिटनेस और दस्तावेजों की जांच की कार्यवाही होगी। कर्नल मेलगे राहुल ने बताया कि भर्ती में प्रतिदिन 1000 से 1500 अभ्यर्थी दौड़ में भाग लेंगे। इस हेतु बनबसा सैन्य परिसर में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सेना भर्ती कार्यालय पिथौरागढ़ से मिली जानकारी के अनुसार पूरी भर्ती में कुल 3000 से 3500 ऑनलाइन सीईई शॉर्टलिस्ट किये गए अभ्यर्थियों की दौड़ की जा रही है। सेना भर्ती के लिए 10वीं की अंक तालिका, 12वीं की अंक तालिका, मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, एनसीसी प्रमाण पत्र, रिलेशन प्रमाण पत्र, राज्य एवं राष्ट्रीय खेल प्रमाण पत्र,अविवाहित प्रमाणपत्र, चरित्र प्रमाणपत्र, गजट प्रमाणपत्र, शपथ पत्र और पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लाना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि सभी अभ्यर्थियों को बल्क मैसेज द्वारा जानकारी रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर भेज दी गयी है। उन्होंने बताया कि सेना भर्ती हेतु जिलाधिकारी नवनीत पांडे द्वारा उप जिला मजिस्ट्रेट टनकपुर व चंपावत को नोडल अधिकारी नामित करते हुए भर्ती स्थल का संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए भर्ती रैली के दौरान अतिरिक्त राज्य परिवहन की बसें, पेयजल के लिए वॉटर टैंकर की व्यवस्था, सफाई कर्मियों की व्यवस्था, एंबुलेंस, बिजली और मेडिकल टीम को उपस्थित कराने के निर्देश दिए गए है।

# दीपम सेठ उत्तराखंड के नए पुलिस महानिदेशक नियुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड कैडर के वरिष्ठ आईपीएस दीपम सेठ को उत्तराखंड का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया है। इस संबंध में गृह सचिव ने आदेश जारी कर दिए हैं। दीपम सेठ वर्ष 1995 के बैच के अधिकारी हैं और वे आज ही केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे हैं। सोमवार को राज्य के गृह सचिव शैलेश बगौली ने आईपीएस अभिनव कुमार को राज्य के पुलिस महानिदेशक के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर आईपीएस दीपम सेठ को नया पुलिस महानिदेशक नियुक्त करने का आदेश जारी किया। राज्य के वरिष्ठ आईपीएस दीपम सेठ वर्ष 1995 बैच के अधिकारी हैं। संघ लोक सेवा आयोग की ओर पुलिस महानिदेशक पद के लिए भेजे गए पैनल में दीपम का नाम सबसे ऊपर था। दीपम सेठ वर्तमान में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) के पद पर कार्यरत थे और उन्हें रविवार को ही केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस उत्तराखंड के लिए रिलीव किया गया था।

## घर में लगी आग, चार बच्चों समेत सात झुलसे

फगवाड़ा। पंजाब के फगवाड़ा में चचोकी कॉलोनी के एक घर में रविवार को आग लगने की दुर्घटना में चार बच्चों समेत सात लोग झुलस गए। पुलिस और अस्पताल सूत्रों ने सोमवार को बताया आग अमित के किराये के कमरे में खाना बनाते समय जलता स्टोव सिलेंडर पर गिर जाने से लगी और इस तेजी से फैली कि उन्हें बचाव में कुछ का मौका नहीं मिला। आग से अमित, उनकी पत्नी अनुष्का और एक दो माह की बच्ची के साथ पड़ोसी बाबू की तीन नाबालिग बेटियाँ भी चपेट में आ गईं।घायलों को फगवाड़ा नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। दो गंभीर रूप से घायलों को जालंधर के अस्पताल में रेफर किया गया है।

# जिला अस्पताल रुद्रप्रयाग में चिकित्सकों की एक टीम ने महिला को दी नई जिंदगी


कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून/ रुद्रप्रयाग। जिला अस्पताल रुद्रप्रयाग में चिकित्सकों की एक टीम ने एक 24 वर्षीय महिला को नया जीवन दिया है। कार्नुअल एक्टोपिक प्रेग्नेंसी (सीईपी) नामक एक दुर्लभ स्थिति से पीड़ित इस महिला की हालत काफी गंभीर थी। एनेस्थेटिक डॉक्टर डॉ. निर्देश कुमार के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने एक जटिल ऑपरेशन कर महिला को बचा लिया। कार्नुअल एक्टोपिक प्रेग्नेंसी (सीईपी) से जूझ रही 24 वर्षीय एक महिला को कर्णप्रयाग अस्पताल से श्रीनगर बेस अस्पताल के लिए रेफर किया गया। डॉ. निर्देश एक मरीज को देखने जा रहे थे। उन्होंने एम्बुलेंस ड्राइवर एवं टेक्निकल स्टाफ से मरीज के बारे में पूछा तो उन्होंने स्थिति की गंभीरता बताते हुए अस्पताल से ऑक्सीजन जल्दी दिलाने में मदद मांगी। डॉ निर्देश ने ऑक्सीजन लेने के दौरान मरीज को वार्ड में रखने की सलाह देते हुए मरीज को अन्य अनिवार्य फ्लूड चढ़ाने की प्रक्रिया शुरू की। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सोनालिनी सिंह ने महिला को इलाज देने के लिए प्रेग्नेंसी एवं अन्य टेस्ट करवाए। महिला को दो यूनिट ब्लड चढ़ाने के बाद उनकी पल्स और बीपी कुछ सामान्य हुए। अल्ट्रासाउंड करने पर बच्चेदानी में बच्चे का कोई ट्रेस नहीं मिला तो डॉक्टरों ने कार्नुअल एक्टोपिक प्रेग्नेंसी (सीईपी) की संभावना देखते हुए महिला का ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। पैथोलॉजिस्ट डॉ. मनीष कुमार ने बताया कि उनकी धर्मपत्नी का ब्लड ग्रुप महिला से मैच करता है। उन्होंने अपनी पत्नी डॉ श्वेतांगी जखमोला को केस की जानकारी दी तो वह तुरंत रक्तदान करने पहुंची। रात 11 बजे बाद महिला का ऑपरेशन शुरू हुआ ऑपरेशन में कॉर्नुअल एक्टोपिक प्रेग्नेंसी (सीईपी) मिली कई जगह पर फैलोपियन ट्यूब रप्चर (क्षतिग्रस्त) भी पाई गई और पेट में खून भी भरा हुआ था। महिला का ऑपरेशन सफल रहा और अब वह खतरे से बाहर है। ऑपरेशन में जिन चिकित्सकों की महत्वपूर्ण रही उनमें एनेस्थेटिक डॉ. निर्देश कुमार के अलावा, डॉ. सोनालिनी सिंह तथा नर्सिंग अधिकारी छवि, अनुपम, आशा के अलावा रक्तदाता डॉ श्वेतांगी जखमोला का नाम शामिल है।

## जालंधर में इक्कीसवीं पशुधन गणना शुरु

जालंधर। पंजाब में जालंधर के अतिरिक्त जिला उपायुक्त (शहरी विकास) जसबीर सिंह ने सोमवार को 21वीं पशुधन गणना की शुरुआत करवाई। श्री सिंह ने कहा कि पशुधन गणना का उद्देश्य पशुओं की गिनती संबंधी सटीक आंकड़े प्राप्त करना है, जिसके आधार पर पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालकों के कल्याण के लिए नई नीतियां बनाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस गणना के दौरान घर-घर जाकर 16 विभिन्न नस्लों के मवेशियों और पोल्ट्री की गिनती की जाएगी। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र में पालतू स्वानों की गिनती के अलावा गौशालाओं और खानाबदोश कबीलों के पशुओं की अलग से गणना की जाएगी। अतिरिक्त जिला उपायुक्त ने कहा कि मोबाइल ऐप का उपयोग पशुधन की नस्लों और अन्य विशेषताओं सहित डेटा एकत्र करने के लिए मोबाइल एप का प्रयोग किया जाएगा और गणना का काम फरवरी 2025 तक पूरा किया जाना है। उन्होंने तहसील स्तर पर तैनात सीनियर वैटरनरी अधिकारियों को अपनी तहसील में गणना का काम पूरी निगरानी में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी पशुपालकों से अपील करते हुए कहा कि पशुधन गणना में नियुक्त गिनतीकारों को पूरा सहयोग दिया जाए ताकि पशुओं संबंधी सटीक आंकड़े प्राप्त किए जा सकें।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063